सुप्रभात
रांची, शनिवार
15.07.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र

khabarmantra.net श्रावण, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 05 12



चंद्रयान-3 सफल लांचिंग, सॉफ्ट लैंडिंग 23 अगस्त को



## खबर एक नजर में

### राज्यपाल से मिले सांसद सुनील सिंह



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को लोक सभा सांसद सुनील कुमार सिंह ने राज भवन में भेंट की। यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### 31 जुलाई को पेश होगा पहला अनुपूरक बजट



**रांची।** झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र 28 जुलाई से शुरू हो रहा है। चार अगस्त तक चलने वाले सत्र को लेकर विधानसभा सचिवालय की ओर से औपबंधिक कार्यक्रम जारी किया गया है। सत्र के पहले दिन 28 जुलाई को सदन में शोक प्रकाश लाया जायेगा। वहीं 29 और 30 जुलाई को सदन की कार्यवाही स्थगित रहेगी। जबकि 31 जुलाई को प्रश्नकाल होगा। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2023-24 का पहला अनुपूरक बजट भी पेश किया जायेगा। वहीं 1 अगस्त को अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद होगा। सत्र में 2, 3 और 4 अगस्त को प्रश्नकाल चलेंगे और सदन में विधेयकों रखे जायेंगे। वहीं 4 अगस्त को गैर सरकारी संकल्प भी सदन में लाये जायेंगे।

### अविनाश कुमार को कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश

**रांची।** हाईकोर्ट में सुजीत तिवारी की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किए जाने से नाराजगी जाहिर की। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि अगर विद्युत विभाग दो सप्ताह में कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं करता है, तो अगली सुनवाई के दौरान विभाग के सचिव अविनाश कुमार को कोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित होना पड़ेगा। सुजीत तिवारी की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस एन पाठक की अदालत में सुनवाई हुई। प्रार्थी ने स्विच बोर्ड ऑपरेटर के पद पर नियुक्ति के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। अब इस मामले के दो सप्ताह बाद सुनवाई होगी।

### झारखंड कैडर के चार आइपीएस सीबीआइ में

**रांची।** झारखंड कैडर के 4 आईपीएस अधिकारी अब सीबीआई में शामिल होंगे। जिन चार आईपीएस अधिकारी सीबीआई में जाएंगे उनमें 2002 बैच के साकेत कुमार सिंह, 2005 बैच के कुलदीप द्विवेदी, 2015 बैच के आर. रामकुमार और 2016 बैच के आईपीएस सौरभ शामिल हैं। इन आईपीएस में साकेत कुमार सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और सीआरपीएफ छत्तीसगढ़ के आईजी हैं। वहीं 2005 बैच के आईपीएस कुलदीप द्विवेदी बतौर डीआईजी आईटीबीपी, दिल्ली में तैनात हैं। वहीं आर रामकुमार लोहरदगा और सौरभ सिमडेगा के एसपी पद पर कार्यरत हैं।

### आइपीएस माइकल राज लौटेंगे झारखंड


**रांची।** झारखंड कैडर के वर्ष 2006 बैच के आइपीएस अधिकारी माइकल राज एस केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस झारखंड लौटेंगे। माइकल राज एस सीबीआई के रांची स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में डीआइजी थे। इस संबंध में सीबीआई द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि आईपीएस राज का केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति का कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्हें झारखंड कैडर में वापस कर दिया गया हैं। माइकल राज 31 जुलाई तक अवकाश पर हैं। उसके बाद वे अपने कैडर को ज्वाइन करेंगे।

### राजेंद्र प्रसाद आज संताल परगना जायेंगे



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद आज संताल परगना गोड्डा जिला में तेली समाज द्वारा आयोजित विचार संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके अलावा मूलवासी सदान मोर्चा द्वारा आयोजित सदानी झण्डा लगाओ अभियान कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। ज्ञात हो कि मूलवासी सदान मोर्चा द्वारा पूरे राज्य में सदानी झंडा लगाओ अधिकार बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। श्री प्रसाद संथाल परगना के अन्य कई जिलों में आयोजित कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

### हजारीबाग के 38 कैदियों की सजा से छूट मामले में हाइकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब



**रांची।** हजारीबाग के 38 कैदियों द्वारा सजा से छूट दिए जाने के आग्रह के स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का एक और मौका दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि कैदियों को सजा से छूट के मामले में अब तक क्या विचार किया गया है। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में भी सरकार को जवाब दायर करने को कहा था लेकिन सरकार की ओर से जवाब दायर नहीं हो सका था। अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। दरअसल, हजारीबाग के 38 कैदियों ने पत्र लिखकर चीफ जस्टिस से आग्रह किया था कि उन्हें समय पूर्व छोड़ने पर राज्य सरकार विचार करे और रेमिशन बोर्ड की बैठक में उनके मामले को रखा जाए, ताकि उन्हें अच्छे आचरण के लिए समय पूर्व जेल से रिहा किया जाए।

### दाहू यादव के पिता पशुपति यादव की जमानत याचिका पर हाइकोर्ट ने इडी से मांगा जवाब

**रांची।** साहिबगंज में एक हजार करोड़ की अवैध खनन घोटाले मामले में दाहू यादव के पिता पशुपति यादव की जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने इडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 24 जुलाई निर्धारित की है। जमानत याचिका में उनकी ओर से कहा गया है कि उन्हें इडी ने न तो उन्हें नोटिस किया और न ही समन जारी किया था। घर से रात के 11:00 बजे उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। वे दाहू यादव के पिता है, इसे देखते हुए इडी ने उन्हें गिरफ्तार किया है। इडी ने उनके खिलाफ ईसीआईआर 4/ 2022 दर्ज किया है। पशुपति यादव को ईडी ने 20 अप्रैल को साहिबगंज के वार्ड नंबर 2 स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सब्यसाची ने पैरवी की। दरअसल मामले में दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव अब तक फरार चल रहा है। बता दें कि इडी की टीम साहिबगंज में 1000 करोड़ से अधिक अवैध खनन घोटाले मामले में जांच कर रही है। इस अवैध खनन घोटाले मामले में पंकज मिश्रा और उसके सहयोगी बच्चू यादव को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। दाहू के बेटे राहुल और पिता पशुपति यादव के खिलाफ भी इडी ने अदालत से गैर जमानती वारंट लिया था। इडी ने इन्हें भी पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वे इडी के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहे थे।

### हाइकोर्ट में नेता प्रतिपक्ष मामले में विधानसभा सचिव से मांगा जवाब, अगली सुनवाई 25 को

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य की विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का मामला लंबित रहने पर विधानसभा सचिव से जवाब मांगा है. हाईकोर्ट ने पूछा है कि जब विपक्षी पार्टी द्वारा नेता प्रतिपक्ष के लिए किसी विधायक का नाम प्रस्तावित किया गया है तो क्या स्पीकर इस मामले का निर्णय सिर्फ इस आधार पर पेंडिंग रख सकते हैं कि उस विधायक के खिलाफ दलबदल का मामला चल रहा है? कोर्ट ने यह भी जानना चाहा है कि क्या हाईकोर्ट को यह शक्ति है कि वह विधानसभा के स्पीकर को नेता प्रतिपक्ष बनाने के लिए निर्देश दे सकता है? झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान इन दोनों बिंदुओं पर विधानसभा और सरकार से जवाब देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 25 जुलाई को मुकर्रर की गई है। दरअसल, झारखंड विधानसभा में प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष के लिए बाबूलाल मरांडी का नाम प्रस्तावित किया था लेकिन, उनके खिलाफ दलबदल की शिकायत के कारण स्पीकर ने उन्हें नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं दिया। हालांकि, स्पीकर के न्यायाधिकरण ने दलबदल से जुड़ी शिकायत पर सुनवाई पूरी कर ली है। लेकिन, फैसला सुरक्षित रखा है।

## आमलोगों तक पहुंचेगा राहुल गांधी का संदेश, केंद्र की जनविरोधी नीतियों का भी होगा विरोध

# झारखंड कांग्रेस कल से शुरू करेगी 'भारत जोड़ो की बात, आमजनों के साथ' कार्यक्रम

**तपस्वी की तरह राहुल गांधी ने देश की यात्रा कर भारत जोड़ने का काम किया : राजेश ठाकुर**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस अब राहुल गांधी की भारत जोड़ो का संदेश घर-घर पहुंचाएगी। इसकी शुरूआत 16 जुलाई से होगी और 5 सितम्बर शिक्षक दिवस के दिन प्रत्येक जिले में शिक्षकों को सम्मानित करने के साथ समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की सलाह पर इस नये अभियान का नाम **भारत जोड़ो की बात, आम जनों के साथ** रखा गया है। कार्यक्रम को लेकर पार्टी के सारे पदाधिकारी, मंत्री-विधायकों से कहा गया है कि सारे लोग अपने अपने क्षेत्र में जाकर लोगों से मिलें और भाजपा की जन विरोधी नीतियों को बताएं। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश खराब दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सोशल मीडिया पर भी शेयर किया जाएगा ताकि राहुल गांधी के संदेश को पूरा देश सुने। राजेश ठाकुर शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे। श्री ठाकुर ने कहा कि इस अभियान का एकमात्र उद्देश्य है कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक एक तपस्वी की तरह पूरे देश को जोड़ने की कवायद शुरू की थी, उसे हमें घर घर तक पहुंचाना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस अभियान के तहत जिले के कांग्रेस जन, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, शिक्षक एवं पत्रकार मित्र के घर बगैर किसी औपचारिकता एवं तामझाम के जाकर भारत जोड़ो यात्रा की बात रखेंगे एवं जिले से संबंधित जन मुद्दों पर बात करेंगे।

### राहुल गांधी की यात्रा देश की सबसे बड़ी पदयात्रा थी : आलमगीर

कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि इस अभियान के तहत सभी विधायकगण अपने-अपने जिले के साथ-साथ आस-पास के जिलों में जाकर भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ करेंगे। इस दौरान सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों पर भी चर्चा कर यह जानने का प्रयास करेंगे कि और कौने-कौने से जनमुद्दे हैं जो राज्य सरकार के अधीन होते हुए भी उसके कार्य में व्यवधान आ रहा है। वैसे जनमुद्दों को प्रदेश कांग्रेस तक पहुंचाने का काम करेंगे ताकि हम उस पर विचार कर सरकार को ऐसे जनमुद्दों से अवगत करा सके।

आलमगीर आलम ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा देश की सबसे बड़ी पदयात्रा थी, भारत जोड़ो यात्रा से लाखों लोगों से राहुल गांधी मिले एवं अपनी समस्याओं को रखा। बाद में जब इन्हीं बातों को राहुल गांधी ने मीडिया के माध्यम से सरकार के सामने रखा तो केंद्र सरकार बौखला गयी। उन्होंने कहा कि आज इस अभियान के माध्यम से हम संकल्प ले रहे हैं कि राहुल गांधी की बातों को आमजनों तक पहुंचाकर राहुल गांधी को ताकत देने का काम करेंगे।

मौके पर कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा, डॉ एम तौसीफ, सतीष पॉल मुंजनी थे।

## सीएम से मिले अडानी ग्रुप के प्रबंध निदेशक राजेश अडानी, सोरेन ने कहा

# गोड्डा अडानी पावर प्लांट ऊर्जा विभाग संग मिलकर झारखंड को सस्ती दर पर बिजली देने की पहल करे

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में अडानी ग्रुप के प्रबंध निदेशक राजेश अडानी ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। मुलाकात के क्रम में इस बात पर विचार-विमर्श हुआ कि झारखंड सरकार एवं अडानी ग्रुप द्वारा स्थापित गोड्डा पावर प्लांट के बीच एमओयू की शर्तों के अनुसार 400 मेगावाट बिजली राज्य सरकार को उपलब्ध करानी है। उक्त बिजली को सस्ते दर पर उपलब्ध कराने की दिशा में शीघ्र कार्रवाई की जाये। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि ऊर्जा विभाग के अधिकारी और अडानी पावर प्लांट के प्रतिनिधि जल्द बैठक कर इस दिशा में समाधान निकालकर राज्य को सस्ते दर पर बिजली उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने अडानी ग्रुप के प्रबंध निदेशक से कहा कि पावर प्लांट के उपयोग के लिए गंगा नदी का पानी जिस क्षेत्र से होकर लाया जा रहा है, उन क्षेत्रों में कृषकों के खेतों तक पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई के लिए पानी पहुंचाये जाने की संभावनाओं पर कार्य योजना बनायी जाये।

## एचडीएफसी बैंक के अधिकारी सीएम से मिले

# मॉडल स्कूलों के बेहतर संचालन के लिए एचडीएफसी बैंक सहयोग करे : मुख्यमंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड मंत्रालय में एचडीएफसी बैंक के एक दल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि एचडीएफसी बैंक सीएसआर के तहत राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, पेयजल, कृषि आदि क्षेत्र के विकास में अपनी भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित मॉडल स्कूलों के बेहतर संचालन के लिए एचडीएफसी बैंक सीएसआर के तहत सहयोग करे। इन स्कूलों में आधुनिक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में भी संस्थान योगदान करे। उन्होंने कहा कि एचडीएफसी बैंक राज्य में पशुपालकों को नुकसान से राहत देने निमित्त पशु बीमा पर बेहतर कार्य योजना बनाये। संस्थान स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने तथा ऋण मुहैया कराना भी सुनिश्चित करें। मौके पर बैंक के ब्रांच बैंकिंग हेड संदीप कुमार, सर्कल हेड झारखंड कुमार अभिषेक, क्लस्टर हेड रांची धर्मेंद्र कुमार, स्टेट हेड गवर्नमेंट बिजनेस संतोष सिंह एवं शाखा प्रबंधक सुदीप्त भट्टाचार्य थे।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य चिंतन शिविर में बन्ना गुप्ता ने रखी मांग

# सरकारी स्कूलों में योग शिक्षकों की नियुक्ति में केंद्र मदद दे





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से आयोजित दो दिवसीय (14-15 जुलाई) राष्ट्रीय स्वास्थ्य चिंतन शिविर में हिस्सा लेने उत्तराखंड पहुंचे हैं। इस अवसर पर देश के सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। इस शिविर में मंत्री गुप्ता ने झारखंड में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजनाओं को मजबूती से रखा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य चिंतन शिविर के पहले दिन मंत्री ने राज्य के सरकारी स्कूलों में योग शिक्षक की नियुक्ति की मांग की।

बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यदि सरकारी स्कूलों में योग चिकित्सक की नियुक्ति हो जाए तो हम आम जीवन में मेडिकल पर खर्च होने वाले अनुमादित 30 प्रतिशत खर्च को रोक सकते हैं। योग से शरीर निरोग रहेगा और मन और सेहत भी स्थिर रहेगा जिससे बीमारियों से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने वर्तमान में योग शिक्षक को मिलने वाले राशि को बढ़ाने का आग्रह भी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया से किया। साथ ही सीसीयू अस्पताल यूनिट के लिए आवश्यक दिशा निर्देश के अनुसार जमीन की बाध्यता कम करने का आग्रह भी बैठक में किया।

### राज्य की सभी बाजार समितियों की 19 को समीक्षा करेंगे चेयरमैन



**रांची।** राज्य के सभी 28 बाजार समितियों के कार्यों की समीक्षा मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रबिन्द्र सिंह और एमडी कमलेश्वर प्रसाद सिंह मिलकर करेंगे। इसके लिए राज्य की सभी कमेटियों को निर्देश दे दिया गया है। बैठक में सभी मार्केट सुपरवाइजर को को भी बुलाया गया है, ताकि बाजार समितियों के विकास में उनके विजन को जाना जा सके। मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन ने राज्य के सभी बाजार समितियों के सचिव को हिदायत दिया है कि वह पूरी रिपोर्ट के साथ बैठक में आये, ताकि एक एक बाजार समिति पर विस्तार से चर्चा किया जा सके। उन्होंने बाजार समिति के सचिवों से दुकानों की संख्या, आवंटन की स्थिति और सरेंडर दुकानों स्थिति के साथ-साथ वैसे दुकानों और गोदामों को भी सूची उपलब्ध कराने को कहा है जिस पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है।

## वित्त मंत्री ने रवाना किया जागरूकता रथ

# जन्म-मृत्यु पंजीयन शत-प्रतिशत करने पर बल : डॉ रामेश्वर उरांव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने जन्म-मृत्यु निबंधन को शत प्रतिशत करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। शुक्रवार को मंत्री रामेश्वर उरांव ने जागरूकता रथ रवाना किया। जन्म एवं मृत्यु निबंधन को शत प्रतिशत करने के संकल्प के साथ सरकार ने 14 जुलाई से 14 अगस्त तक विशेष अभियान की शुरूआत की है। इस मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि यह प्रावधान 1969 में किया गया लेकिन, झारखंड जैसे राज्य में आज भी शत प्रतिशत निबंधन एक चुनौती बनी हुई है। आज भी लोग जन्म प्रमाण पत्र बनाने में उदासीन रहते हैं, जिसके कई कारण हैं। उन्होंने अपने जन्म तिथि का उदाहरण देते हुए कहा कि घर के लोगों को पता नहीं था। जब वे स्कूल में पहले दिन नामांकन के लिये पिताजी के साथ गये थे तो उस तारीख से पांच साल पीछे का साल मानकर स्कूल प्राचार्य ने निर्धारित कर दिया था, जो आज तक मान्य है। जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र ना केवल स्कूल नामांकन के वक्त उपयोगी होता है। बल्कि आधार, वोटर आईकार्ड के साथ साथ सरकार के कई योजनाओं, पेंशन स्कीम में यह आवश्यक दस्तावेज के रुप में माना जाता है।



### झारखंड में शत-प्रतिशत निबंधन पर जोर

प्रोजेक्ट भवन में अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा प्रकाशित सांख्यिकी 2022 रिपोर्ट का विमोचन किया गया। इस मौके पर विभागीय सचिव प्रशांत कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में विभाग का लक्ष्य बैकलॉग पेंडिंग को पूरा करने का है। पिछले वर्ष 2022 में झारखंड में 7.5 लाख जन्म हुए हैं। जिसका प्रतिशत 69 प्रतिशत है। इसी तरह मृत्यु निबंधन का प्रतिशत 69 प्रतिशत है। पिछले वर्ष झारखंड में 1.46 लाख मौत हुई थी। इस वर्ष शत प्रतिशत निबंधन का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग के पदाधिकारी के अलावे यूनिसेफ के अधिकारी मौजूद थे।

## प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री के 1932 खतियान के बयान पर किया पलटवार

# सीएम के लिए 1932 का खतियान वाला बयान चुनावी स्टंट के अलावा और कुछ नहीं : भाजपा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि 1932 का खतियान उनकी सरकार के लिए पहले व आज और कल भी मुद्दा रहेगा। श्री शाहदेव ने कहा कि झामुमो आदिवासी मूलवासी के लिए सिर्फ घड़ियाली आंसू बहाती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 2012 में अर्जुन मुंडा सरकार से 1932 के स्थानीय नीति को लागू करने के मुद्दे पर समर्थन वापस लेकर खुद मुख्यमंत्री बने थे। चौदह महीने की उस सरकार में मुख्यमंत्री ने 1932 के खतियान को लागू नहीं किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरियों में स्थानीय युवकों के नियोजन की पक्षधर है। विधानसभा में भी राज्य सरकार के प्रस्ताव को पार्टी विधायकों ने स्पष्ट समर्थन किया। लेकिन, कानूनी अड़चनों को दूर करने की जिम्मेवारी राज्य सरकार की ही है लेकिन, हेमंत सरकार ने इस मुद्दे पर कभी सीरियस पहल नहीं की। कहा कि 1932 खतियान आधारित नियोजन नीति को मुख्यमंत्री एक सरकारी संकल्प से लागू कर सकते थे लेकिन नहीं किया। इन्होंने अपने विधि विभाग के विरोध के बावजूद विधानसभा में 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति को लाकर ड्रामेबाजी कर के नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिये राज्यपाल को भेज दिया। मुख्यमंत्री को पता था कि इस विधेयक के प्रारूप में त्रुटियां हैं और यह कानून की कसौटी पर टिक नहीं पायेगा लेकिन इन्होंने सिर्फ जनता का ध्यान भटकाने के लिए 1932 की स्थानीय नीति को फूल प्रूफ नहीं बल्कि त्रुटिपूर्ण बना दिया। उन्होंने कहा कि प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने तो 2002 में खतियान आधारित नियोजन नीति को लागू किया था। लेकिन अदालत ने उस पर रोक लगा दी थी।

## पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अंतरिक्ष महाशक्ति बनने की राह पर : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि पीएम नमो के नेतृत्व में भारत अंतरिक्ष महाशक्ति बनने की राह पर अग्रसर है। श्री मरांडी ने कहा कि चंद्रयान प्रक्षेपण टीम में शामिल खूंटी के सोहन यादव ने झारखंड का मान बढ़ाया। उन्होंने श्रीहरिकोटा से भारत के चंद्रयान के सफल प्रक्षेपण पर वैज्ञानिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। जिनके कठिन परिश्रम से यह परिणाम आया है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत का तिरंगा चांद पर भी फहरायेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की धरती भी गौरवान्वित हुई है। साथ ही, लॉन्चिंग यंत्र का निर्माण भी एचईसी में हुआ है। उन्होंने सोहन यादव को भी शुभकामनाएं देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवाओं में योग्यता और लगन की कमी नहीं है।

उन्होंने कहा कि फ्रांस सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिले सर्वोच्च सम्मान लिजन ऑफ ऑनर पर बधाई एवं शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के कुशल नेतृत्व में विश्व में भारत का गौरव बढ़ा है। वसुधैव कुटुंबकम की भावना चरितार्थ हो रही है।

khabarmantra.net | श्रावण, कृष्ण पक्ष, द्वादशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 I वर्ष : 11 I अंक : 05



सुप्रभात
रांची, शनिवार
15.07.2023
* नगर संस्करण I पेज : 12
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

- श्रीहरिकोटा के सतीश धवन सेंटर से चंद्रयान-3 लॉन्च
- अंतरिक्ष में भारत का परचम, चांद पर एक और कदम
- इतिहास रचने निकला चंद्रयान-3, लैंडिंग में किसी भी गलती को 96 मिलीसेकेंड्स में सुधारेगा विक्रम लैंडर
- 5 अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में जायेगा चंद्रयान-3
- चंद्रयान-3 का 80-90 प्रतिशत हिस्सा 'स्वदेशी'
- धरती और चंद्रमा के 5-5 चक्कर लगायेगा चंद्रयान-3

SURJABASHA

# गुडलक : चांद के सफर पर निकला चंद्रयान




**एजेंसी**

**श्री हरिकोटा (आंध्रप्रदेश)।** चंद्रमा के सफर पर श्रीहरिकोटा स्पेस सेंटर से इसरो का चंद्रयान-3 रवाना हो गया। सफल लॉन्चिंग के साथ पहली परीक्षा में पास रहा चंद्रयान। चांद पर रहस्यों के घूंघट को हटाने के भारत के प्रयास के तहत इसरो ने शुक्रवार को अपना नया उपग्रह चंद्रयान-3 धरती के उस कक्षा में पहुंचाने की बड़ी सफलता हासिल कर ली, जहां से इस यान ने खोजी उपकरणों के साथ चंद्रमा की ओर अपनी यात्रा शुरू कर दी है। इसरो के अनुसार चंद्रयान-3 का लॉन्च सफल रहा है। इस रॉकेट को लैंडर के साथ चांद की सतह पर उतरने में करीब 45 दिनों का समय लगेगा। 24 अगस्त को यह चंद्रमा की सतह को स्पर्श करेगा। इस मौके पर पीएम मोदी ने इसरो को गुडलक भी विश किया। पूरे देश में हर्ष का माहौल है।

### 5 अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में जायेगा चंद्रयान

इसके बाद चंद्रयान-3 ट्रांस लूनर इंसरशन कमांड दिये जायेंगे, फिर चंद्रयान-3 सोलर ऑर्बिट यानी लंबे हाइवे पर यात्रा करेगा। 31 जुलाई तक टीएलआइ पूरा कर लिया जायेगा। इसके बाद चंद्रमा करीब साढ़े पांच दिनों तक चंद्रमा की ओर यात्रा करेगा। चंद्रमा की बाहरी कक्षा में वह पांच अगस्त के आसपास प्रवेश करेगा। यह गणनाएं तभी सही रहेंगी, जब सबकुछ सामान्य स्थिति में होगा। कोई तकनीकी गड़बड़ी होने पर इसमें समय बढ़ सकता है।

## चलो दिलदार चलो चांद के पार चलो...

चंद्रयान-3 अपनी 3.84 लाख किलोमीटर की लंबी यात्रा पर निकल चुका है। इसे 179 किलोमीटर की ऊंचाई पर छोड़ दिया है। अब आगे की यात्रा चंद्रयान-3 खुद करेगा। 23-24 अगस्त के बीच किसी भी समय यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर मैंजिनस-यू क्रेटर के पास उतरेगा। चंद्रयान-3 को एलवीएम 3- एम-4 रॉकेट 179 किलोमीटर ऊपर तक ले गया। उसके बाद उसने चंद्रयान-3 को आगे की यात्रा के लिए अंतरिक्ष में धकेल दिया। इस काम में रॉकेट को मात्र 16:15 मिनट लगे। इस बार चंद्रयान को जिस ऑर्बिट में छोड़ा है वह 17036,500 किलोमीटर वाली अंडाकार जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट है। इस बार यह कक्षा इसलिए चुनी गयी, ताकि चंद्रयान-3 को ज्यादा स्थिरता प्रदान की जा सके। इस ऑर्बिट के जरिये चंद्रयान की ट्रैकिंग और ऑपरेशन ज्यादा आसान और सहज होगा। चंद्रमा की ओर भेजने से पहले चंद्रयान-3 को धरती के चारों तरफ कम से कम पांच चक्कर लगाने होंगे। हर चक्कर पहले वाले चक्कर से ज्यादा बड़ा होगा। ऐसा इंजन को ऑन करके किया जायेगा।

### खुद लैंडिंग की जगह चुनेगा

लैंडिंग के लिए सही जगह का चुनाव वह खुद करेगा। इस बार कोशिश रहेगी कि विक्रम लैंडर इतने बड़े इलाके में अपने आप सफलतापूर्वक उतर जाये। इससे उसे ज्यादा फ्लेक्सिबिलिटी मिलती है। इस लैंडिग पर नजर रखने के लिए चंद्रयान-2 का ऑर्बिटर अपने कैमरे तैनात रखेगा। साथ ही उसने ही इस बार की लैंडिंग साइट खोजने में मदद की है। विक्रम लैंडर के इंजन पिछली बार से ज्यादा ताकतवर हैं। पिछली बार जो गलतियां हुईं थी, उसमें सबसे बड़ी वजहों में से एक था कैमरा, जो आखिरी चरण में एक्टिव हुआ था। इसलिए इस बार उसे भी सुधारा गया है। इस दौरान विक्रम लैंडर के सेंसर्स गलतियां कम से कम करेंगे। उन्हें तत्काल सुधारेंगे। इन गलतियों को सुधारने के लिए विक्रम के पास 96 मिलीसेकेंड का समय होगा।

### पीएम मोदी ने दी बधाई



पीएम मोदी चंद्रयान मिशन के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि भारतीय अंतरिक्ष के क्षेत्र में 14 जुलाई 2023 का दिन हमेशा स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा तथा यह राष्ट्र की आशाओं और सपनों को आगे बढ़ायेगा। उन्होंने कहा कि मिशन के लिए शुभकामनाएं। यह आप सभी को बहुत गौरवान्वित करेगा।



### इसरो अध्यक्ष बोले- बधाई हो भारत

चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के बाद इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने मिशन नियंत्रण कक्ष (एमसीसी) से कहा कि रॉकेट ने चंद्रयान-3 को सटीक कक्षा में स्थापित कर दिया है। उन्होंने कहा, 'बधाई हो, भारत। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की ओर अपनी यात्रा शुरू कर दी है। आइए हम चंद्रयान-3 को आगे की कक्षा में बढ़ाने की प्रक्रिया तथा आने वाले दिनों में चंद्रमा की ओर इसकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं व्यक्त करें। मिशन निदेशक एस मोहन कुमार ने कहा कि एलवीएम3 रॉकेट एक बार फिर इसरो का सबसे विश्वसनीय भारी प्रक्षेपण वाहन साबित हुआ है।

## न्यूज डायरी

### चाईबासा में 50 हजार घूस लेते रोकड़पाल धराया

**रांची/जमशेदपुर।** जमशेदपुर एसीबी की टीम ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के कार्यालय के रोकड़पाल को 50 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ धर दबोचा। आरोपी रोकड़पाल भवतरण सिंह के खिलाफ निराकर बिरुआ ने जमशेदपुर एसीबी से लिखित शिकायत की थी। उसने कहा था कि रेलाडीह पंचायत में उच्च विघालय मंझारी खेल मैदान के लिए चेंजिग रुम, शौचालय, पेयजल आदि की सुविधा गैलरी निर्माण कार्य योजना के लिये निविदा निकाली गयी थी। कार्यादेश के एवज में रोकड़पाल कुल राशि में से 8 प्रतिशत के हिसाब से 99 हजार मांग रहा था।

### गढवा में प्रखंड समन्वयक की हत्या

**गढ़वा।** अपराधियों ने भवनाथपुर थाना क्षेत्र में पीएम आवास योजना के प्रखंड समन्वयक सिराज अहमद की गोली मार कर हत्या कर दी है। हत्यारों ने उन्हें सीना और पीठ में गोली मारी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। घटना के बाद सरकारी लोक सेवकों में भय का माहौल है। पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। पुलिस ने इलाके में सर्च अभियान शुरू किया है। सिराज अहमद शुक्रवार को कार्यालय बंद करने के बाद घर जा रहे थे। इसी क्रम में तुलसीदामर घाटी में बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी।

### नेता प्रतिपक्ष मामले में सचिव से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य की विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का मामला लंबित रहने पर विधानसभा सचिव से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने पूछा है कि जब विपक्षी पार्टी द्वारा नेता प्रतिपक्ष के लिए किसी विधायक का नाम प्रस्तावित किया गया है तो क्या स्पीकर इस मामले का निर्णय सिर्फ इस आधार पर पेंडिंग रख सकते हैं कि उस विधायक के खिलाफ दलबदल का मामला चल रहा है।

## इडी के गवाह अशोक यादव को रिहा करें : हाइकोर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** इडी के गवाह प्रकाश चंद्र यादव उर्फ मुंगेरी यादव के बाद प्रवर्तन निदेशालय के एक और गवाह अशोक यादव को राहत मिली है। हाइकोर्ट ने अशोक यादव की नजरबंदी को अवैध करार देते हुए रिहा करने का आदेश दिया है। न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की कोर्ट ने यह आदेश दिया। अशोक यादव को झारखंड क्राइम कंट्रोल एक्ट (सीसीए) के तहत पिछले साल नजरबंद कर दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार ने उसके निवेदन पर विचार करने में 50 दिनों की देरी की जो कि गलत था। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने मुंगेरी यादव को इसी आधार पर रिहा करने का आदेश दिया था। हालांकि कोर्ट ने मुंगेरी यादव की नजरबंदी को सही ठहराया था। अशोक यादव की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाइकोर्ट को जल्द सुनवाई करने को कहा था। वरीय अधिवक्ता विमल कीर्ति सिंह और मंजुला प्रिया ने अशोक यादव की ओर से बहस की। गौरतलब हो कि अशोक यादव से जुड़े मामले की सुनवाई के बाद न्यायाधीश एस चंद्रशेखर की अदालत ने सीसीए निरस्त करने का फैसला सुनाया है। पूर्व में इसपर फैसला लेने के लिए राज्य सरकार को आवेदन दिया गया था, लेकिन राज्य सरकार ने कोई फैसला नहीं लिया। इसके बाद अशोक यादव ने झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। उसकी याचिका के स्वीकार कर सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। 10 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने भी साहिबगंज जेल में बंद पत्थर व्यवसायी और अवैध खनन में इडी के गवाह जयप्रकाश उर्फ मुंगरी यादव पर लगे सीसीए को खारिज करते हुए उसी दिन शाम पांच बजे तक रिहा कर सूचित करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मुंगेरी यादव को उसी दिन देर शाम तक जेल से रिहा कर दिया गया था। उसकी गिरफ्तारी 22 जुलाई 2022 को आर्म्स एक्ट के मामले में हुई थी। उसके खिलाफ राजमहल थाना में मामला दर्ज हुआ था। दरअसल, इडी का दावा है कि संथाल क्षेत्र में हजार करोड़ से ज्यादा के अवैध खनन हुआ है।

## राजधानी मे दो की हत्या, एक गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी रांची में दो युवकों की हत्या कर दी गयी। एक युवक का शव धुर्वा इलाके से बरामद किया गया। उसकी पहचान नहीं हो पायी है। वहीं दूसरी घटना मांडर थाना क्षेत्र के सोसई आश्रम के समीप हुई। जहां एक युवक की लोहे के भारी हथियार से कूच कर हत्या कर दी गयी। युवक की पहचान चान्हों थाना के तरंगा खिजुरटोली गांव निवासी 30 वर्षीय कृष्णा पाहन उर्फ बबलू के रूप में की गयी। इस मामले में पुलिस ने शक के आधार पर उसके फूफा को गिरफ्तार किया है। धुर्वा में जिस युवक का शव बरामद किया गया है। अपराधियों ने उसके शव को अन्यत्र हत्या कर शव को कंबल में लपेट कर धुर्वा इलाके में फेंक दिया है। आशंका है कि शव पुलिस या केंद्रीय बल का जवान हो सकता है। मांडर के सोसई आश्रम के समीप शुक्रवार की सुबह बबलू का शव लहूलुहान हालत में मिली। बबलू फूफा-फूफी के घर पर रहकर खेती-बारी का काम किया करता था। शुक्रवार की सुबह गोबर फेंकने के बाद जब उसे उठाने गई तो कृष्णा को मृत पाया। पुलिस संदेह के आधार पर फूफा सूरजा मुंडा को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने को सरकार प्रतिबद्ध : सीएम

# शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया करें तेज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि बच्चों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने को सरकार प्रतिबद्ध है। वह शुक्रवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर थे। सीएम ने कहा कि सरकारी विद्यालयों को मजबूत किया जा रहा है। आधारभूत संरचना और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ पठन-पाठन की नवीनतम एवं आधुनिक तकनीक से संबंधित संसाधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि प्राथमिक, माध्यमिक और प्लस- टू विद्यालयों में शिक्षकों के खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तेज करें। विभाग के सचिव के रवि कुमार ने सीएम को बताया कि प्लस- टू स्कूलों में प्रधानाचार्य, शिक्षक और प्रयोगशाला सहायक के पदों पर नियुक्ति की जेएसएससी ने अधियाचना जारी कर दी है। माध्यमिक विद्यालयों, मॉडल स्कूलों और अन्य श्रेणियों के विद्यालयों के लिये भी शिक्षक एवं प्रयोगशाला सहायक के पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। वहीं, सहायक आचार्य के 26 हजार पदों पर बहाली की प्रक्रिया भी जल्द शुरू हो जायेगी।

**समीक्षा बैठक में बोले सीएम**

- नेतरहाट की तर्ज पर बच्चों को कृषि और बागवानी भी सिखाएं
- सभी विद्यालयों का हो रहा जीर्णोद्धार



### दिव्यांगों के लिए आवासीय स्कूल बने

सीएम ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए एक अलग आवासीय विद्यालय बनाने की कार्य योजना बनायें। यहां बच्चों के पठन-पाठन के साथ-साथ खेल, संगीत, फिजिकल एजुकेशन देने आदि की भी व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि दिव्यांग बच्चे- बच्चियों की जो प्रतिभा है, उसे निखार कर सामने लाया जा सके। सरकारी स्कूल परिसर में पेड़ लगाने का भी कार्य करें। नेतरहाट आवासीय विद्यालय के बच्चे जिस तरह पढ़ाई के साथ-साथ कृषि और बागवानी करते हैं, उसी तरह कुछ सरकारी विद्यालयों को भी चयनित कर यहां के विद्यार्थियों के लिए भी ऐसी ही व्यवस्था शुरू करें। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, हजारीबाग राज्य के सबसे उत्कृष्ट विद्यालयों में एक है। यहां का बोर्ड का परिणाम शुरू से शानदार रहा है। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, सीएम के प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव विनय कुमार चौबे, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार, शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, समेत विभाग के तमाम अधिकारी मौजूद थे।

### सभी स्कूलों में हों गतिविधियां

सीएम ने कहा कि बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए स्कूलों में पठन-पाठन के अलावा खेल- संगीत जैसी एक्टिविटीज निरंतर चलनी चाहिए। बच्चों के बीच तरह-तरह की प्रतियोगिताएं हों, ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। बच्चों को पढ़ने का बेहतर माहौल मिले, इसके लिए जिलों में रीडिंग रूम की व्यवस्था करें। सत्र शुरू होने के समय ही किताब और यूनिफॉर्म देना तय करें। उन्होंने कहा कि जिस तरह एकेडमिक कैलेंडर जारी किया जाता है, उसी तरह इसका भी कैलेंडर जारी किया जाना चाहिए।

### विद्यालय भवनों की मैपिंग हो

उन्होंने कहा कि राज्य में सभी सरकारी विद्यालयों का फिजिकल मैपिंग कराये। जो भी विद्यालय भवन जर्जर हों, उसकी मरम्मत शीघ्र करायें। इसमें गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाये। सरकार ने जिस मकसद से स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और मॉडल स्कूल खोले हैं। उसका सार्थक परिणाम सामने आना चाहिए।

## बैस्टिल-डे परेड में सारे जहां से अच्छा' की धुन पर भारतीय दल का मार्च

# भारत और फ्रांस नेचुरल पार्टनर : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**पेरिस।** भारत- फ्रांस के बीच एक नये अध्याय की शुरुआत हो चुकी है। पीएम मोदी शुक्रवार को फ्रांस की परेड डे में शामिल होकर यह साबित कर दिया कि भारत और फ्रांस के बीच जो रिश्ते हैं वह बेहद प्रगाढ़ और मजबूत हैं। ऐसा इसलिए कि फ्रांस अमूमन अपनी पैरेड डे में किसी मुख्य अतिथि को आमंत्रित नहीं करता है, लेकिन पहली बार फ्रांस ने बैस्टिल डे पर भारत के पीएम मोदी को न्योता भेजकर यह संदेश देने की कोशिश की है कि



भारत के साथ उसके रिश्ते बेहद पुराने और मजबूत हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद पीएम मोदी ने कहा कि हम अपनी रणनीतिक साझेदारी के 25 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। दोनों देशों के बीच मजबूत नींव के आधार पर अगले 25 वर्षों का रोडमैप तैयार कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। फ्रांस भारत का नेचुरल पार्टनर भी रहा है। भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रपति मैक्रों के निमंत्रण पर पीएम मोदी यहां चैंप्स-एलिसीस पर आयोजित इस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

(शेष 11 पर)

### मोदी को मिला फ्रांस का सर्वोच्च सम्मान

पीएम मोदी को फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक एवं सैन्य सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया है। फ्रांस के राष्ट्रपति ने गुरुवार देर रात पेरिस के एलिसी पैलेस में एक समारोह में पीएम मोदी को इस सम्मान से अलंकृत किया। भारतीय पीएम को पहली बार फ्रांस का सर्वोच्च सैन्य नागरिक सम्मान प्रदान किया गया है। इस मौके पर पीएम ने भारत के लोगों की ओर से इस अद्वितीय सम्मान के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया।

## विपक्षी दलों की बैठक में भाग लेने 17 को बेंगलुरु जायेंगे हेमंत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बेंगलुरु में 17-18 जुलाई को विपक्षी दलों की बैठक में सीएम हेमंत सोरेन झामुमो की ओर से शिरकत करेंगे। जानकारी के अनुसार दो दिवसीय बैठक में शामिल होने श्री सोरेन 17 की सुबह रांची से रवाना होंगे। बैठक में 24 गैर भाजपा दलों के नेताओं का महाजुटान होने की संभावना है। झामुमो का मानना है कि स्ट्रेटजी के तहत कुछ सीटों पर दोस्ताना संघर्ष भी करना पड़े तो उससे परहेज नहीं करना चाहिए।

झारखंड की सभी 14 सीटों को जीतने के फॉर्मूला से मुख्यमंत्री बेंगलुरु की बैठक में महागठबंधन को अवगत करायेंगे। इससे पहले पटना की बैठक में वे झारखंड की राजनीतिक स्थिति और 2024 की चुनौती से सहयोगी दलों को अवगत करा चुके हैं। इसके अलावे बैठक में यह भी जोर दिया जायेगा कि सभी राज्यों में स्थानीय मुद्दों पर चुनाव लड़े जाएं जिससे अधिक से अधिक सीटों पर जीत हासिल हो।

**सियासत तेज :** गैर भाजपा दलों की बैठक भले ही बेंगलुरु में होगी, मगर इसे लेकर झारखंड में सियासत तेज है। पटना के बाद बेंगलुरु में भाजपा बैठक पर झारखंड भाजपा नजर रख रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 में से 12 सीटों पर एनडीए की जीत हुई थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की सभी 14 सीटों को जीतने का लक्ष्य लेकर तैयारी में जुटी भाजपा अपने विरोधियों की एकजुटता के हो रहे प्रयास पर नजर बनाये हुए है।

# चंद्रयान 3 के लांचिंग पैड बनाने में एचइसी और मेकॉन का भी रहा है सहयोग

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** चंद्रयान 3 के लांचिंग पर पूरे देश के साथ-साथ एचइसी के कर्मचारियों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। चंद्रयान 3 के लांचिंग पैड को बनाने में सहयोग देने वाले एचइसी के इंजीनियर और कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि आज देशवासियों के लिए जितनी खुशी का दिन है, उससे ज्यादा खुशी का दिन एचइसी में काम करने वाले कर्मचारियों का है।

चंद्रयान 3 के लांचिंग पैड बनाने वाले इंजीनियरों ने कहा कि वर्ष 2005 में इस लांचिंग पैड को बनाने के लिए भारत सरकार को विदेशों का रुख करना पड़ता था। लेकिन, देश के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने एचइसी के कर्मचारियों पर विश्वास कर लांचिंग पैड बनाने का वर्क आर्डर दिया। इसे एचइसी के इंजीनियर और कर्मचारियों ने सफलतापूर्वक पूरा किया।

चंद्रयान लांच होने से कुछ देर पहले एचइसी के कर्मचारियों ने केक काटकर खुशियां मनायी। उन्होंने प्रबंधन और केंद्र सरकार से कहा कि आने वाले दिनों में वे और भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए सरकार कारखाने की हालत को बेहतर बनाने का प्रयास करे।

**एचइसी निर्मित लांच पैड से प्रक्षेपित किया गया :** चंद्रयान- 3 की लांचिंग का झारखंड कनेक्शन रहा है। रांची में स्थित एचइसी द्वारा निर्मित लांच पैड से चंद्रयान- 3 का प्रक्षेपण किया गया। इसकी इंजीनियरिंग डिजाइन मेकॉन द्वारा किया गया है। 2008 के दौरान पूर्व राष्ट्रपति स्व. एपीजे अब्दुल कलाम ने एचइसी की कार्यक्षमता और तकनीकी कुशलता को देखते हुए उसे मोबाइल लांचिंग पैड बनाने के कार्य सौंपा था। उनके सार्थक प्रयास और मार्गदर्शन में एचइसी ने मोबाइल लांचिंग पैड, एफसीवीआरएस, हॉरिजेंटल स्लाइडिंग डोर (एचआरडी), मोबाइल लांचिंग पेडस्टल और हैमर हेड टावर क्रेन का सफलता पूर्वक एवं नियत समय में निर्माण किया और देश को समर्पित किया था।

**मेकॉन का भी है योगदान :** मेकॉन को विभिन्न प्रकार के अंतरिक्ष उपग्रहों को लांच करने के लिए श्रीहरिकोटा में दूसरे लांच पैड की डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, निर्माण और कमीशनिंग के लिए इसरो, एसडीएससी, एसएचएआर द्वारा सौंपा गया था। मेकॉन ने इस चुनौतीपूर्ण कार्य को संभाला और इसरो के अधिकारियों की पूर्ण संतुष्टि के साथ परियोजना को पूरा किया। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने 4 मई 2005 को अत्याधुनिक दूसरे लांच पैड का उद्घाटन किया था, जो इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का प्रतीक है।

श्रीहरिकोटा में दूसरे लांच पैड को राष्ट्र को समर्पित किया गया था। इससे उपग्रहों को 5 मई, 2005 को लांच किया गया था। चंद्रयान -2 का नवीनतम प्रक्षेपण 22 जुलाई, 2019 को दूसरे लांच पैड से किया गया था, जिसने भारतीय अंतरिक्ष मिशन के इतिहास में कई कीर्तिमान जोड़े। दूसरा लांच पैड वर्तमान और भविष्य के भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रमों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कई नवीनतम सुविधाओं का कंबाइंड सिस्टम है।

### एचइसी ने अपना कर्तव्य बखूबी निभाया : अमित मिश्रा

**इस बीच,** शुक्रवार को एचईसी ऑफिसर्स एसोसिएशन ने केक काटकर खुशियां मनाई और चंद्रयान- 3 के लांच के साथ एचइसी की उन्नति के साथ ही सफल प्रक्षेपण के लिए कामना की। अमित मिश्रा ने कहा कि एचइसी ने अपना कर्तव्य बखूबी निभाया है। एचइसी ने मोबाइल लांचिंग पैड, हॉरिजॉन्टल स्लाइडिंग डोर, फोल्डिंग कम वर्टिकल रिपोजिशनेबल प्लेटफार्म, 10 टी हैमर हेड टॉवर क्रेन बनाया है, जो गर्व की बात है। रौशन कुमार ने कहा कि झारखंडवासियों ने एचइसी, मेकॉन और सेल के माध्यम से देश को अभूतपूर्व योगदान दिया है, जो बहुत ही खुशी कि बात है। सुभाष चंद्रा ने कहा कि पूरे विश्व कि निगाह चंद्रयान- 3 पर टिकी है, क्योंकि इसकी लैंडिंग चंद्रमा के साउथ पोल पर करने की तैयारी है। एचइसी के सहयोग से इसरो द्वारा इसे लांच किया गया है।

# पेंशन योजनाओं के लाभुकों की आधार सीडिंग की प्रक्रिया पूरी करें : उपायुक्त

## रांची समाहरणालय में हुई जिलास्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिलास्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सर्वप्रथम राज्य एवं केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित लाभुकों के खातों के आधार सीडिंग के संबंध में समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने सभी बैंकों से पेंशन लाभुकों के खातों से आधार सीडिंग की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही जिन खातों की आधार सीडिंग की प्रक्रिया अपूर्ण हैं, उन्हें निर्बाध रूप से पेंशन का भुगतान करने का निर्देश दिया।

केसीसी, पीएम-किसान सम्मान निधि संबंधित खातों की समीक्षा के दौरान जिला में किसान क्रेडिट कार्ड एवं पीएम-किसान सम्मान निधि से संबंधित खाताधारकों के आधार सीडिंग में होने वाली समस्याओं के संबंध चर्चा गयी। विभिन्न बैंकों में किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम-किसान सम्मान निधि से संबंधित वैसे लाभुक जिनका आधार मैपिंग नहीं हुई है, वैसे लाभुकों को चिह्नित कर मैपिंग की प्रक्रिया को पूर्ण करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया।

डीसी द्वारा बैंक अधिकारियों को लंबित आवेदनों का त्रुटि निराकरण करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निदेश दिया गया। साथ ही, विभिन्न कारणों से अस्वीकृत हुए आवेदनों की जांच कर लाभुकों से सीधे संपर्क करते हुए उनका खाता खोलने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए निरस्त हो रहे आवेदनों से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## इएसआइसी में जिला स्तर पर होगा कमेटी का गठन

**रांची।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा जिला स्तर पर कमेटी के गठन की पहल की जा रही है। क्षेत्रीय निदेशक-झारखंड के अनुमोदन से झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा राज्य के 24 जिलों के चैंबर ऑफ कॉमर्स और संगठनों के प्रतिनिधियों को इस कमेटी में अनुशंसित किया गया है। चैंबर पदाधिकारियों ने शुक्रवार को निगम के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन से मिलकर, इस कमिटी को जल्द एक्टिव करने पर भी चर्चा की। ज्ञात हो कि ईएसआई रेगुलेशन के तहत प्रत्येक अधिसूचित जिले में एक स्थानीय समिति के गठन का प्रावधान किया गया है। स्थानीय समिति शिकायतों के निपटारे को अपनी अनुशंसा निगम के क्षेत्रीय निदेशक को देगी तथा चिकित्सा सेवाओं से संबंधित शिकायतों को राज्य के संबंधित अधिकारी को भेंजेगी। चैंबर उपाध्यक्ष अमित शर्मा और श्रम एवं मापतौल उप समिति के चेयरमेन प्रमोद सारस्वत ने संयुक्त रूप से कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान क्षेत्र में ही संभव हो सके, इस हेतु फेडरेशन द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है।

## सरला बिरला स्कूल में छात्र सदन गठित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के परिसर में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए छात्र सदन का गठन हुआ। विद्यालय के विद्यार्थियों को विद्यार्थी परिषद में विभिन्न पदों एवं सम्मानों से सम्मानित किया गया। उनका चयन छात्र और शिक्षक मतदान प्रणाली के बाद साक्षात्कार सत्र के माध्यम से किया गया। चुने हुए सभी प्रतिनिधि अनुशासन को बढ़ावा देने तथा सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। सभी छात्र-छात्राओं ने स्कूल की विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को बधाई दी और उन्हें स्कूल की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को उनकी दृढ़ता के लिए बधाई दी। साथ ही, उन्हें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया।

## रांची विवि में एमए फाइन आर्ट्स अंतिम वर्ष की प्रैक्टिकल परीक्षा शुरू

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में एमए फाइन आर्ट्स अंतिम वर्ष की प्रैक्टिकल की परीक्षा शुक्रवार को सुबह साढ़े आठ बजे से दो पाली में शुरू हुई। फाइन आर्ट्स विभाग के सुजीत सेनगुप्ता के अनुसार, दो पाली में परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा सुबह 8.30 से 11.30 बजे तक हुई। इसके बाद दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक दूसरी पाली की परीक्षा परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। फाइन आर्ट्स विभाग के सुजीत सेनगुप्ता ने बताया कि फाइन आर्ट्स खुले अभी 3 साल हुए हैं, विभाग बहुत जल्दी अपनी ऊंचाइयों को छूने में कामयाब हुआ है।

## स्नातक के साथ सरकारी नौकरी की तैयारी के लिए एनआइबीएम

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सरकारी नौकरी, बैंकिंग, एसएससी, रेलवे, जेपीएससी की तैयारी करवाने वाली संस्थान एनआइबीएम पिछले 25 वर्षों से विद्यार्थियों को इन क्षेत्रों में नौकरी प्राप्त करवाने में सहयोग करते आ रही है। एनआइबीएम द्वारा कंबाइंड कोर्स में अनुसूचित जाति तथा जनजाति के लिए 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है। इसके लिए विद्यार्थियों को कहा गया है कि वे जाति, आय प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड की फोटोकॉपी के साथ कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

एनआइबीएम के निदेशक ने बताया कि हर वर्ष सैकड़ों विद्यार्थी एनआइबीएम की सुनियोजित पढ़ाई की नयी तकनीक का लाभ उठाकर अंतिम रूप से चयनित हो रहे रहे हैं। वर्ष 2021-22 में बैंकिंग में अनेकों विद्यार्थी चयनित होकर ज्वाइन भी कर चुके हैं। वे रेलवे, कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा से इनकमटैक्स ऑफिसर, सीबीआइ तथा अनेक सेंट्रल तथा स्टेट-लेवल के कार्यालय में कार्यरत हैं। इस माह भी कर्मचारी चयन आयोग की कंबाइड ग्रेजुएट लेबल की परीक्षा का रिजल्ट आया। संस्थान के निदेशक ने बताया कि यहां के शिक्षकों को 25 वर्षों से अधिक का अनुभव है। निदेशक खुद मैथ तथा रिजनिंग का क्लास लेते हैं। यहां बेहतर तथा हजारों पुस्तकों तथा मैगजीन से सुसज्जित बहुत बड़ी लाइब्रेरी है, जहां विद्यार्थी ग्रुप बना कर पढ़ते हैं। प्रत्येक दिन क्लास में टोटल डाउट क्लियर किया जाता है तथा तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सफल विद्यार्थियों से तथा विशेषज्ञों द्वारा करियर काउंसिलिंग तथा मोटिवेट करवाया जाता है। इससे विद्यार्थी मात्र 6 से 12 माह में ही अंतिम रूप से चयनित हो जाते हैं। एनआइबीएम में बिहार, झारखंड ओडिशा, पश्चिम बंगाल से विद्यार्थी आकर पढ़ते हैं। संस्थान काफी बेहतर प्रदर्शन लगातार 25 वर्षों से करते आ रही है।

## विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग रांची में शुक्रवार को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम में कक्षा एक से दशम वर्ग के छात्र_छात्राओं ने अपनी कला को पोस्टर के माध्यम से दिखाया। कक्षा एक से पांच को सब_जूनियर, कक्षा छह से आठ को जूनियर तथा कक्षा नवम और दशम वर्ग को सीनियर वर्ग में विभाजित किया गया था।

कक्षा एक से पांच तक में प्रथम पुरुस्कार अंशिका कुमारी, द्वितीय स्थान अर्णव परीदा और तृतीय पुरस्कार सूरज चक्रवर्ती को मिला। कक्षा छह से आठ में प्रथम पुरुस्कार ऋषभ पांडे, द्वितीय स्थान पर रिया कुमारी और तृतीय पुरस्कार मनीष उरांव को मिला। सीनियर्स के ग्रुप में प्रथम स्थान पर अनामिका कुमारी, द्वितीय स्थान पर मुकेश नाग और तृतीय स्थान पर पूजा कुमारी आयीं। विद्यालय के निदेशक संजय कुमार ने इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

## मुद्रा प्रबंधन पर आरबीआइ की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य के लिए मुद्रा प्रबंधन पर 22वीं स्थायी समिति की बैठक शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक, पटना द्वारा रेडिशन ब्लू होटल, रांची में आयोजित की गई। मुद्रा प्रबंधन पर स्थायी समिति (एससीसीएम) का गठन मुद्रा प्रबंधन प्रणाली के हितधारकों के सामने आने वाले विभिन्न मुद्दों और चुनौतियों पर चर्चा और विचार-विमर्श करने के लिए एक मंच के रूप में किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक, पटना के क्षेत्रीय निदेशक, संजीव दयाल द्वारा इस बैठक की अध्यक्षता की गई। बैठक में झारखंड राज्य में करेंसी चेस्ट के परिचालन की देख-रेख करने वाले सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के नियंत्रक प्रमुखों ने भाग लिया। बैठक का संचालन भारतीय रिजर्व बैंक, पटना के मुद्रा प्रबंधन विभाग के महाप्रबंधक, प्रभात कुमार ने किया। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक, रांची के प्रभारी अधिकारी संजीव सिन्हा भी सम्मिलित हुए।

## सैनिटरी नैपकिन उत्पादन इकाई 'महिमा' का परिचालन शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** यूनिसेफ झारखंड तथा सेंट्रल इंस्टीट्यूट अफ साइकाइट्री (सीआईपी) के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को एक सैनिटरी नैपकिन उत्पादन इकाई 'महिमा' का उद्घाटन सीआईपी के प्रांगण में यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ. कनीनिका मित्र तथा सीआईपी के निदेशक डॉ बासुदेव दास के लारा किया गया। सीआईपी में स्थापित यह सैनिटरी नैपकिन यूनिट, यूनिसेफ झारखंड और सीआईपी की एक संयुक्त पहल है। जिसका उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों को किफायती और सुलभ सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आस्था अलंग, कम्यूनिकेशन, एडवोकेसी एवं पार्टनरशिप स्पेशलिस्ट, यूनिसेफ, कुमार प्रेमचंद, जल एवं स्वच्छता विशेषज्ञ, यूनिसेफ, ड. लक्ष्मी सक्सेना, जल एवं स्वच्छता अधिकारी, यूनिसेफ, डॉ अविनाश शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी, सीआईपी तथा अन्य अधिकारी एवं डॉक्टरगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर बोलते हुए, यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ कनीनिका मित्र ने कहा कि यूनिसेफ और सीआईपी के इस संयुक्त प्रयास को साकार होते देखकर मुझे काफी खुशी हो रही है। माहवारी से जुड़े मिथ्या धारणाओं, गरीबी तथा किफायती सैनिटरी नैपकिन जैसी बुनियादी सेवाओं तक पहुंच की कमी के कारण माहवारी स्वच्छता प्रबंधन की जरूरतें पूरी नहीं हो पाती हैं। जिसके कारण महिलाओं एवं लड़कियों में संक्रमण का खतरा बना रहता है। सीआईपी के निदेशक डॉ बासुदेव दास ने कहा कि मैं इस अभिनव साझेदारी के लिए यूनिसेफ का बहुत आभारी हूं। सैनिटरी नैपकिन उत्पादन इकाई, जिसका उद्घाटन किया गया है, यूनिसेफ और सीआईपी की एक संयुक्त पहल है, जिसे समुदाय में लड़कियों एवं महिलाओं के लिए सुलभ तथा किफायती सैनिटरी नैपकिन की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। यह पहल यहां की महिलाओं, बालिकाओं तथा मरीजों के लिए काफी मददगार साबित होगा। इस पहल के तहत, यूनिसेफ के सहयोग तथा साझेदारी के माध्यम से, हम महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके स्वास्थ्य और बेहतरी को सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण को साकार करने में सक्षम हुए हैं। उद्घाटन समारोह में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी), कांके के वार्डन और छात्राओं के अलावा वर्ल्ड विजन इंडिया के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन के मेले में उमड़ी भीड़



**रांची।** आइएमए भवन में चल रहे मेले के पहले दिन खरीदारों की भीड़ उमड़ी। युवाओं ने जमकर खरीदारी की। डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन के द्वारा आईएमए भवन में शुक्रवार को दो दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। दो दिनों तक चलने वाले इस मेले में पहला दिन लोगो की काफी भीड़ देखने को मिली। सारे स्टॉल खचाखच लोगों से भरे थे। मेले में 50 स्टॉल लगे है। जिसमें गारमेंट्स, फ्यूजन वियर, एथनिक वियर, हैंडीक्राफ्ट्स, मधुबनी पेंटिंग, , बैग, स्कार्फ और स्टोल, जूते, घर के सामान, अचार पापड़, सौंदर्य- स्नान उत्पाद, इनडोर -आउटडोर पौधों से संबंधित सामान काफी सारी वस्तुओं का स्टाल लगाया गया है। एक फूड-कोर्ट की व्यवस्था की गई है जहाँ लोग कूपन खरीद कर लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठा रहे हैं। डॉक्टर वाइफ एसोसिएशन के संस्थापक झुमा सरकार ने बताया कि 2006 में इस संस्थान की स्थापना की गई थी तब से लेकर आज तक जरूरतमंदों के बीच संस्थान मदद के लिए हमेशा तत्पर रहता है। मेला का उद्घाटन संरक्षिका डॉक्टर शोभा चक्रवर्ती (वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ अजय सिंह (राष्ट्रीय आईएमए पूर्व उपाध्यक्ष, विकास भारती के अध्यक्ष एवं झारखंड राज्य आईएमए कोऑर्डिनेटर) तथा रांची आईएमए के अध्यक्ष डॉक्टर काजल चौधरी ने किया।

### आइएचएम में आयोजित हुआ कॉफी विद जीएम



**रांची।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची में शुक्रवार को कॉफी विद जीएमएस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों के व्यक्तित्व उत्थान, खुद को प्रस्तुत करने के लिए आत्मविश्वास, उद्योग की बदलती प्रवृत्तियां और सर्वोत्तम प्रथाओं से स्वयं को अपडेट रखने पर चर्चा की गयी। इसके अलावा, निरंतर कड़ी मेहनत एवं लगन से खुद को विकसित करने, कुशल प्रबंधन शैलियां, अपने प्रबंधन सहयोगियों के साथ संघर्ष और असहमति को कैसे नियंत्रित कर सकते हैं, अपनी भूमिका में बजट और वित्तीय प्रबंधन कैसे संभालते है, जिससे संस्थान को ऊंचाई तक पहुंचाया जा सके, अपनी टीम में निरंतर सुधार और व्यावसायिक विकास कैसे करते हैं, कैसे अपने अतिथियों के समस्याओं को शांतिपूर्वक सुलझा सकते हैं, होटल उद्योग में औसतन 12 वर्ष निरंतर कार्य करते रहने से महाप्रबंधक बनने तक के सफर के साथ-साथ श्रेष्ठ करियर बनाने जैसे प्रबंधन संबंधित विषयों पर भी चर्चा हुई।

### संत फ्रांसिस स्कूल के बच्चों ने राज्यपाल से भेंट की



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को चुटिया के संत फ्रांसिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने राज भवन में भेंट की। उक्त अवसर पर राज्यपाल ने विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई के संदर्भ में जानकारी लेते हुये उन्हें मन लगाकर पढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मास कॉम विभाग पहुंचे पद्मश्री मुकुंद नायक



**रांची।** शुक्रवार को जाने माने लोक गायक, गीतकार और नर्तक पद्मश्री मुकंद नायक और किशोर जी रांची विश्वविद्याल के स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन विभाग पहुंचे। विभाग के निदेशक प्रो डॉ बीपी सिन्हा तथा शिक्षकों कर्मियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने पूरे विभाग का भ्रमण किया और निदेशक डॉ सिन्हा के साथ नागपुरी गीत संगीत नृत्य पर चर्चा की। मालूम हो कि पद्मश्री मुकुंद नायक ने कला के क्षेत्र में झारखंड को देश विदेश में पहचान दिलाई है। उन्हें पद्मश्री के अलावा संगीत नाटक अकादमी व अन्य पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है।

### एसआर डीएवी में मना हरित दिवस



**रांची।** एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग में शुक्रवार को हरित दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राथमिक कक्षाओं के नन्हें - मुन्ने विद्यार्थी हरित परिधान में पर्यावरण के रंग में रंगे दिखाई दिए। उन्होंने अपने प्राचार्य संजीत कुमार मिश्र के साथ मिलकर विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। उनकी कक्षाओं को हरे गुब्बारों से सजाया गया था। प्राचार्य संजीत कुमार मिश्र ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें अपने घर में तथा आसपास भी पौधरोपण करके उनकी देखभाल करनी चाहिए। ये वृक्ष ही हमारे जीवन के आधार हैं।

### चैती दुर्गा मंदिर में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**रांची।** शुक्रवार को श्री चैती दुर्गा मंदिर एवं भगवा नारी मंच के माध्यम से नि:शुल्क चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मेदांता के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ मुकेश कुमार अग्रवाल कार्डियोलॉजी, ईएनटी डॉ कृष्णा के दास , जेनरल फिजिशियन डॉ प्रतिमा सक्रिय रूप से योगदान दिया। कमेटी के कोषाध्यक्ष संजय सिंह लल्लू ने सभी डॉक्टर को चुनरी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ शिविर शहरी क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने के लिए काफी सराहनीय कार्य है। भगवा नारी मंच के पिया बर्मन ने बताया कि उनकी ओर से लगातार चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोग अधिक से अधिक लाभांवित हो रहे हैं।

### प्रदूषण को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने की जरूरत



**रांची।** प्रदूषण को लेकर आम लोगों के बीच जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभा सकता है मीडिया ये बातें शुक्रवार को प्रेस क्लब में मीडिया कर्मियों के लिए वायु प्रदूषण और जलवायु परिर्वन रिपोर्टिंग विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते स्विच ऑन फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक विनय जाजू ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड के शहरों में जनता के बीच वायु प्रदूषण और जल वायु परिवर्तन के तत्कालीन वह भविष्य में होने वाली दिक्कतों को लेकर जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। इस मौके पर एपपीक के क्षेत्रीय निदेशक आशीर्वाद ने कहा कि झारखंड के तीन शहर धनबाद बोकारो रामगढ़ सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में है। मौके पर डॉ सुप्रोवा चक्रवर्ती ने भी अपने विचार रखा। इस मौके पर झारखंड के मीडिया कर्मी उपस्थित थे।

### प्रज्ञा गुरुकुल में सावन महोत्सव का आयोजन

रांची। अशोक नगर स्थित प्रज्ञा गुरुकुल में शुक्रवार को सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल की शिक्षिकाओं ने बच्चों के संग सावन महोत्सव मनाया। मौके पर शिक्षिकाओं ने किसानों के जीवन में आने वाले संघर्ष और पेड़ कटने से हो रही परेशानीओं के विषय में बच्चों के बीच चर्चा करते हुए बच्चों को हरियाली के महत्व को बताया गया। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य आराधना शुक्ला ने कहा कि जीवन में हरियाली का बड़ा महत्व है।

## सीसीटीवी से खुला संजय की हत्या का राज

# अपराधियों ने तिलता चौक पर जलाया कपड़ा और हेलमेट...

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जमीन कारोबारी कमल भूषण (मृतक) के अकाउंटेंट संजय कुमार की हत्याकांड की गुत्थी सीसीटीवी फुटेज से सुलझी। हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में सीसीटीवी कैमरा की अहम भूमिका रही है। रांची पुलिस की टीम ने घटनास्थल से लेकर रिंग रोड तक हर गली, सड़क में लगे कैमरे को खंगाला है। इस दौरान तिलता चौक के पास अपराधी की हर गतिविधि साफ-साफ कैमरे में कैद हुई। वहीं, जिस जगह पर अपराधी ने कपड़ा बदला है, वहां पर स्थानीय लोगों ने भी अपराधी के बारे में पुलिस को जानकारी दी। इतना ही नहीं शूटरों ने तिलता चौक के पास घटना के दौरान इस्तेमाल कपड़े और हेलमेट को भी साक्ष्य मिटाने के लिए जला दिया था।

**जेल में बंद राहुल कुजूर के संपर्क में था शूटर संदीप और आकाश :** एसएसपी ने बताया कि दोनों शूटर संदीप प्रसाद और आकाश वर्मा जेल में बंद राहुल कुजूर के संपर्क में था। दोनों शूटर राहुल कुजूर के दोस्त है। राहुल कुजूर के पिता डब्लू कुजूर के दबंग होने की जानकारी के कारण दोनों शूटर ने दोस्ती की थी। पिछले दो माह से दोनों शूटर जेल में मिलने का काम कर रहे थे। इसके एवज में दोनों शूटर को जमीन और घर बनवा कर देने की बात हुई थी। इतना ही नहीं दोनों को 80 हजार रुपये भी दिए गए थे। एसएसपी ने बताया कि शूटर संदीप प्रसाद और आकाश वर्मा पूर्व में लूट व चोरी मामले में जेल जा चुका है। संदीप व आकाश पर पंडरा इलाके में मुर्गी वाले से लूट और संदीप पर ट्रेक्टर चोरी का आरोप है। दोनों शूटर नशे के भी आदि है।

## जेल में बंद डब्लू कुजूर की पत्नी सुशीला कुजूर ने दिए थे शूटरों को पैसे

# जेल में बंद अपराधियों के इशारे पर की गयी थी अकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या

### हत्या का खुलासा

### पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची पुलिस ने सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में जमीन कारोबारी कमल भूषण के अकाउंटेंट संजय कुमार हत्याकांड का खुलासा करते हुए पांच आरोपी को गिरफ्तार किया है। संजय कुमार की हत्या कमल भूषण हत्याकांड के आरोप में जेल में बंद डब्लू कुजूर और राहुल कुजूर के इशारे पर की गई थी। गिरफ्तार आरोपी में संदीप कुमार प्रसाद उर्फ धाबूस, आकाश कुमार वर्मा उर्फ शिवा उर्फ बालकटी, विवेक कुमार शर्मा उर्फ गुड्डू, शाहिल बारा ओर डब्लू कुजूर की पत्नी सुशीला कुजूर का नाम शामिल है। आरोपी के निशानदेही पर एक देशी पिस्टल ओर सात मोबाइल बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार पांच जुलाई को जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार देवी मंडप रोड स्थित यामिनी इनक्लेव स्थित अपने ऑफिस से घर वापस जाने के क्रम में संध्या करीब सवा चार बजे जतरा मैदान के सामने मोटरसाईकिल पर सवार दो अज्ञात अपराधकर्मी के द्वारा पीछा करते हुए 4-5 गोली मार कर हत्या कर दिया था।

इस कांड के उद्भेदन के लिए कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी टीम सीसीटीवी फुटेज से पहचान करते दो अपराधी संदीप कुमार प्रसाद उर्फ धाबूस एवं आकाश वर्मा उर्फ शिवा उर्फ बालकटी को गिरफ्तार किया। दोनों अपराधी ने पूछने पर बताया कि यह कांड मृतक कमल भूषण हत्या कांड में बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा में बंद डब्लू कूजुर एवं राहुल कूजुर के द्वारा कराया गया। इस घटना को अंजाम देने में डब्लू कूजुर की पत्नी सुशीला कुजुर के द्वारा शाहिल बाड़ा के माध्यम से दोनों शूटरों को पैसा उपलब्ध करया गया था।घटना को अंजाम देने के बाद दोनों शूटरों द्वारा हथियार को विवेक कुमार शर्मा उर्फ गुड्डू को छिपाने के लिये दिया गया था।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी में मारपीट चार लोग हिरासत में



**रांची।** रांची के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को मारपीट हो गयी। मामले में पुलिस ने चार लड़कों को हिरासत में लिया है। मारपीट में इकोनॉमिक्स डिपार्मेंट का आयुष नाम का छात्र जख्मी हो गया। लोगों ने बताया कि आयुष पर चाकू से हमला किया गया। आयुष को 10 लड़कों ने घेर लिया। फिर उसे बेल्ट से मारने लगे। जब आयुष बेदम हो गया तो उसपर लड़कों ने चाकू से हमला किया। हमले में आयुष का सिर भी फट गया। आयुष खुद को किसी तरह से बचाते हुए सेंट्रल लाइब्रेरी की ओर भागा और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय कैंपस में आया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद विश्वविद्यालय ने आयुष को घर भेज दिया।

# 121 करोड़ के ट्रांजेक्शन मामले में इडी उगलवा रही है हरीश से राज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** इडी ने ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के सीए मुकेश मित्तल के सहयोगी हरीश यादव को पीएमएलए कोर्ट में रिमांड मिलने के बाद इडी अब उससे 121 करोड़ की राशि के ट्रांजेक्शन के मामले में पूछताछ कर रही है। हरीश यादव को इडी ने 12 जुलाई को गिरफ्तार किया था। इडी की पूछताछ में हरीश ने कहा कि उसने वीरेंद्र राम के कहने पर वीरेंद्र राम टेंडर से कमीशन के तौर पर होने वाली अपनी काली कमाई को हवाला सहित अन्य माध्यमों से सीए मुकेश मित्तल के पास पहुंचाता था। सीए इसकी लॉन्ड्रिंग कर बीरेंद्र की पत्नी राजकुमारी और पिता गेंदा राम सहित अन्य रिश्तेदार के खाते में ट्रांसफर करता था। इस काम को अंजाम देने के लिए सीए के सहयोग से ताराचंद ने अपनी तस्वीर का इस्तेमाल कर फर्जी आधार और पैन कार्ड बनवाए थे। इन्हीं फर्जी दस्तावेज के आधार पर तीन कंपनियां बनाई गई थी।

**तीनों कंपनियों के लिंक्ड मोबाइल रखता था हरीश :** इधर जांच में पाया गया कि हरीश यादव के पास फर्जी दस्तावेज पर खोली गई तीनों कंपनियों के लिंक्ड मोबाइल रहता था। खातों का पैसा ट्रांसफर करने की स्थिति में वह नीरज मित्तल या ताराचंद के बैंक द्वारा भेजे गए ओटीपी की जानकारी देते थे। हरीश ने अपने मोबाइल पर कोई औईकूल टेक्नोलॉजी नाम की कंपनी बना रखी थी। वह अपनी इस कंपनी से भी मनी लॉन्ड्रिंग करता था। उसने वीरेंद्र राम की काली कमाई से 10 लाख रुपए की लॉन्ड्रिंग की और मनीष के खाते में ट्रांसफर किया। बाद में यह पैसे गेंदा राम के अकाउंट में भेज दिया गया। इडी ने बताया कि हरीश को यह पैसे हवाला कारोबारी राम प्रकाश भाटिया ने दी थी।

गौरतलब हो कि इससे पहले नीरज मित्तल, ताराचंद और राम प्रकाश भाटिया को भी गिरफ्तार किया गया था। आरोपी हरीश यादव पर वीरेंद्र राम के कमीशन के पैसे को ब्लैक से व्हाइट करने में सहयोग करने का आरोप है।

## मुख्य सचिव के संज्ञान में लाया जायेगा विधि पोर्टल के इफेक्टिवनेस की ऑडिट

**रांची।** राज्य सरकार के विभागों द्वारा ससमय शपथ पत्र दाखिल नहीं किए जाने मामले को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट ने इस बात से नाराजगी जताई कि विधि पोर्टल के इफेक्टिवनेस का ऑडिट अब तक नहीं किया गया है। विधि पोर्टल में त्रुटि दूर करने के संबंध में कोर्ट ने मई 2023 में आदेश जारी किया था। जिसका अनुपालन नहीं हो सका है। कोर्ट ने विधि पोर्टल के इफेक्टिवनेस का ऑडिट नहीं होने की बात को राज्य के मुख्य सचिव के संज्ञान में लाने का निर्देश दिया ताकि मई 2023 में कोर्ट द्वारा इस संबंध में दिए गए आदेश का पालन हो सके।

हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 11 अगस्त निर्धारित की। सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने पैरवी की। वही एमिकस क्यूरी अधिवक्ता आरआर मिश्रा कोर्ट में पक्ष रखा।

## इडी ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र, कहा

# बजरा मौजा की 7.16 एकड़ जमीन को लेकर दर्ज कराएं प्राथमिकी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने पीएमएलए की धारा 66 (2) के तहत मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को पत्र भेजकर हेहल अंचल के बजरा मौजा की 7.16 एकड़ जमीन पर एफआईआर दर्ज करने को कहा है। इडी ने बीते 12 जून को बजरा मौजा की 7.16 एकड़ जमीन, जिसका बाजार मूल्य 32.87 करोड़ रुपये है, उसे अस्थाई तौर पर जब्त किया है।

**जमाबंदी रद्द करने का दिया था आदेश :** रांची के तत्कालीन डीसी छवि रंजन ने अपने कार्यकाल के दौरान हेहल अंचल के बजरा मौजा की 7.16 एकड़ जमीन की 82 साल पहले से चली आ रही जमाबंदी को रद्द करने का आदेश दिया था।

साथ ही अंचल अधिकारी द्वारा तैयार सादा पंचनामा को सही करार देते हुए विनोद सिंह के नाम पर म्यूटेशन करने का आदेश दिया था। इसके बाद विनोद सिंह से जमीन खरीदने वालों के आवेदन पर 150 पुलिस जवानों को तैनात कर जमीन की घेराबंदी करवा दी गयी थी। मामले में तत्कालीन आयुक्त ने सरकार से उपायुक्त सहित जालसाजी में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की अनुशंसा की थी हालांकि सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### विष्णु की बढ़ी मुश्किलें 17 लोगों को इडी का समन

**चर्चित** कारोबारी और न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल पर इडी का शिंकजा लगातार कसता ही जा रहा है। चेसायर होम, आर्मी जमीन के बाद अब पुगडु में उनके द्वारा खरीदी 9.30 एकड़ खासमहल जमीन की डील को लेकर भी इडी ने जांच शुरू कर दी है। जमीन से जुड़े 17 लोगों को इडी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। विष्णु अग्रवाल से भी इडी 17 को पूछताछ करने वाली है। डील से जुड़े 17 लोगों से इडी 19 के बाद सभी से रोजाना पूछताछ करेगी।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा (नजारत शाखा)**

**शुद्धि पत्र**

प्रकाशित PR No. 301875 एवं इस कार्यालय के पत्रांक 176/नजा0 दिनांक 08.07.2023 द्वारा विशिष्ट माननीयों के लोहरदगा में आगमन के अवसर पर सामग्रियों, टेन्ट/जर्मन हैंगर, अस्थायी विद्युतीकरण, ध्वनि विस्तारक यंत्र इत्यादि आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण की सूचना प्रकाशित किया गया है जिसमें तकनीकी बीड के कंडिका VI में उल्लेखित बिन्दु" राष्ट्रस्तर पर माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार एवं राज्यस्तर पर माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार के आगमन पर अन्य जिलो में समुचित कार्य करने का 03 वर्षो का अनुभव प्रमाण पत्र तथा कार्य आदेश की छायाप्रति" के स्थान पर **"राष्ट्रस्तर पर महामहिम राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार एवं राज्यस्तर पर महामहिम राज्यपाल, माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार एवं के आगमन पर अन्य जिलों में समुचित कार्य करने का 03 वर्षो का अनुभव प्रमाण पत्र तथा कार्यादेश की छायाप्रति"** संलग्न किया जायेगा।

इस हद तक पूर्व प्रकाशित बीड हेतु आमंत्रण संबंधी सूचना संशोधित समझी जायेगी।

PR 302342 Lohardaga(23-24)#D — उपायुक्त, लोहरदगा

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, (एन॰आर॰ई॰पी॰), चतरा।**
Email Add: nrepchatra@gmail.com

**शुद्धि–पत्र**

एन. आर. ई. पी., चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट DMFT मद योजना अन्तर्गत् ई– अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना सं.–EE/NREP/CHATRA/17/2023, दिनांक–04.07.2023, जिसकी प्राप्ति की अंतिम तिथि 19.07.2023 है, जिसका P.R. No. 302254 NREP (22-23)_D है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि 15.07.2023 के जगह पर टणकिय भुल वश 15.03.2023 हो गया है। उसके स्थान पर 15.07.2023 ही समझा जाय।
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 22.07.2023 अपराहन 5.00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः– 24.07.2023 पूर्वाहन 10.00 बजे से अपराहन 3.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 25.07.2023 पूर्वाहन 2.00 बजे।
1. अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी., चतरा।

PR 302372 NREP(23-24)D

**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, चतरा।**
पता–ब्लॉक कैम्पस, सदर अस्पाताल रोड
थाना+जिला–चतरा, पिन–825401
Email Id- mdmchatradse@gmail.com Phone No.- 06541-296111

**आवश्यक–सूचना**

झारखण्ड निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली प्रथम संशोधन 2019 तथा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड, रॉची (प्राथमिक शिक्षा निदेशालय) के अधिसूचना संख्या 629 दिनांक 25.04.2019 के तहत् झारखण्ड राज्य के अंतर्गत संचालित सभी निजी (गैर सरकारी) विद्यालयों का मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य है।

उक्त के आलोक मे चतरा जिला अंतर्गत संचालित सभी सक्षम निजी गैर सरकारी विद्यालयों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली प्रथम संशोधन 2019 के तहत निर्धारित मापदण्डो के अनुसार जिला से मान्यता प्राप्त करने हेतु दिनांक 20.07.2023 तक https://rte.jharkhand.gov.in पर जाकर ऑन–लाईन आवेदन कर सकते है। झारखण्ड निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली प्रथम संशोधन 2019 के तहत मान्यता प्राप्त करने हेतु विहित प्रपत्र एवं नियमावली जिले के वेबसाईट www.chatra.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त तिथि तक आवेदन नही करने वाले निजी गैर सरकारी विद्यालयों पर नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई की जायेगी।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, चतरा।

PR 302401 School Education and Literacy(23-24)D


# लाइट हाउस के लाभुकों का निगम कार्यालय में हंगामा




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** धुर्वा में निमार्णाधीन लाइट हाउस प्रोजेक्ट में फ्लैट बुक करने वाले लाभुकों ने निगम कार्यालय पहुंच कर हंगामा किया। दरअसल रविवार रात करीब 12:30 लाइट हाउस के एक ब्लॉक में निमार्णाधीन लिफ्ट का हिस्सा गिर गया था। इस दौरान इतनी तेज आवाज हुई कि बगल की बस्ती के लोग मौके पर जमा हो गए, जिसे पुलिस ने खदेड़ कर हटाया। पुलिस के खदेड़ने के कारण ही लोगों ने हंगामा मचाया।

गौरतलब हो कि लाभुकों में फ्लैट की क्वालिटी को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है। बता दें कि गरीबों को रियायती दर पर आशियाना देने के लिए पीएम मोदी ने झारखंड सहित देश के छह राज्यों में लाइट हाउस प्रोजेक्ट की शुरूआत की थी।

**अधिकारियों ने समझाया तब शांत हुए लोग :** वहीं फ्लैट के लिए पैसे जाम कर चुके लोगों का कहना है कि जब से निर्माण की गड़बड़ी सामने आई है, तब से हम फ्लैट को देखने के लिए साइट पर जाना चाहते हैं लेकिन हमे वहां जाने नहीं दिया जा रहा है। बिल्डिंग बनने से पहले गिरने लगी है, इसलिए हम खुद जाकर निर्माण कार्य की समीक्षा करना चाहते हैं।

# झारखंड का पहला महिला पुस्तकालय गुमला के नाम

**संजीव मिश्रा**




**रांची।** झारखंड में गुमला के डीसी सुशांत गौरव की पहल पर महिलाओं के लिए झारखंड का पहला पुस्तकालय स्थापित किया गया है। जहां वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकती हैं। सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह एक पूर्णतः महिला पुस्तकालय है जो आत्मनिर्भर है और सरकारी हस्तक्षेप से मुक्त है। इस पुस्तकालय का नाम देश की पहली महिला शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता सावित्री बाई फुले के नाम पर रखा गया है। पुस्तकालय में एक समय में 300 महिलाओं के बैठने की क्षमता है और इसका प्रबंधन समाज के सदस्यों वाली एक संचालन समिति द्वारा किया जाएगा। यह सभी बुनियादी सुविधाओं जैसे मुफ्त वाई-फाई, कंप्यूटर सिस्टम के साथ-साथ विभिन्न विषयों की पुस्तकों से भी सुसज्जित है जो सभी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मददगार साबित होगी। छात्र लगातार 13 घंटे तक लाइब्रेरी में बैठ सकते हैं।

पुस्तकालय कर्मचारियों के रख रखाव और वेतन जैसी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए ₹150 प्रतिमाह सदस्यता शुल्क रखा गया है जबकि दिव्यांग और अनाथ छात्रों के लिए कोई शुल्क नहीं रखा गया है। डीसी ने कहा कि पुस्तकालय में प्रेरक कक्षाएं भी आयोजित की जाएंगी जो लड़कियों पर केंद्रित होंगी। उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता, एनीमिया आदि जैसे मुद्दों पर भी प्रशिक्षित किया जाएगा। यह लाइब्रेरी सिर्फ लड़कियों के लिए शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि लड़कियों को न्यूनतम 100 एमबीपीएस की स्पीड के साथ सोलर बैक-अप के साथ 24 घंटे बिजली की आपूर्ति के साथ मुफ्त वाई-फाई की सुविधा मिलेगी। दो मंजिला लाइब्रेरी में लड़कियों पर केंद्रित करीब 15000 किताबें हैं।


**कार्यालयः– जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू**
जेलहाता, रोड, मेदिनीनगर, पलामू /ईमेल आई0डीः–pmupalamu@gmail.com

पत्रांक :– **विज्ञापन संख्या– 02/2023** दिनांक :–

अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक 171 (03) ब0यो0 दिनांक 25.02.2023 के निर्देश के आलोक में पलामू जिला में "चलंत ग्राम क्लीनिक" में outsourcing व्यवस्था के तहत कार्य लेने हेतु निम्न पदों पर एक वर्ष की नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित की जाती है।

| क0सं0 | पद का नाम | योग्यता |
|---|---|---|
| 01 | आयुष चिकित्सक | Bachelor in Ayurved/ Homoeopath/ Unani with working knowledge of computer. |
| 02 | चिकित्सा सहायक | B.Sc Nursing/ GNM or B.Sc Community Health or Bachelor/ Diploma in pharmacy from recognize University/Institution. |

01. चयनित कर्मियों का एक (01) वर्ष के लिए कार्य लिया जायेगा। कार्य संतोष जनक पाये जाने पर या परियोजना के विस्तार होने पर अवधि विस्तार की जायेगी।
02. आवेदन हेतु आवेदनकर्त्ता का अधिकतम उम्र सीमा सामान्य वर्ग हेतु 35 वर्ष, अत्यंत पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के लिए 38 वर्ष, अनुसुचित जाति एवं जनजाति हेतु 40 वर्ष होगी।
03. इच्छुक अभ्यार्थी अपने सभी प्रमाण पत्र (मैट्रिक से लेकर उच्च स्तर तक, जाति, आवसीय) प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक 24.07.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन से आहूत अन्तरवीक्षा/स्कील टेस्ट में उप विकास आयुक्त के सभागार, पलामू में आना सुनिश्चित करेंगे।
04. आवेदक को यह नियुक्ति outsourcing व्यवस्था के तहत की जा रही है भविष्य में नियमित/अनुबंध पर नियुक्ति करने का दावा मान्य नहीं होगा।
05. विज्ञापन किसी भी समय रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
06. विज्ञापन की शर्त www.palamu.nic.in में भी देखी जा सकती है।
07. नियुक्ति प्रक्रिया में स्थानीय उमीदवार को प्राथमिकता दी जायेगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 302400 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24*D


# चन्द्रयान-3 की लॉन्चिंग गर्व का क्षण पर केंद्र सरकार कम करे हमारे उद्योगों का गम : बंधु

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने चन्द्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग को लेकर कहा है कि यह पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है लेकिन झारखण्ड के परिप्रेक्ष्य में हमारी खुशियां बहुत ही खास है। उन्होंने कहा कि चन्द्रयान-3 को जिस एसएलपी-सेकेंड लॉन्चिंग पैड से अंतरिक्ष में सफलता के साथ भेजा गया है उसकी डिजाइन टर्न-की प्रोजेक्ट के आधार पर रांची के मेटालर्जिकल एंड इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (मेकॉन) द्वारा तैयार किया गया था जबकि उसका निर्माण रांची में सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम एचईसी में किया गया। उन्होंने कहा कि देशहित में एचईसी और मेकॉन ने आज फिर से अपनी सार्थकता एवं उपयोगिता प्रमाणित कर दी है।

### सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों-उपक्रमों के साथ केंद्र का रवैया उपेक्षापूर्ण

बंधु तिर्की ने कहा कि वर्तमान समय के भाजपा शासन काल में यह और भी निराशा की बात है कि केन्द्र न केवल रांची या झारखण्ड बल्कि देश भर में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों–उपक्रमों के साथ उपेक्षापूर्ण रवैया अपना रही है जिसका खामियाजा झारखण्ड के औद्योगिक क्षेत्र को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को निजी क्षेत्र से तीव्र प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है और केन्द्र सरकार की सकारात्मक एवं अनुकूल औद्योगिक नीति नहीं होने के कारण कुल मिलाकर देश में आर्थिक एवं औद्योगिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस स्थिति में भी वही एचईसी, देश का गर्व, सम्मान और अभिमान बढ़ा रहा है जिसके पास अपने अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों को वेतन देने तक की राशि का अभाव है।

### केंद्र सरकार एचइसी की गरिमा लौटाने की जल्द शुरू करे पहल

बंधु तिर्की ने कहा कि जिस प्रकार से चन्द्रयान–3 की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग की गयी है उसको देखते हुए केन्द्र सरकार को एचईसी, मेकॉन जैसे उपक्रमों के सम्बंध में अविलंब सकारात्मक निर्णय लेना चाहिये और देश हित में औद्योगिक नीति का पुर्ननिर्धारण करना चाहिये। श्री तिर्की ने विश्वास व्यक्त किया कि केन्द्र सरकार न सार्वजनिक उपक्रमों के आधुनिकीकरण पर ध्यान देगी बल्कि, अच्छे, कुशल, अनुभवी एवं ईमानदार अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करेगी क्योंकि आज इन्ही कारणों से रांची एवं झारखण्ड सहित अन्य स्थानों पर अवस्थित भारत सरकार के अनेक सार्वजनिक उपक्रमों को उपेक्षा का दंश झेलना पड़ रहा है।


**झारखंड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला।**
**ई– अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई–पुनर्निविदा संख्याः- 01/R4/2022-23/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक : 13-07-2023**

1. कार्य का नाम

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | निविदा आमंत्रण सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/W/EE/ GUMLA/02/ 2022-23 | Construction of Road from PMGSY Road to Sarnatoli Bimarla via Bimarla High School Part-B | 9883900.00 | अन्ठानब्बे लाख तिरासी हजार नौ सौ रू0 मात्र | 3 माह | चतुर्थ |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथिः– 15.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 22.07.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल रॉची अथवा जिला नियंत्रण कक्ष, रॉची (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 24.07.2023 अपराह्न 10.00 बजे से 2.00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पीन कोड– 835207 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (24.07.2023 अपराह्न 2.00 बजे) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 25.07.2023 अपराह्न 11.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य, विभाग कार्य प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पिन– 835207।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8292435100.
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला के पक्ष में एवं गुमला में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 302337 Rural Work Department(23-24)D

## बढ़ती भूखमरी

संयुक्त राष्ट्र की हालिया प्रकाशित रिपोर्ट में चिंता जताई गई है कि वर्ष 2030 तक भूख,खाद्य असुरक्षा व कुपोषण को खत्म करने के जो लक्ष्य निर्धारित किये गये थे, उन्हें पूरा करना अब मुश्किल नजर आता है। उल्लेखनीय है कि दुनिया में खाद्य संकट से प्रभावित देशों में बारह देश अफ्रीका से, एक कैरिबियन देश हैती व दो एशिया से अफगानिस्तान व यमन हैं। इस भुखमरी के मूल में जहां सशस्त्र संघर्ष, कर्ज का बोझ, बेरोजगारी व गरीबी का दायरा है, वहीं कुशासन की भी बड़ी भूमिका है। निस्संदेह, पहले कोरोना महामारी और फिर यूक्रेन संकट ने इस विभीषिका को विस्तार ही दिया है। यही वजह है कि दुनिया के करीब तीन अरब लोग स्वस्थ व्यक्ति के लिये जरूरी खुराक जुटाने में असमर्थ हो गये हैं। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि विभिन्न देशों की सरकारें आर्थिक विसंगतियां दूर करने को ईमानदार प्रयास क्यों नहीं करती। इस संकट को दूर करने के लिये कारगर रणनीति क्यों नहीं बनती , जिसके चलते भुखमरी व कुपोषण का संकट विकराल रूप में उपस्थित होता है। विश्व में करीब तीन अरब लोगों का स्वस्थ जीवन के लिये जरूरी खुराक न जुटा पाना इसकी बानगी है। हालांकि, पहले से जारी संकट को बढ़ाने में कोरोना संकट के दौरान उपजी महंगाई की बड़ी भूमिका है, लेकिन इसके मूल में सत्ताधीशों की काहिली भी है। कहना कठिन है कि कोरोना संक्रमण रोकने के लिये लागू किये गये कठोर उपायों से कितना संक्रमण रुका,लेकिन गरीबी की दलदल को इसने जरूर बढ़ा दिया। सवाल उठता है कि विभिन्न वैश्विक संस्थाएं व इन मामलों के विशेषज्ञ गरीबी-भुखमरी दूर करने के लिये दूरगामी रणनीति क्यों नहीं तैयार करते। यही वजह है कि इस संकट से निबटने के लिये बनायी रणनीतियां व्यावहारिक धरातल पर कारगर साबित नहीं हो रही हैं।

## डूबती दिल्ली

यमुना का जल स्तर पिछले 45 साल के रिकॉर्ड को तोड़ रहा है। यमुना का जल स्तर 208.55 मीटर तक पहुंच गया, जबकि दिल्ली में यमुना के खतरे का निशान 205.33 मीटर ही है। उस पर केंद्रीय जल आयोग की भविष्यवाणी डरा रही है कि बुधवार की रात को यमुना का जलस्तर 207.72 मीटर तक पहुंचने की आशंका है। इससे दिल्ली का यातायात भी प्रभावित हो रहा है। तटों की तरफ लोगों की आवाजाही रोकने के लिये धारा 144 लगाई गई है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने केंद्रीय गृहमंत्री को भेजे पत्र में चिंता जाहिर की है कि हथिनी कुंड बैराज से ज्यादा पानी छोड़े जाने से यह संकट पैदा हुआ है। उन्होंने चेताया है कि यदि बाढ़ आती है तो आने वाले दिनों में दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर की मेजबानी के चलते दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जायेगा। मौसम विभाग ने पंद्रह व सोलह जुलाई के लिये बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। दरअसल, वर्ष 1978 में जब यमुना का जल स्तर 207.49 हुआ तो दिल्ली को भारी बाढ़ का सामना करना पड़ा था। लेकिन तब यमुना के किनारे बांध नहीं बनाये गये थे। केंद्र सरकार ने हथिनी कुंड बैराज का पानी रोकने में असमर्थता जाहिर की है। हालांकि हिमाचल आदि से पानी कम आ रहा है, लेकिन फिर भी पानी का जलस्तर बढ़ने की आशंका है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2010 में यमुना का जल स्तर 207.11 व वर्ष 2013 में जल स्तर 207.32 मीटर होने पर भी दिल्ली को बाढ़ का सामना करना पड़ा था। फिक्र की बात यह है कि उत्तराखंड व हिमाचल की नदियों का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है, जिसके चलते दिल्ली सरकार ने निचले इलाके के लोगों से तुरंत घर खाली करके सुरक्षित स्थानों पर चले जाने को कहा गया है। वहीं केंद्रीय जल आयोग की जल स्तर बढ़ने की चेतावनी लोगों की चिंता बढ़ा ही रही है।

# कानून के शासन की सफलता के लिये तत्व




**समाज** की सभी समस्याओं का समाधान विधि के शासन में निहित है। फिर वे समाज के किसी भी वर्ग से क्यों न जुड़ी हों। चाहे वामपंथ हो या दक्षिणपंथ, उदारवादी हों या रूढ़िवादी, उन सभी का भी ऐसा ही विश्वास है। इससे जुड़े नियमों को लेकर उनमें मतभेद हो सकते हैं, लेकिन इस पर उनकी सहमति होगी कि विधि का शासन कायम रहना चाहिए। हालांकि विधि के शासन को लेकर एक सच्चाई यह भी है कि वह सभी परिस्थितियों में कारगर नहीं हो सकता और इसका कोई वास्तविक प्रमाण भी नहीं कि असल में यह ऐसा ही करता है। कुछ उदाहरण इस बिंदु को पुष्ट करेंगे।

पिछले महीने की ही बात है जब अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने पांच दशक पुराना एक कानून अमान्य कर दिया, जो महिलाओं के गर्भपात कराने के अधिकार से जुड़ा था। अब इस अधिकार से जुड़े मामले राज्य तय करेंगे। इससे पहले अप्रैल में स्वीडन में एक नेता द्वारा कथित ईशनिंदा के बाद दंगे भड़क गए थे, जिस पर प्रधानमंत्री मैग्डालेना एंडरसन ने कहा कि एकीकरण की प्रक्रिया नाकाम रही और मुख्यधारा का स्वीडिश समाज एवं प्रवासी नागरिक एक ह्यसमांतर समाजोंह्ल में रहते रहे।

पूर्व जर्मन चांसलर एंगेला मर्केल ने स्वीकार किया कि 2018 में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए कुछ क्षेत्र वर्जित थे। उनका संकेत कुछ शहरों में पृथक मुस्लिम बस्तियों की ओर था। इसी तरह 1990 के अंतिम दौर से लेकर 2013 के बीच सैकड़ों किशोरवय ब्रिटिश युवतियों को कुछ पाकिस्तानी गिरोहों ने अपने जाल में फांसकर ह्यविवाहह्ल रचाया और सब कुछ जानते हुए भी पुलिस इसी डर से शांत रही कि कहीं कोई कार्रवाई उन्हें नस्लवादी या इस्लामोफोबिक न ठहरा दे।

भारत में तो हमें किसी और से नहीं, बल्कि सीधे उच्चतम न्यायालय से ही पता चलता है कि विधि का शासन काम नहीं कर रहा जब वह बिना पलक झपकाए यह टिप्पणी कर देता है कि भाजपा की एक पूर्व प्रवक्ता का बयान ही उदयपुर में हुई एक नृशंस हत्या के लिए जिम्मेदार है। करीब 20 राज्यों में बिना अनुमति के गोवंश की आवाजाही की अनुमति नहीं है, लेकिन अधिकांशतः पुलिस इस कानून के पालन में शिथिलता का परिचय देकर गोरक्षक समूहों पर दारोमदार छोड़कर इस कानून का अवमूल्यन करती है। कुछ राज्यों में धर्मांतरण पर प्रतिबंध है, लेकिन इसके बावजूद धर्मांतरण रुका नहीं। अपने मौजूदा राजनीतिक दल से इस्तीफा दिए बिना दलबदल पर रोक के लिए कानून है, लेकिन किसी भी तरह दलबदल तो हो रहा है। बीते दिनों महाराष्ट्र में हमने इसकी झलक देखी।

इस लेख की शुरूआत विदेशी उदाहरणों से करने की वजह बहुत सीधी है। हम जानते हैं कि भारतीय राज्य अक्सर कानूनों को निष्पक्ष या प्रभावी रूप से लागू करने में अनिच्छुक दिखता है, लेकिन साथ ही हम यह भी मानते हैं कि अमीर देश विशेषकर अनुकरणीय लोकतंत्र वाले नॉर्डिक देशों में यह काम कहीं बेहतर ढंग से होता आया है। यह पूरी तरह सही नहीं। स्वीडिश प्रधानमंत्री के विलग समाजों से जुड़े बयान की मिसाल ही ले सकते हैं। जब आप वैकल्पिक सामाजिक वास्तविकताओं में रहते हैं तो अलग-अलग कानूनों की अपेक्षा भी करने लगते हैं। यहीं विधि का शासन नाकाम होता है।



- आर जगन्नाथ

> यह स्थिति ठीक 1991 जैसी नहीं लेकिन उससे काफी समान होगी। अभी कोई संकट नहीं है क्योंकि विदेशी मुद्रा का भंडार सहज है, रुपया आधारित सॉवरिन कर्ज बाजार से निकलना महंगा पड़ेगा मगर इन हालात पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है। हालात ऐसे नहीं हैं, जिन्हें ठीक न किया जा सकता हो। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मध्यम अवधि की योजना की तत्काल जरूरत है।

विधि का शासन दो से तीन महत्त्वपूर्ण परिस्थितियों या कहें कि शर्तों के अंतर्गत ही कारगर होता है और आधुनिक समाजों में जहां परिवर्तन बहुत तेजी से होते हैं, वहां ऐसी परिस्थितियां लंबे समय तक कायम नहीं रह पातीं। पहली शर्त तो यही कि समाज में एक अत्यंत सशक्त हित समूह हो, जो कानूनों (विधियों) के पारित होना और उनका प्रवर्तन चाहता हो। दूसरी शर्त यही कि ऐसा करने में राज्य स्वयं पर्याप्त रूप से सक्षम होना चाहिए और तीसरी यही कि जब समाज में परिवर्तन हो तो कानून इतने ललीचे होने चाहिए कि वे भी समयानुसार तेजी से बदल जाएं। परंतु जब बड़े समुदाय ह्यसमांतरह्ल दुनिया में रहने लगें तो यह परिवर्तन तेजी से आकार नहीं ले पाता।

चौथे बिंदु को मैं विशेष रूप से रेखांकित करना चाहूंगा। यह एक ही समाज के विभिन्न समुदायों से जुड़ा है। इसे उदाहरण से समझते हैं। जैसे भारत में ही यदि हिंदू और मुस्लिम तबके गोवंश वध पर प्रतिबंध, या फिर सार्वजनिक स्थलों पर नमाज पढ़ना या मस्जिदों के पास तेज आवाज संगीत जैसे मसलों पर सहमत नहीं हो पाते तो फिर कोई भी तटस्थ कानून कारगर नहीं हो सकता, जैसा कि हम भारत में बार-बार होता देखते हैं। यह मुझे एक संबंधित बिंदु की ओर ले जाता है। भारत के संविधान या भारतीय दंड संहिता में उल्लिखित शब्दों का तब कोई महत्त्व नहीं रह जाता जब उनसे जुड़े समुदाय ही उन पर सहमत नहीं या फिर वे उनके क्रियान्वयन में सहयोग नहीं करते। अगर जनता का एक बड़ा हिस्सा जिन कानूनों को नहीं चाहता तो कोई विधि का शासन नहीं हो सकता।

सीधे शब्दों में कहें तो कानूनों को कारगर बनाने के लिए लेन-देन पर आधारित सामुदायिक स्तरीय वार्ता होनी चाहिए। आप सार्वभौमिक अधिकारों को कानूनी आवरण नहीं दे सकते और तब यह अपेक्षा अनुचित होगी कि जो समुदाय ऐसे कानून न चाहते हों, वे भी उनका पालन करें। स्वीडन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ईशनिंदा का अधिकार देती है, लेकिन वहां प्रवासी समाज को यह नागवार गुजरता है। ऐसे में किसी कारगर कानून के लिए कोई सहमति वाला मध्यमार्ग निकालना होगा, जिसमें स्वीडन के मुख्यधारा से जुड़े नेता इस पर सहमत हों कि ईशनिंदा की स्थिति में दोनों पक्ष क्या करेंगे और प्रवासी इस पर सहमति जताएं कि वे एक मयार्दा रेखा का कभी उल्लंघन नहीं करेंगे। प्रवासियों की बात भूल जाएं अमेरिका में तो श्वेतों के एक ही नस्लीय समूह में ही उदारवाद या परंपराओं को लेकर तकरार हो जाती है। यदि उदारवादी परंपरावादियों के साथ मिलकर बैठने को ही तैयार नहीं होंगे तो इस प्रकार वे किसी लोकतंत्र को कारगर बनाने के लिए बुनियादी सहमति की आवश्यकता को कमजोर कर रहे हैं। वास्तव में असहमति और विविधता का सम्मान किया जाना चाहिए।

### खास बात

## मंत्र की शक्ति

**स्वामी निरंजनानंद**

... क्या होगा अगर हम मंत्र के बारे में बात कर रहे थे?


मंत्र एक ऐसी शक्ति को दशार्ता है जो मन को पहचान की सामान्य अवस्था से मुक्त कर सकता है, और यह पूर्ण होने पर मन की अधिक रचनात्मकता और ग्रहणशीलता को प्रकट करने की अनुमति देता है।

**मंत्र एक ध्वनि कंपन है।**

ध्वनि कंपन शरीर, मस्तिष्क और मस्तिष्क के कंपन क्षेत्र को बदल सकते हैं और ध्वनि कंपन को मंत्र के रूप में जाना जाता है जो मानव शरीर के विभिन्न मानसिक केंद्रों या चक्रों से संबंधित हैं। मंत्र विभिन्न ध्वनियों, व्यंजन और स्वरों का एक संयोजन है, और मंत्र की पुनरावृत्ति के साथ मानव व्यक्तित्व में धीरे-धीरे कुछ परिवर्तन का अनुभव होता है। पहला अनुभव मानसिक शांति और ध्यान की एकाग्रता के साथ है। फिर एकाग्रता का क्रमिक विकास होता है जिससे संवेदी धारणाएं अलग-थलग पड़ती हैं और आंतरिक रूप से केंद्रित होती हैं। एक नई जागरूकता है, एक नई धारणा है, अपने आप उभर रही है। मन्त्र शब्द का अर्थ इसलिए एक शक्ति है जो मन को व्यवहार के ₹सामान्य₹ पैटर्न से मुक्त कर सकता है। विश्राम पहला कदम है, एकाग्रता दूसरा कदम है, गहन आंतरिक तनाव को छोड़ना तीसरा कदम है और रचनात्मकता को प्रकट करने की अनुमति देना मंत्र अभ्यास का चौथा चरण है।भारत और विदेशों में भी कई परंपराएं रही हैं, जो मंत्रों को धार्मिक रूप से धार्मिक मानते हैं। वास्तव में, योग यह सच नहीं है। कुंडलिनी योग की प्रथाओं और सिद्धांतों के अनुसार, हमारे शरीर में विभिन्न मानसिक केंद्र हैं। ये मानसिक केंद्र या चक्र ऊर्जा और चेतना की एक विशिष्ट अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं। जैसा कि हम इन विभिन्न मानसिक केंद्रों को विकसित करते हैं, हम धारणा के बदल राज्यों से गुजरते हैं। मन या धारणा के इन परिवर्तित राज्यों से डरने की कोई जरूरत नहीं है। नींद मन की एक परिवर्तित स्थिति है। प्रसन्नता और पीड़ा मन की परिवर्तित अवस्थाएँ हैं। परिवर्तित अवस्था का अर्थ है, जो मन की सामान्य गतिविधि से अलग है और जो इंद्रियों, बुद्धि और भावनाओं के प्रदर्शन पर हावी है। **रिखीया पीठ**

## प्रेम एक महान शक्ति

### धर्म-प्रवाह



**श्रीरामशर्मा आचार्य**

**प्रेम** ही एक ऐसी महान शक्ति है जो प्रत्येक दिशा में जीवन को आगे बढ़ाने में सहायक होती है। बिना प्रेम के किसी के विचारों में परिवर्तन नहीं लाया जा सकता। विचार तर्क-वितर्क की सृष्टि नहीं हैं। विचारणा तथा विश्वास बहुकाल के सत्संग से बनते हैं। अधिक समय की संगति का ही परिणाम प्रेम है। इसलिए विचार धारणा अथवा विश्वास, प्रेम का विषय है।

यदि हम दूसरों पर विजय प्राप्त करके उनको अपनी विचारधारा में बहाना चाहते हैं, उनके दृष्टिकोण को बदलकर अपनी बात मनवाना चाहते हैं, तो प्रेम का सहारा लेना चाहिए। तर्क और बुद्धि हमें आगे नहीं बढ़ा सकते है। विश्वास रखिए कि आपकी प्रेम और सहानुभूतिपूर्ण सभी बातों को सुनने के लिए दुनियाँ विवश होगी।

**असफलताओं का कारण**

हम दूसरों को बरवस अपनी तरह विश्वास, मत, स्वभाव एवं नियमों के अनुसार कार्य करने और जीवन व्यतीत करने के लिए बाध्य करते हैं। दूसरों को बरबस सुधार डालने, अपनेविचार या दृष्टिकोण को जबरदस्ती थोपने से न सुधार होता है, न आपका ही मन प्रसन्न होता है। यदि हम अमुक व्यक्ति को दबाएँ रखेंगे तो अवश्य परोक्ष रूप से हमारी उन्नति हो जायेगी। अमुक व्यक्ति हमारी उन्नति में बाधक है। अमुक हमारी चुगली करता है, दोष निकालता है, मानहानि करता है। अतः हमें अपनी उन्नति न देखकर पहले अपने प्रतिपक्षी को रोके रखना चाहिए-

**नेकियों** का सिला बदी में मिले,
और शोहरत की कमाई क्या है,
इस बुलंदी पे आ के जाना है,
अच्छा होने में बुराई क्या है..!

**– कुमार विश्वास, कवि**

### आपके ट्वीट

**गौरवपूर्ण पल!** श्रीहरिकोटा से चंद्रयान-3 के ऐतिहासिक सफल प्रक्षेपण की सभी को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।हमारे देश के कर्मठ और मेहनतकश वैज्ञानिकों की बदौलत हम नित नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। **– हेमंत सोरेन, सीएम**





**चन्द्रयान** तीन के अंतरिक्ष में प्रक्षेपण से 140 करोड़ भारतीयों का सीना गर्व से चौड़ा हो गयाहै। हमने अंतरिक्ष में एक नया इतिहास लिख दिया है। हमारे सभी वैज्ञानिकों को देश की आरे से बधाई।

**–नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# मजबूत हुई भारत व फ्रांस की मित्रता

### सामयिक

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

नरेन्द्र मोदी की फ्रांस यात्रा में ये प्रसंग भी चर्चा में रहे। यहां नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रपति ईमैनुअल, प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न और सीनेट अध्यक्ष जेरार्ड लार्चर के साथ बैठकें हुई। आर्थिक और व्यापार,ऊर्जा, पर्यावरण, शिक्षा, रेलवे, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और लोगों से लोगों के संपर्क जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। भारत और फ्रांस के बीच बहुआयामी सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की गई। पेरिस के प्रेसिडेंट पैलेस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार देर रात उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान ह्यद ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनरह्ल से नवाजा। वह यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गए हैं।


नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस में बसे प्रवासियों से भारत में निवेश की भी अपील की। साथ ही ये भी बताया कि फ्रांस और भारत के बीच डिजिटल पेमेंट को लेकर करार हुआ है। इसके तहत फ्रांस में भारत के यूपीआई से पेमेंट की जा सकेंगी। उन्होंने कहा जल्द ही इसकी शुरूआत एफिल टावर से होगी। भारत इस समय ॠ20 की अध्यक्षता कर रहा है। पहली बार किसी देश की अध्यक्षता में ऐसा हो रहा है कि उस देश के कोने-कोने में दो सौ से ज्यादा बैठकें हो रही हैं। पूरा ॠ20 समूह भारत की सामर्थ्य को देख रहा है। दोनों के बीच इतना विश्वास और सहयोग का माहौल पहले कभी नहीं था। यह विस्तार भी अभूतपूर्व है। इसमें सुदूर मिजार्पुर के छानबे ब्लाक से लेकर हिन्द महासागर का इलाका भी शामिल हुआ था फ्रांस बड़ी मात्रा में निवेश पर सहमत है।

जहाँ निवेश किया है, उस जगह जाना भी विदेशी राष्ट्रपति के लिए सुखद होता है। फ्रांस के राष्ट्रपति विंध्याचल यात्रा का यही उद्देश्य था। भारत और फ्रांस के बीच रक्षा और परमाणु ऊर्जा के अहम समझौते हुए थे। दोनों देश एक-दूसरे के जंगी जहाजों के लिए अपने नौसैनिक अड्डे खोलने के लिये राजी हुए थे। रक्षा और सामरिक जानकारी की उचित गोपनीयता भी कायम रखे जाने पर सहमति बनी थी। यह सहमति चीन और पाकिस्तान जैसे देशों के मद्देनजर बनाई गई थी। सामुद्रिक और सामरिक समझौतों से चीन की विस्तारवादी चाल का मुकाबला किया जा सकेगा। दोनों देशों के सैनिक एक दूसरे के सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल और साजो-सामान का आदान प्रदान भी कर सकेंगे। युद्ध अभ्यास, प्रशिक्षण, आपदा राहत कार्यों में दोनों देश सहयोग करेंगे। इसके अलावा शिक्षा, पर्यावरण, शहरी विकास, रेलवे, सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी सहयोग जारी है। आतंकवाद के खिलाफ साझा रणनीति पर अमल किया जा रहा है। अंतरिक्ष प्रौद्योगिक क्षेत्र में आपसी सहयोग तेज किया गया है।

इसका प्रयोग समुद्री क्षेत्र में किया जा रहा है। परमाणु सहयोग के तहत जैतापुर संयंत्र का कार्य जल्दी पूरा करने का करार हुआ था। यहाँ छह परमाणु संयंत्र लगाए जा रहे हैं। इसकी क्षमता सोलह सौ पचास मेगावाट होगी। महाराष्ट्र के तट पर बनने वाला यह देश का सबसे बड़ा न्यूक्लियर पार्क होगा। दोनों देशों का व्यापार अगले कुछ वर्षों में पन्द्रह अरब यूरो तक पहुँचने की संभावना है। इसका रोडमैप बना लिया गया है। दोनों देशों की कम्पनियों ने अलग से पन्द्रह अरब डॉलर के समझौते किये थे। मोदी की यह फ्रांस यात्रा अनेक अर्थों में उपयोगी है। इससे द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापारिक रिश्तों में बहुत सुधार हुआ। आपसी सहयोग आगे बढ़ा। चीन की विस्तारवादी गतिविधियों के विरोध में अब फ्रांस भी भारत के साथ आ गया है। फ्रांस ने माना कि वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति बहुत मजबूत हुई है। इसीलिए फ्रांस ने चीन के मुकाबले भारत का खुलकर साथ देने का निर्णय किया है। हिन्द महासागर में चीन कृत्रिम बन्दरगाह और सैन्य ठिकाने बना रहा है।

### कार्टून वर्ल्ड

प्रदूषित होता समुद्र



## महंगाई का राज

**महंगाई** की आग में पहले से जल रहे आम आदमी को अब रसोई गैस सिलेंडर की तपिश भी झेलनी पड़ेगी। रसोई गैस के बढ़ते दाम मध्यम परिवारों के बजट पर बुरा असर डाल रहे हैं, लेकिन दाम घटने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। वहीं गांव के लोग अब फिर चूल्हा जलाने को मजबूर हैं। यह महंगाई के खिलाफ लड़ाई को भी कमजोर बनाता है।

**–शैलेन्द्र चौहान,जमशेदपुर**

## बेहाल श्रीलंका

**कभी** सोने की लंका कहे जाने वाले पौराणिक देश श्रीलंका में जीवनयापन की मूलभूत जरूरतों को तरस रहे लोगों का सड़कों पर उतरना व राष्ट्रपति निवास पर कब्जा करके उन्हें देश छोड़ने पर बाध्य करना बदहाल व्यवस्था की तार्किक परिणति है। लोग भयावह महंगाई, खाद्यान्न संकट व पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत से कराह उठे हैं।

**- शिवशंकर उरांव, गुमला**

# बुजुर्गों के लिये कर में है विविध प्रकार के छूट

### आर्थिक

**अनुष्का चौधरी**

**आयकर** रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 31 जुलाई, 2023है, जिसमें अब तीन हफ्ते से भी कम वक्त बचा है। इसलिए करदाताओं को अब कर छूट से जुड़े दस्तावेज इकट्ठे करना और कर तथा रिटर्न भरने के नियमों से वाकिफ होना शुरू कर देना चाहिए। बुजुर्ग करदाता या वरिष्ठ नागरिकों को इस मामले में जल्दी करनी चाहिए क्योंकि उनके लिए कर से जुड़े नियम बिल्कुल अलग होते हैं।

'60 साल या उससे अधिक उम्र के निवासी व्यक्ति को आयकर के लिहाज से वरिष्ठ नागरिक माना जाएगा बशर्ते पिछले वित्त वर्ष के दौरान उसकी उम्र 80 साल नहीं हुई हो। 80 साल या उससे अधिक उम्र के निवासी व्यक्ति को अत्यंत वरिष्ठ नागरिक की श्रेणी में रखा जाता है।'

वरिष्ठ नागरिक अपने रिटर्न दाखिल करने के लिए आईटीआर-1 से आईटीआर-4 तक इस्तेमाल कर सकते हैं। कौन सा फॉर्म लेना है, यह उन्हें होने वाली आय पर निर्भर करेगा। वेद जैन ऐंड असोसिएट्स के पार्टनर अंकित जैन कहते हैं, 'जैसे रही फॉर्म में जन्मतिथि भरी जाती है वह खुद ही करदाता की उम्र निकाल लेता है और उसी के मुताबिक सही कर स्लैब चुनकर उस व्यक्ति की कर देनदारी तय कर देता है।' ट वरिष्ठ और अत्यंत वरिष्ठ नागरिकों को कुछ अन्य फॉर्म भी भरने पड़ सकते हैं मसलन फॉर्म 12बीबीए और फॉर्म 15एच। फॉर्म 15एच उन्हें स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) से बचा सकता है। यदि वरिष्ठ नागरिक का कर धारा 194पी के तहत काटा गया है तो उसे रिटर्न भरने की कोई जरूरत नहीं है। लेकिन यह रियायत हासिल करने के लिए उसे कुछ शर्तें पूरी करनी होंगी। आईपी पसरीचा ऐंड कंपनी में पार्टनर मणीत पाल सिंह शर्तें समझाते हुए कहते हैं, 'अत्यंत वरिष्ठ नागरिक की उम्र 75 साल या ज्यादा होनी चाहिए, पिछले वित्त वर्ष में उसे भारत का निवासी होना चाहिए और उसकी आय पेंशन एवं ब्याज से ही होनी चाहिए। इतना ही नहीं, ब्याज आय भी उसी बैंक से होनी चाहिए, जिसमें उसकी पेंशन आती है।'जो वरिष्ठ नागरिक ये शर्तें पूरी करते हैं, उन्हें 194पी का फायदा उठाने के लिए निर्धारित बैंक में फॉर्म 12बीबीए भरना होगा। यह फॉर्म भरने के लिए कोई मियाद तय नहीं की गई है मगर असुविधा से बचने के लिए इसे वित्त वर्ष की शुरूआत में ही हाथ से भरकर बैंक में जमा कर दिया जाना चाहिए।

टैक्मैन में उप प्रबंधक नवीन वाधवा का कहना है, 'सभी शर्तें पूरी करने वाले वरिष्ठ नागरिक धारा 194पी चुनकर उस जुमार्ने से बच सकते हैं, जो आखिरी तारीख तक रिटर्न दाखिल नहीं करने पर लगता है।' वरिष्ठ नागरिक भी कर बचाने के लिए किए गए निवेश पर कर छूट का दावा कर सकते हैं। पीएसएल एडवोकेट्स ऐंड सॉलिसिटर्स में असोसिएट पार्टनर सुविज्ञा अवस्थी बताती हैं, 'यदि वरिष्ठ नागरिक ने वरिष्ठ नागरिक बचत योजना और दूसरी कर बचाने वाली योजनाओं में निवेश किया है तो उसे धारा 80सी के तहत छूट मिल सकती है। स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम और ऐहतियातन कराई गई स्वास्थ्य जांच पर हुए खर्च का भी 80सी के तहत कर छूट के लिए दावा किया जा सकता है।' वरिष्ठ नागरिक अधिकतम 50,000 रुपये तक के प्रीमियम पर कर छूट हासिल कर सकते हैं।धारा 80डीडीबी इलाज पर हुए खर्च से जुड़ी है। यदि किसी वरिष्ठ नागरिक के इलाज पर रकम खर्च की गई है तो व्यक्ति 1 लाख रुपये तक के खर्च पर कर छूट का दावा कर सकता है। सुविज्ञा कहती हैं, 'यह कटौती या छूट सभी वरिष्ठ नागरिकों और अत्यंत वरिष्ठ नागरिकों को मिलती है।'


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### बाबूलाल से मिले प्रवीण मेहता



**रामगढ़।** रामगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने गुरूवार को बाबूलाल मरांडी के आवास पर जाकर पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने दी । उन्होंने बताया कि मरांडी एवं प्रवीण मेहता के बीच पार्टी और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। मेहता ने कहा कि मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर भाजपा ने न सिर्फ आदिवासियों का दिल जीता है बल्कि झारखंड को एक ईमानदार नेता भी दिया जिनके सुझबुझ भरे नेतृत्व से राज्य में पार्टी मजबूत होगी।

### आचार्यों को मिला प्रशस्ति पत्र



**रजरप्पा।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के शिक्षकों सहित विद्यालय के भैया–बहनों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा में उनके विचारों के लिए प्रधानमंत्री ने दिया प्रशस्ति पत्र।प्रतिवर्ष देश के माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा ' परीक्षा पे चर्चा ' कार्यक्रम में भयमुक्त एवं तनाव रहित परीक्षा हेतु शिक्षकों, अभिभावकों, छात्रों एवं बुद्धिजीवियों से उनके विचार आमंत्रित किए जाते हैं। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक –शिक्षिकाओं सहित भैया–बहनों ने भी हिस्सा लिया था। उनके विचारों एवं सुझावों के लिए उन्हें प्रशस्ति –पत्र मिला। इन्हें मिल सम्मान : राकेश कुमार सहाय, गायत्री कुमारी, ज्योति राजहंस, शुक्ला चौधरी, अशोक कुमार सुधांशू, गौतम कुमार तथा भैया–बहनों में आयुष कुमार भगत, आँचल कुमारी, अमीषा कुमारी, सुमित कुमार, मानशी कुमारी तथा प्रतिमा कुमारी।

### कॉलोनी का एसओसी ने किया निरीक्षण

**गिद्दी ।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदुर यूनियन के अरगड्डा क्षेत्रीय सचिव जन्मजय सिंह एवं गिद्दी सी परियोजना के मजदुर कॉलोनी वासियों द्वारा कॉलोनी में व्याप्त गंदगी और जर्जर पड़े सेफ्टी टैंक सहित कई समस्याओं से अरगड्डा प्रक्षेत्र के स्टॉफ ऑफिसर सिविल गौरव तिवारी को रूबरू करवाया गया। श्री तिवारी ने तमाम कॉलोनी का निरीक्षण किया और समस्याओं से अवगत होते हुए इसपर जल्द कार्रवाई करने की बात कही। इस मौके पर कृष्णा सिंह आशीष कुमार,साहेबराम टुड्डू, सोनू सिंह सहित अन्य कॉलोनीवासी मौजूद थे।

### खतियान संघर्ष समिति हुई बैठक



**कुजू।** ग्राम तोयरा में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अनिता देवी व संचालन कुलदीप कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप रमेंद्र कुमार महतो शामिल हुए। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि आगामी 16 जुलाई को झारखंड भाषा संघर्ष समिति का हजारीबाग में एक दिवसीय बदलाव संकल्प महासभा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें तोयरा ग्राम से सैंकड़ों की संख्या में महिला–पुरूष ग्रामीण महासभा में भाग लेंगे। मौके पर रमेंद्र कुमार महतो, अनिता देवी, बिमला देवी, कौशल्या देवी, उषा देवी, सुमा देवी, फुलिया देवी, सुनिता देवी, बिंदु कुमारी, नमिता देवी, संगीता देवी, काजो देवी, कलावती देवी, ममता देवी, कुलदीप कुमार महतो, धर्मेंद्र कुमार, संजय कुमार, धनंजय कुमार, सरजू तूरी, मितलाल महतो, पिंटु कुमार, देवानी देवी, प्रमोद कुमार, हीरालाल महतो, शंभू महतो, मुकेश महतो आदि मौजूद थे।

### जयकिशोर बने आजसू के जिला उपाध्यक्ष



**कुजू।** सांडी भरेचनगर निवासी जयकिशोर महतो को आजसू के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार दांगी ने जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। साथ ही उन्होंने श्री महतो से पूरी निष्ठा के साथ पार्टी के कार्यों को आगे निर्वाहन करने की जिम्मेवारी सौंपी है। अपने मनोनयन पर जयकिशोर महतो ने कहा है कि पूरी ईमानदारी के साथ अपने दायित्व को निभाउंगा। साथ ही पार्टी के निर्देश व संदेश को जन – जन तक पहुंचऊंगा। इसके लिए उन्होंने जिला उपाध्यक्ष के लिए मनोनीत किए जाने पर जिला अध्यक्ष के प्रति आभार जताया है। जयकिशोर महतो के मनोनयन से आजसू कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### महाधरना को ले महाप्रबंधक को नोटिस



**उरीमारी/सयाल (रामगढ़)।** मजदूरों के विभिन्न समस्याओं को ले अखिल झारखण्ड कोयला श्रमिक संघ के क्षेत्रीय सचिच संजय मिश्रा के नेतृत्व में शुक्रवार को संघ के लोगों ने बरका–सयाल महाप्रबंधक के नाम एसओपी को नोटिस सौंपा है। इसमें कहा गया है कि मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को ले आगामी 26 जुलाई को महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय महाधरना देने का निर्णय लिया गया है। जिसकी सूचना आपको दी जा रही है। पत्र में कहा गया है कि यह महाधरना कई मायनों में ऐतिहासिक होगा। पत्र की प्रतिलिपि ओपी प्रभारी भुरकुण्डा और क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी बरका–सयाल प्रक्षेत्र को भी प्रेषित की गई है। नोटिस देने वालों में क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम, सेफ्टी वेलफेयर कमेटी सदस्य कमलेश कुमार, जी.यूनिट अध्यक्ष शिवनंदन दास, जीएम यूनिट सचिव कमल कुमार सिंह आदि शामिल थे।

# मानहानि का मुकदमा करूंगा : प्रदीप

**जमीन और दुकान विवाद मामले में भाजपा नेता ने रखा अपना पक्ष**

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने आनंदपुरी झिंझरिया पुल स्थित जमीन और दुकान विवाद मामले को लेकर शुक्रवार को अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता में रखा पक्ष। उन्होंने कहा कि दिवंगत वकील अरुण कुमार श्रीवास्तव के साथ उन्होंने 2012 में लाइफटाइम एग्रीमेंट किया था। इसके लिए अरुण श्रीवास्तव को 12 लाख रुपये दिए गए थे। साथ ही दुकान बनाने में अन्य खर्च भी हुए थे जिसका वहन उन्होंने किया था। उन्होंने जमीन मालिक शोभा श्रीवास्तव के दो पुत्र राजीव रंजन श्रीवास्तव व संजय श्रीवास्तव पर ही लीज की शर्तों का उल्लंघन करने व हमला करने का आरोप लगाया। कहा कि अचानक 3 जुलाई ?को उन्हें श्रीवास्तव फैमिली से एक वकालतन नोटिस प्राप्त हुआ। जिसका जवाब उन्होंने दिया। हमलोगो ने एग्रीमेंट के



पेपर उन्हें दिखाए लेकिन वे जबरदस्ती दुकान खाली करने को उतारू हो गए। इनलोगो को कुछ लोगो ने मुझे बदनाम करने की कोशिश की ताकि मैं परेशान होकर जमीन छोड़ दूं। दुकान का ताला रॉड से इसलिए तोड़ा जा रहा था क्योंकि चाबी गुम हो गयी थी। मारपीट की जो घटना दो दिन पहले घटी थी उस वक़्त मैं हजारीबाग में नहीं था ना ही मेरे घर के किसी सदस्य ने हाथ उठाया। दुकान व जमीन के मामले को कोर्ट में भी ले जाया गया है तो कोर्ट के निर्णय का इंतजार करना चाहिए। वीडियो उनलोगों ने बनाया, झगड़ा उनलोगों ने किया और मोलेस्टेशन में नाम मेरा लिया गया जबकि उक्त स्थल पर मैं नहीं था। मैं उनलोगों पर मानहानि का मुकदमा करुंगा।

### हमें हमारी जमीन चाहिए : हेमा श्रीवास्तव



इधर इस मामले पर शोभा श्रीवास्तव की छोटी बहू ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि प्रदीप प्रसाद को सारी सच्चाई मालूम है। हमलोगो ने उनपर नहीं बल्कि उनके शह पर हमलोगो के साथ मोलेस्टेशन और मारपीट उनके भाइयो द्वारा की गयी है ये कहा है। अगर उनके पास कागजात हैं तो हमारे पास भी लीज एग्रीमेंट खत्म हो गयी है उसके कागजात है। उनके भाइयो ने कैसी हरकत की है इसका वीडियो सीसीटीवी फुटेज में मौजूद है जो हमलोगो ने घटना के दो दिन पहले लगवाई थी। हमलोगो का यही कहना था की जब लीज खत्म हो गयी है तो वे उक्त स्थल को छोड़ दे। हम उसे खुद रखे या किसी अन्य को दे उससे उन्हें क्या लेना देना। जब वे नहीं माने तो नोटिस भेजवायी गयी थी। उसके बाद से धमकी मिलनी शुरू हो गयी। वीडियो बनाना जरुरी था ताकि लोगो को उनकी सच्चाई का पता चल सके। हमलोग बस अपना जमीन वापस चाहते हैं।

# रामगढ़ में 370 पेटी अवैध शराब बरामद

**राउरकेला से सिलीगुड़ी भेजी जा रही थी शराब**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा गठित टीम ने 14 शुक्रवार कुज्जू ओपी क्षेत्र के दिगवार एनएच-33 सड़क पर चेकिंग के क्रम में रांची की तरफ से आ रही है ट्रक नंबर आरजे 52जीए4959 को रोका । चेक करने पर उसपर रूई लोड पाया गया। बताया कि रूई के अंदर छुपाकर रखा गया 370 पेटी विदेशी शराब लदा पाया गया।

गिरफ्तार चालक से वाहन पर लदा शराब के पेटी के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि उक्त शराब राउरकेला (उड़ीसा) से लोड कर सिलिगुड़ी (बंगाल) में खपाने के लिए जा रहे थे। ट्रक नं0 आरजे52जीए 4959 का जांच पड़ताल किया तो पाया कि उक्त ट्रक का नम्बर फर्जी है। तत्पश्चात ट्रक नं0 आरजे52जीए 4959 एवं उसपर लदा अवैध 370 पेटी शराब को आवश्यक जांच हेतू कुजू ओपी पर लाया गया। जांच के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी कि उक्त ट्रक पर लदा 370 पेटी शराब को अवैध रूप से बिना कोई वैध कागजात के अन्यत्र ले जाया जा रहा था। इस संबंध में माण्डू (कुज्जू) थाना कांड सं0 155/2023 दिनांक 14.07.2023 धारा-272/273/420/120 (बी) भादवि एवं 47(ए) उत्पाद अधि. दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया । ब्रुजीत सिंह उम्र 48 वर्ष पिता महेन्द्र सिंह साकि बाथु ,पो बाथु थाना - हरौली जिला ऊना (हि.प्र.) शामिल है।

इम्पीरियल ब्लू 750 एमएल 50 कार्टुन 600 बोतल, इम्पीरियल ब्लू 375 एमएल 120 कार्टुन 2880 बोतल, इम्पीरियल ब्लू 180 एमएल 150 कार्टुन 7200 बोतल 5. रोयल चैलेंज 750 एमएल 50 कार्टुन 600 बोतल। वाहन पर लोड माल से संबंधित कागजात । अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि कुल 370 पेटी 11280 (ग्यारह हजार दो सौ अस्सी) बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया। छापामारी दल में पुनि रविन्द्र सिंह माण्डू अंचल , कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार , सअनि तालेवर महतो, आरक्षी अजय कुमार महतो शामिल थे।

### गुरु नानक पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र हुए सम्मानित

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को अभिनंदन समारोह हुआ। समारोह विद्यालय के उन छात्र छात्राओं के लिए था जिन्होंने बोर्ड की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं । समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य एवं स्कूल प्रबंधक कमेटी द्वारा एस पी पीयूष पांडे को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत गान के साथ हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने स्वागत गान से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों के माता-पिता भी शामिल हुए। एसपी पीयूष पांडे ने बच्चों के मनोबल को बढ़ाया । उन्होंने बच्चों से कहा कि वह जिस क्षेत्र में जाना चाहते हैं उसी क्षेत्र को चुनें। कहा कि प्रकृति जीवन में सबको मौका देती है और जो उस अवसर को पहचानता है वह आगे बढ़ता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि असफलता से हारे नहीं क्योंकि असफलता सफलता की पहली सीढ़ी होती है । मनुष्य को कभी हार नहीं मानना चाहिए उसे हमेशा प्रयत्न करते रहना चाहिए। कठिन परिश्रम करना चाहिए। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रचार्य हरजाप सिंह ने कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि एसपी पीयूष पांडे एवं छात्रों के माता-पिता को बहुत-बहुत धन्यवाद कहा।उन्होंने भी बच्चों की प्रशंसा की और उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भुरकुंडा : भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष बने शिवकुमार सिंह



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक के आवासीय कार्यालय में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल की बैठक हुई। बैठक में संगठन की मजबूती पर बल देते हुए जन समस्याओं के समाधान के लिए सार्थक कदम उठाने की बात कही गई। बैठक में पटेलनगर गायत्री नगर निवासी शिवकुमार सिंह को भाजपा भुरकुंडा मंडल के युवा मोर्चा का अध्यक्ष मनोनित किया गया। इस दौरान युवा मोर्चा के रामगढ़ जिलाध्यक्ष अमितेश सिंह ने विधिवत घोषणा करते हुए भाजयुमो भुरकुंडा मंडल के नवमनोनित अध्यक्ष शिवकुमार सिंह को नियुक्ति पत्र सौंपा। साथ ही आशा व्यक्त किया गया ये अपने कार्यों से संगठन को और मजबुती प्रदान करेंगे। शिवकुमार सिंह ने सबों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ मुझे यह कार्यभार सौंपा गया उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सबों को एक सूत्र में पिरोकर भाजपा को और बुलंदियों तक ले जाऊंगा। वहीं भाजपा पदाधिकारियों ने शिवकुमार सिंह को टीम बनाकर पार्टी में अधिक से अधिक नवयुवकों को जोड़कर पीएम मोदी के हाथों को और मतबुज करने की बात कही। बधाई देने वालों में सुमन सिंह, योगेश दांगी, जुगल नायक, जिला मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा, मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, जगतार सिंह, शंकर प्रसाद, महामंत्री महेन्द्र सिंह, अशोक सोनी, मंत्री कन्हैया यादव, ज्योति सिंह, सुभाष दास, अमितेश सिंह, लक्ष्मी देवी, पिंकू झा, अखिलेश टोप्पो, अनुप ठाकुर, बाबूलाल नायक, संतन सिंह शामिल थे।

### जन्म-मृत्यु निबंधन जागरूकता रथ रवाना

**रामगढ़।** जिले में जन्म-मृत्यु निबंध कराने के लिए आम नागरिकों को जागरूक किया जाना है। इसी उद्देश्य से शुक्रवार को डीडीसी रोबिन टोप्पो ने जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समाहरणालय परिसर से जागरुकता रथ को रवाना करते हुए डीडीसी ने उपस्थित सभी सहायिकाओं और सहियाओं को संबोधित करते हुए जन्म-मृत्यु निबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी । साथ ही इस अभियान में उनकी भूमिका से अवगत कराया।उन्होंने कहा कि जिले के सभी लोगों का जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र शत प्रतिशत निर्गत हो सके इसी उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। यह जागरुकता रथ उसी उद्देश्य को पूरा करने की एक पहल है, जो जिले के सभी प्रखंडों में जन्म-मृत्यु निबंधन के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ जन्म-मृत्यु से संबंधित महत्वपूर्ण बातों की जानकारी भी देगी। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी समीर कुल्लू, जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, डीएसइ संजीत कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की आदि मौजमद थे।

### बौधा डैम से जल उठा किया आमनारी शिवालय में जलार्पण



**टाटीझरिया।** हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भराजो पंचायत के अमनारी गांव के शिव चर्चा ग्रुप ने सावन के पवित्र महीने में बाबा भोलेनाथ को जल अर्पित कर पूजा और अर्चना आरती किया। अमनारी के शिव चर्चा महिला ग्रुप श्रद्धा भक्ति में सदैव सक्रिय रहती है। प्रत्येक सोमवार को शिव मंदिर में बैठक कर भजन गाती हैं। शुक्रवार की सुबह ग्रुप की 101महिलाओं ने 2 किलोमीटर दूर बौधा डैम से कलश में मंत्रोच्चार के बीच जल भरी और नाचते -गाते शिव मंदिर पहुंची। जहां बारी -बारी से शिवलिंग समेत शिव परिवार पर जलार्पण किया,पूजा और अभिषेक किया। इस क्रम में वे भक्ति गानों पर जमकर झूमी। बीच - बीच में बोल बम, बाबा नगरिया दूर है ,जाना जरूर है, जय शिव,जय शिव, हर - हर महादेव,जय गणेश आदि श्लोगन भी बोले जा रहे थे। कलश यात्रा में 20सूत्री प्रखंड अध्यक्ष रवि सिंह,सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल एम के पाठक,शिव चर्चा ग्रुप की प्यासी देवी,पुष्पा देवी,रानी पाठक,मंजु देवी,गीता देवी,अंजु देवी,कोमल कुमारी,अर्पणा कुमारी,सविता देवी,यशोदा देवी,सोनी देवी,कलावती देवी,संजु देवी,रीना देवी,पार्वती देवी समेत काफी संख्या में महिला -पुरुष और बच्चे यात्रा में शामिल थे।

# वैदिक काल से हो रही गुरु पूजा : सत्यम

**भुरकुंडा में आरएसएस का गुरु दक्षिणा कार्यक्रम आयोजित**

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा धर्मशाला परिसर में गुरूवार देर शाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भुरकुंडा शाखा की ओर से गुरू दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के रामगढ़ जिला प्रचारक सत्यम कुमार, रामगढ़ जिला शारीरिक प्रमुख लव कुमार मुख्य मौजूद थे। सत्यम ने गुरू पूजा और गुरू दक्षिणा कार्यक्रम की परंपरा और महत्व पर प्रकाश डाले बौद्धिक परिचर्चा में उन्होंने कहा कि वैदिक काल से लेकर अब तक भारत की गौरवशाली इतिहास गुरू परंपरा चली आ रही है। उन्होंने कहा कि गुरू के बिना ज्ञान संभव नहीं है। गुरू दक्षिणा में संघ प्रार्थना, गुरू प्रतीक भगवा ध्वज पूजन, दक्षिणा, परिचय, बौद्धिक परिचर्चा सहित कई कार्यक्रम हुए। मौके पर योगेश दांगी, जगतार सिंह, विजयंत कुमार, सतीश मोहन मिश्रा, जयप्रकाश सिंह, विनय मिश्रा, संजीव सिंह बाबाला, उत्तम सिन्हा, संतन सिंह, शैलेश कुशवाहा, सुनिल दूबे, रंजीत गुप्ता, अशोक कुमार, देवेंद्र मेहता, अजय गुप्ता, अशोक सोनी, राजेश सोनी, विनय सिंह, रूपेश दूबे सहित कई स्वयंसेवक मौजूद थे।

## एक नजर में

### इचाक : महिला व बच्चे का शव कुएं से मिला



**इचाक।** मोकतमा गांव के एक कुएं से शुक्रवार को एक महिला और उसके एक मासूम बच्चे के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक महिला का नाम सीमा देवी (27) पति शंभू प्रसाद मेहता और उसका छोटा बेटा शिवांश (3) ग्राम मोकतमा निवासी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पति पत्नी में झगड़ा होने के बाद पत्नी सीमा देवी अपने छोटे पुत्र शिवांश को लेकर बुधवार की रात को ही घर से निकल गई। परिवार वालों ने ढूंढने का काफी प्रयास किया। किंतु वह नही मिली। शुक्रवार की अहले सुबह घर से लगभग 150 मीटर की दूरी पर स्थित कुएं में कुछ महिलाओं ने पानी में महिला और बच्चे का शव देखा। जिसके बाद खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। घटना के बाद से सीमा के सुसराल वाले गायब है। सुचना पाकर एसआई अरविंद कुमार और सनातन मुर्मू सदलबल घटना स्थल पर पहुंचे। और मां बेटे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतू शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। घटना की खबर सुनकर मृतिका सीमा देवी के भाई राम मेहता, सोनू कुमार, बहन कांति देवी, बहनोई राजेश मेहता समेत कई लोग पहुंचें और जमकर हंगामा किया। उन्होंने ससुराल वालों पर दहेज और हत्या का आरोप लगाया। भाई राम कुमार ने बताया कि शादी के बाद शंभू आए दिन बहन सीमा के साथ दहेज को लेकर मारपीट, गाली गलौज और टॉर्चर करता रहता था। जिसका कई बार सामाजिक स्तर पर फैसला किया जा चुका था। सामाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज.नही हुआ था।

### कैंप में कई समस्याओं का हुआ निदान



**बरही।** खोड़ाहर पंचायत के बिरहोर टोला में सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत शिविर लगाकर प्रखंड कार्यालय से संबंधित समस्या का समाधान किया गया। शिविर में एसडीओ पूनम कुजुर, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार स्वयं मौजूद रही। जानकारी के अनुसार बिरहोर समुदाय के बीच उनके मूलभूत सुविधाओं को लेकर उन्हें जागरूक भी किया गया। इसके अलावा कैम्प में बर्थ सर्टिफिकेट 46, नया आधार कार्ड 13, पेंशन से सम्बंधित 13 व तीन नए वोटर कार्ड को लेकर आवेदन प्राप्त हुए। इस संबंध में एसडीओ पूनम कुजुर ने बिरहोर समुदाय के लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि सरकार उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में कई योजनाएं चला रखी है। जिसका लाभ वह अवश्य उठाएं। इसके अलावा उन्होंने आंगनबाड़ी की सेविका व स्थानीय सरकारी एजेंसियों को उन्हें सभी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने कहा कि बिरहोर समुदाय के लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार की तरफ से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, ऐसे में उन योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ बिरहोर समाज के लोगों को मिल सके इसके लिए यह कैम्प लगाया गया है। मौके पर मुखिया अनिता देवी, मोहन मृधा, वसीम अकरम, प्रशांत कुमार, पंचायत सचिव रामवृक्ष सिंह, सरोज कुमार, बुलबुल कुमारी सोनी, लक्ष्मी कुमारी, संजू कुमारी, राजेन्द्र मिश्रा, ललिता कुमारी, प्रियंका प्रकाश, वासिद हुसैन, दीपक कुमार सहित अन्य प्रखण्ड कर्मी मौजूद थे।

### दारू में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**दारू।** मेडकूरी पंचायत के घाघरा में घाघरा नदी श्मशान घाट के समीप शुक्रवार को आम के पेड़ के टहनी से लटका एक युवक का शव मिला। शव घाघरा निवाशी संदीप कुमार उम्र 27 वर्ष के रूप में पहचान किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक घाघरा निवासी संदीप कुमार की दो शादियां हुई थी जिसमें आज से 10 वर्ष पूर्व पहली शादी हुई जिसमें कोई बच्चे नहीं थे और दूसरी शादी 2 वर्ष पूर्व अपने गांव की लड़की से ही हुई थीं इसमें भी कोई बच्चे नहीं है। मृतक के पड़ोसी मंटू मेहता ने बताया कि बृहस्पतिवार दिन 10 :00 बजे से ही संदीप घर से बाहर है। मृतक एवं उसकी दूसरी पत्नी मकई के बारी मे काम कर रहीं थीं जिसमे कुछ कहा सुना हुआ उसके बाद से ही वह गायब है, घर नही आने पर जब हम लोग शुक्रवार की सुबह खोजबीन करने लगे तो देखा की घाघरा नदी के समीप आम के पेड़ से एक शव लटका है तो आसपास के लोग और दारू थाना को इसकी सूचना दिया उसके बाद मौके पर दारू थाना पहुंचकर शव को नीचे उतारा और शव की पहचान करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

### हाथी मचा रहा उत्पात, रतजगा कर रहे ग्रामीण

**केरेडारी ।** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गरी कलां में झुंड से बिछड़ा एक हाथी ने 13 जुलाई के रात जमकर उत्पात मचाया। गरी कलां गांव के नदी पार निवास करने वाले नरेश रजक पिता चैतु बैठा के घर बीते रात करीब दस बजे धावा बोल दिया। हाथी कच्चे मकान के दरवाजा को धक्का देकर कबाड़ दिया वहीं पास में पक्का मकान का दरवाजा को धक्का देते हुए घर में घुस गया और घर में रखा चावल समेत अन्य खाने की वस्तु चट कर गया। वहीं पास में बिहारी राम का पक्का बाउंड्री को तोड़ कर घुस गया और खिड़की दरवाजा कबाड़ दिया। उसी रात हाथी ने पारपैण गांव के तिलैया टांड़ टोला में निवास कर रहे लगभग आधा दर्जन लोगों का घर तोड़ फोड़ कर दिया। आनन फानन में लोग रात को घर छोड़कर भाग गए! अन्यथा कुछ भी हो सकता था। इस संदर्भ में गरी कलां गांव निवासी नरेश रजक ने कहा कि हाथी बीते कई दिनों से कभी बरियातू पंचायत तो कभी कंडाबेर तो कभी बेलतू पंचायत के गांवों में लगातर बिचरन कर रहा है पर वन विभाग बड़कागांव के द्वारा कोई सार्थक प्रयास हाथी भगाने के लिए नही किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर गरी कलां मुखिया हित नारायन साव और हल्का कर्मचारी जितेंद्र कुमार ने हाथी द्वारा किए गए नुकसान का मुआयना किया और आपदा प्रबंधन के तहत वन विभाग बड़कागांव से मुआवजा दिलाने की बात कही।

### शिक्षा की गुणवत्ता की होगी जांच : शशि मोहन सिंह



**दारू।** दारू प्रखंड बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति का मासिक बैठक शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने किया। बैठक में सभी विभाग के लोगों ने अपनी अपनी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं शिक्षा विभाग के द्वारा भी नामांकन से लेकर छात्रवृति तक कि जानकारी दिया गया। बरकट्ठा विधायक अमित यादव के प्रतिनिधि बसंत नारायण सिंह ने विद्यालय में अध्यापन की गुणवत्ता का निर्णय लिया। इस पर बीईईओ ने कहा कि हमारे दारू प्रखंड में पांच सीआरपी व बीआरपी कार्य कर रहे है सभी को 18–18 स्कूल का जिम्मा दिया गया। शिक्षा के गुणवत्ता पर बताया कि विद्यालय के सभी शिक्षक अपने स्तर से अच्छी अध्यापन का कार्य करते है। इस बात पर बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि आप अपने स्तर से या अपने सहयोगियों के द्वारा हर विद्यालय में हो रही शिक्षा की गुणवत्ता की जांच करवाना सुनिश्चित करे। मौके पर सीओ नीतू कुमारी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कैलाशपति देव, सदस्य बालेश्वर प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, राजन यादव, सुनील कुमार, सत्यनारायण प्रसाद ,सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू,जनसेवक आशीष कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बाइक के धक्के से छात्र की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता





रोतीं छात्र की मां और महिलाएं। (बायें छात्र की फाइल फोटो)

**ओरमांझी।** रांची रामगढ़ एनएच-20 पथ पर बाइक ने एक छात्र को ठोकर मार दी, जिससे छात्र की मौत हो गई। मृतक आर्यन उरांव 15 वर्ष शिवाजी प्रतिभा विद्यालय के आठवीं कक्षा का छात्र था। पिता राजकुमार उरांव ने बताया कि वह टोकीसूद तेरपा थाना पतरातू रामगढ़ के रहने वाले हैं और हरचंडा ओरमांझी में रहते है। बुधवार को की घटना के संबंध में बताया गया कि एक अपाची बाइक पर सवार दो युवक पेट्रोल पंप से तेल लेकर रांग साइड से ओरमांझी की ओर जा रहे थे। जैसे ही एमएफआई फैक्ट्री के पास पहुंचे दुकान से बिस्किट लेकर सड़क पार कर रहे छात्र आर्यन उरांव को ठोकर मार दिया। जिससे आर्यन उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दोनो बाइक सवार भी गिर पड़े। छात्र को उपचार के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई। बेटे की मौत के बाद मां व स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं छात्र की मौत की सूचना मिलने पर शुक्रवार को विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राएं उसके घर पहुंचे। बताया गया कि छात्र पढ़ने के साथ फुटबॉल के भी अच्छा खिलाड़ी था। स्कूल स्तर की प्रतियोगिता में अपने स्कूल को जीताने के साथ उसे कई बार पुरस्कार भी मिल चुका है। छात्र की मौत पर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, डॉ पारसनाथ महतो, भीम महतो, धनिलाल महतो सहित शिक्षक व छात्र-छात्राओं द्वारा दुख जताया है।

## रिंग रोड से 13 लाख के बिजली पोल की चोरी, केस दर्ज

**नामकुम।** विद्युत विभाग के एसडीओ बिरसा उरांव ने नामकुम थाने में चोरो द्वारा विद्युत उपयोग के लिए रखे गए पोलों को चुरा लेने का मामला दर्ज कराया है। थाने में दिये आवेदन में एसडीओ ने बताया है कि गुरूवार 13 जुलायी को उन्हें सूचना मिली कि रिंगरोड पर विभिन्न जगहो पर गिराए गए पोलो को एक ट्रेलर पर लादा जा रहा है। सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक क्रेन की मदद से स्कार्पियों संख्या जेएच 05डीए 0586 पर सवार तीन युवको द्वारा ट्रेलर संख्या जेएच 09बीबी 9076 पर पोल को लदवाया जा रहा था। उन्हें देखते ही वे लोग भाग निकले। मौके पर पकडे गए ट्रेलर के चालक ने बताया कि उसका नाम गोकरन यादव है तथा वह नवादा का रहनेवाला है। उसने बताया कि उसे उन तीनों के द्वारा ही भाड़े पर पोल ले जाने के लिए लाया गया था। मौके पर 239 पोल रखे गए थे।

## मांडर : सोसई गांव में टांगी से काट कर युवक की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** सोसई गांव में गुरुवार की देर रात एक युवक की टांगी से काट कर निर्मम हत्या कर दी गई। हत्यारा मृतक का चचेरा फूफा निकला। बताया जाता है कि तरंगा के इटवाटांड़ निवासी 25 वर्षीय कृष्णा मुंडा उर्फ बब्लू मुंडा लगभग पांच सालों से यहां अपने फूफा सूरज मुंडा के घर पर रहता था। पिछले कुछ माह से उसका फूफा उसे वापस अपने घर जाने को बोलता था, लेकिन कृष्णा नहीं जा रहा था। इसी बात को लेकर दोनों में अक्सर विवाद होता रहता था। हत्या के आरोपी सूरज के अनुसार गुरुवार की रात भी दोनों में इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद जब कृष्णा सो गया तो उसके फूफा ने टांगी से उसके सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गया। लोगों का कहना है सूरज विवाह करना चाहता था, क्योंकि पहली पत्नी से सिर्फ एक पुत्री थी, जिसका वह विवाह कर चुका था। जिस बात से कृष्णा नाराज था वह उसे शादी नहीं करने देना चाहता था। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। वहीं घटना को अंजाम देकर फरार सूरज को हिरासत में ले लिया। कृष्णा ने 6-7 गाय पाल रखी थी और वह सोसइ तथा मांडर के कई घरों में दूध देने का काम करता था।

## स्पीड न्यूज

### डीसी ने किया नामकुम सीएचसी का निरीक्षण, दिये निर्देश

**नामकुम।** शुक्रवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने नामकुम सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने मरीजों के वार्ड, नवजात बच्चों को दिए जाने वाले ट्रीटमेंट रूम, वैक्सीनेशन सेंटर, स्टोर, स्टाफ क्वार्टर सहित पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त श्री सिन्हा ने सीएचसी तक जाने वाली सड़क एवं नाली को पूरी तरह से दुरूस्त करने का निर्देश दिया तथा सड़क के किनारे लगे पोलो पर लाईट लगाने की भी बात कही। मौके पर बीडीओ ज्ञानशंकर जायसवाल, सीएचसी प्रभारी डॉ नीलम माईकल, डॉ अरविंद कुमार, मिथलेश सिन्हा सहित सहित अन्य मौजूद थे।

### तरगड़ी गांव की ग्रामसभा में ग्राम प्रधान का चयन

**इटकी।** इटकी प्रखंड के कुरगी पंचायत के तरगड़ी गांव में आरती आइंद की अध्यक्षता में आयोजित ग्रामसभा में पाहन मंटू केरकेट्टा को ग्राम प्रधान के रूप में चुनाव किया गया। इससे पूर्व ग्रामसभा में गांव के वर्तमान ग्रामप्रधान रंजीत मुंडा को हटाने का निर्णय किया गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना शुक्रवार को बीडीओ कार्यालय को दी। ग्रामसभा में वार्ड सदस्य स्वेतिमा आईद व साहेदा खातून सहित करीब तीन सौ ग्रामीण शामिल थे। इधर रंजीत मुंडा का कहना है कि बगैर आरोपों की जानकारी दिये ग्रामसभा में मुझे हटाने की कार्रवाई की गयी है। हटाने व नये ग्राम प्रधान के चुनाव में नियम संगत कार्रवाई भी नहीं की गयी है।

### पिठोरिया : भारी बारिश से घर क्षतिग्रस्त

**पिठोरिया।** कांके प्रखंड के पिठोरिया गांव के नीचे टोला निवासी अंबु केसरी, पति स्व नंदकिशोर साव के घर के सामने का हिस्सा भारी बारिश और तूफानी हवा के कारण 14 जुलाई की संध्या ध्वस्त हो गया। घर अंदर से भी काफी कमजोर हो गया है और इस बारिश में इस घर पर रहना काफी जोखिम भरा लगता है। घर का अंदर का हिस्सा भी कभी भी गिर सकता है। अंबू केसरी पिठोरिया पंचायत के जनप्रतिनिधियों से कहना चाहती है कि उसे तत्काल रहने के लिए एक जगह मुहैया कराया जाए और यथासंभव मदद की जाए।

### हाथी प्रभावित रस्साबेड़ा गांव में टार्च का वितरण

**अनगड़ा।** जंगली हाथी से प्रभावित कुच्चु पंचायत के कमता रस्साबेड़ा गांव में कांग्रेस नेताओं, कार्यकताओं ने वन विभाग की ओर से टार्च का वितरण। रस्साबेड़ा के लोग आजादी के इतने वर्षो के बाद भी मूलभूत और बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। ट्राच वितरण प्रमूख दीपा उरांव विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुन्डा अजय आर्या एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। मालूम हो कि पिछले दिनों जंगली हांथी ने करम सिंह बेदिया नामक एक व्यक्ति को कुचल कर मार डाला था।

### इटकी : तिलकसूती चौक पर मोबाइल दुकान में चोरी

**इटकी।** थाना क्षेत्र के सेमरा तिलकसूती चौक स्थित एक मोबाइल दुकान में गुरुवार की रात चोरी हो गयी। चोरों ने दीवार तोड़ कर दुकान में प्रवेश किया और वहां रखे बारह हजार रुपये नकद के अलावा आठ अदद बड़ा व 15 छोटा मोबाइल सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली। दुकान संचालक शुक्रवार की सुबह जब दुकान खोला तो घटना की जानकारी हुई। भुक्तभोगी दुकान संचालक सदानंद दास ने थाना को लिखित सूचना दी है।

### सीआइपी में होगा सेनेटरी नैपकिन का प्रोडक्शन

**कांके।** सीआईपी के निदेशक डॉ बासुदेव दास ने कहा मैं इस अभिनव साझेदारी के लिए यूनिसेफ का बहुत आभारी हूं। सेनेटरी नैपकिन उत्पादन इकाई का उद्घाटन हुआ। यूनिसेफ और सीआईपी की यह एक सहयोगी पहल है।

## सामूहिक मंगल वंदना से मारुति मंगल परिवार का प्रशिक्षण शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के बिजुलिया महादेव टंगरा स्थित मंगल भवन में सामाजिक एवं धार्मिक संस्था मारुति मंगल परिवार का तीन दिनी आवासीय प्रशिक्षण शुरू हो गया है। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक मंगल बंदना से की गयी। प्रशिक्षण में रांची समेत 12 जिले के 5 सौ से अधिक नये सदस्य भाग ले रहे हैं। इसमें महिलाएं भी शामिल हैं। वह बेहद उत्साहित हैं। केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो ने कहा कि मनुष्य सामाजिक प्राणी है। व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की पहली शर्त शिक्षा है। इसकी बदौलत सामाजिक कुरीतियों और अंधविश्वास पर अंकुश लगाने में मदद मिल सकती है। श्री महतो ने समाज के उत्थान में युवाओं की भूमिका को अहम बताया। संस्था के संगठन प्रमुख सुमेश कुमार समेत भोला कोइरी, कामेश्वर वेदिया, मदन कुमार व निरंजन गोप ने भी अपनी बातें रखी। इन्होंने सदस्यों को परिवार की विचारधारा से अवगत कराया। समापन 16 जुलाई को होगा।

### निभा रहे हैं भूमिका

मुकुंद महतो, अनुज तिर्की, अजय जोगी, निरंजन गोप, मदन कुमार, भोला कोइरी, संजय महतो, राजू बैठा, मनेंदर लोहरा, एतवा उरांव, कामेश्वर वेदिया, दीनदयाल लोहरा, अमरनाथ भोक्ता, बंटी सिंह, नितेश गोप, सुदीप, बुद्धनाथ महतो, छोटन, मनोज, धर्मचंद, रितेश, बबलू, जन्मजय आदि।

## आध्यात्मिक दर्शन मेला : भगवान को भोग लगने से भोजन हो जाता है प्रसाद

### आंगनबाड़ी सेविकाओं ने जाना आध्यात्म का ज्ञान

खबर मन्त्र संवाददाता



अध्यात्म का ज्ञान लेतीं आंगबाड़ी सेविकाएं।

**ओरमांझी।** अंचल मैदान ओरमांझी में प्रजापति ब्रहम्याकुमारी ईष्वरीय विष्वविद्यालय के सहयोगी शाखा टाटीसिल्वे की सौजन्य लगी द्वादश ज्योतिर्लिंगम अघ्यातिमक दर्शन मेले में बड़ी संख्या में लोग अध्यात्म ज्ञान जानने पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी सेविकाएं भी अध्यात्म का ज्ञान जानने पहुंची थी। जिन्हें पूजा व आरती के साथ 12 ज्योतिर्लिंग की जानकारी दी गई। कथावाचिका शाखा संचालिका बीके लक्ष्मी ने बताया ईश्वरीय स्मृति में रहकर भोजन बनाने और भगवान को भोग लगाने पर वह भोजन गुणों से युक्त प्रसाद बन जाते हैं। उन्होने कहा प्रमात्मा की स्मृति कर हम उक्त भोजन को करते हैं तो वह हमारे तन व मन में गहरा व सकारात्मक प्रभाव भी पड़ता है। कार्यक्रम में रेणु कुमारी, गीता कुमारी, मनिषा कुमारी, नीलम देवी, नीरज देवी, लीला देवी, शिला देवी, अन्नपूर्णा देवी, इंदू देवी, सविता देवी, शुव कुमार, बबलू महतो, पुष्पनाथ महतो, मुनेष कुमार, रंजीत कुमार, सिकंदर कुमार सहित शाखा की बहने व ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक नजर में

### रातू : सांसद ने पीसीसी पथ की रखी आधारशिला



**रातू।** सांसद संजय सेठ ने प्रखंड मुख्यालय स्थित विंध्यवासिनी नगर रोड नंबर-दो में मधु देवी के घर से शैलेश महतो के घर तक 410 फीट पीसीसी पथ की आधारशिला रखी। मुहल्ले के लोगों ने श्री सेठ को कई अन्य समस्याओं से अवगत कराया। इस पर उन्होंने एक-एक कर समाधान का भरोसा दिलाया। मौके पर मृत्युंजय शर्मा, मोनू सिंह, शिवांश सिंह, सिद्धि चाहत सिंह, कृष्णा गोप, अयोध्या प्रसाद, रंजीत सिंह, संजय भारद्वाज, परमेश्वर गोप, सिद्धनाथ महतो, सागर, हर्ष, रेशमा कुमारी, गोलू, संजीव तिवारी, सुनील सोनी, प्रवीण सिंह व सोनू सिंह मौजूद थे।

### लाभुकों के बीच दो यूनिट जोड़ा बैल का वितरण



**इटकी।** इटकी प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लाभुकों के बीच दो यूनिट जोड़ा बैल का वितरण किया गया। प्रमुख किरण उरांव, बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, सीओ रश्मि लकड़ा, उप प्रमुख परवेज आलम, विधायक प्रतिनिधि रमेश महली व प्रखंड के भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी डॉ शिवानन्द कांशी के मौजूदगी में कुर्गी व कुल्ली पंचायत के लाभुक मनमोहन उरांव व अजय मुंडा के बीच दो यूनिट जोड़ा बैल का वितरण किया गया। मौके पर डॉ शिवानन्द कांशी ने वर्ष 21-22 योजना के अन्य चयनित लाभुक से जल्द अपना अंशदान जमा करने की अपील की है।

### ओरमांझी में भाजपा का जनसंपर्क अभियान



**ओरमांझी।** भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता के नेतृत्व में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जनसंपर्क अभियान चालाया गया। बारीडीह, ओरमांझी सहित कई गांव में लोगों को घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि आजदी के 70 वर्षों में जो नही हुआ वह मोदी सरकार नौ वर्ष के कार्य काल में किया गया। लोगों से आने वाने लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा का जनसमर्थन करने की अपील की गई। कार्यक्रम में अमरानथ चैधरी, मानकी राजेंद्र साही, अलखनाथ महतो, तिर्टू महतो, बिशेवर महतो, चामु महतो, रीता देवी, धनंजय महतो, सुजीत नायक, रामलखन महतो, राजेंद्र चौधरी, नीतीश महतो आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

### मल्टी परपस कम्युनिटी सेंटर की रखी आधारशिला



**अनगड़ा।** प्रखंड के राजाडेरा पंचायत में शुक्रवार को मल्टी परपस कम्युनिटी सेंटर निर्माण कार्य का शिलान्यास प्रमुख दीपा उरांव उपप्रमुख जयपाल हजाम जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा एव विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया स इसके लिए खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने अपने विधायक मद से राशि उपलब्ध कराया है। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव महिला अध्यक्ष सरीता देवी विधायक प्रतिनिधि वन विभाग सिद्दीक अंसारी संगीता कैथा अजय करमाली प्रेम उरांव मुखिया सीमा देवी पंस जानकी देवी अभिराम मुण्ड खीरू उरांव अ यशोदा देवी पूर्व मुखिया अनीता देवी दशरत पाहन छोटेलाल महतो भूनेश करमाली कृष्ण मोहन लोहरा शिवम महतो दूतीलाल महतो उमेश महतो लोकनाथ महतो बिरसा उरांव इत्यादि उपस्थित थे।

### एकैशी महादेव प्रांगण में प्रवेश द्वार निर्माण का शिलान्यास



**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव स्थित ऐतिहासिक एकैशी महादेव मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को प्रवेश द्वार तथा श्मशान घाट में चूल्हा एवं शेड निर्माण का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास सांसद संजय सेठ, विधायक समरीलाल ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सांसद ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकता है। विधायक समरीलाल ने कहा कि क्षेत्र में जो भी समस्याएं हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करने का काम किया जा रहा है। विदित हो कि उक्त दोनों कार्यों का निर्माण सांसद के कोष से कराया जा रहा है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष उतपल शाहदेव, बिंटू शाहदेव, अशोक साहु, रामकुमार दुबे, सहानंद गोप, अमृत महतो, जयकुमार कुशवाहा समेत अन्य मौजूद थे।

## ओरमांझी में डिजनीलैंड मेला का उद्घाटन

### स्कूली बच्चों को मिलेगी छूट

खबर मन्त्र संवाददाता



मेला के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित रामटहल चौधरी व अन्य।

**ओरमांझी।** अंचल मैदान ओरमांझी में एक माह तक चलने वाले डिजनी लैंड मेला का उद्घाटन शुक्रवार रात किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने मेला का उद्घाटन की और मेला में लगे ब्रेक डांस झुला व रेल की सवारी की। उन्होने मेला लगगाने के लिए संचलाक उमेष गुप्ता को धन्यवाद दिया और कहा बच्चों के मनोरंज के लिए ओरमांझी में पहली बार इतना भव्य मेला लगा है। यहां बच्चों के साथ बड़ों के भी मनोरंन का झुले उपलब्ध हैं। उन्होने स्कूली बच्चों को टिकट में कुछ छुट देने को कहा, और क्षेत्र के लोगों से पूरे सहयोग मिलने की उम्मीद जताया। साथ ही उन्होने लोगों से उत्साह व शांतिपूर्ण मेला का आनंद लेने की अपील की। वहीं संचालक उमेष गुप्ता ने बताया कि मेला में रामझुला, मौत का कुंआ, ब्रेक डांस झुला, रेल व बच्चों के विभिन्न झुला लगा है। वहीं मेला में बच्चों के खिलौने के साथ घरेलू व जरूरत के कई दुकान भी लगे हैं। उन्होने कहा स्कूल के माध्यम से मेला आन वाले स्कूली बच्चों टिकट शुल्क में 50 प्रतिषत की छुट दी जाएगी। मौके पर उपप्रमुख रिजवान अंसारी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, पूर्व उपप्रमुख मुनतजीर अहमद रजा, रणधीर चैधरी, लक्ष्मण साहू, उपमुखिया संतोष गुप्ता, कुलदीप ताम्रकर, आफताब अलम, अफरोज अंसारी, सुनिल नायक रमेष उरांव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब का गठन

**खलारी।** खलारी प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख के अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों और सभी मुखिया के साथ विभागीय बैठक किया गया। जिसमें सबसे पहले जिला खेल पदाधिकारी के द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों को सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के गठन के संबंध में विस्तृत रूप से बताया गया। बैठक में प्रखंड की नई योजनाएं और चल रही योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड चिकत्सा पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मौजूद थे।

## सेना रैली में पैसा देकर भर्ती कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** आर्मी इंटेलीजेंस से मिले इनपुट के आधार पर नामकुम पुलिस ने फर्जी तरीके से भर्ती कराने वाले रैकेट के सदस्य को पकड़ा है। प्रशिक्षु आईपीएस रित्विक श्रीवास्तव ने बताया कि आर्मी इंटेलीजेंस ने संदिग्ध अवस्था में सेना अस्पताल परिसर में घूम रहे दो युवकों को पकड़कर पूछताछ की तो उन लोगों ने अपना नाम नकुल कुमार चैधरी और राजदेव महथा बताया। पकड़े गए नकुल और राजदेव ने बताया कि वे अपने रिश्तेदार का सेना में भर्ती से पूर्व मेडिकल कराने आए है,दोनो के पास से सेना भर्ती के दस्तावेज और मोबाईल से भर्ती कराने संबंधी डाटा भी बरामद किए गए है। दोनों से पूछताछ करने पर उनलोगों ने पुलिस को बताया कि उन्हें एक अन्य युवक के द्वारा पचास हजार रुपए लेकर सेना में भर्ती कराया जा रहा था। प्रशिक्षु आईपीएस श्री श्रीवास्तव ने बताया कि दोनो की निशानदेही पर रातू रोड से एक अन्य युवक को पकडा गया है। उसके घर एवं मोबाईल से पुलिस को कई अहम सुराग मिले है। पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### दो गिरफ्तार

आर्मी इंटेलीजेंस के अधिकारी ने बताया कि उन्हे सूचना मिली थी कि राँची में सेना की अलग-अलग जगहों पर होने वाली रिक्रूटमेंट रैलियों में फर्जी तरीके से पैसा दे कर मेडिकल पास कराया जा रहे हैं।

## चान्हो : सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**चान्हो।** बिजुपाड़ा खलारी मुख्य पथ पर स्थित स्मार्ट प्वाइंट के निकट हुए सड़क हादसे में बाइक सवार तीस वर्षीय बलराम कुमार की मौत हो गई। घटना शुक्रवार रात 9.20 बजे की है। बताया जाता है रोल निवासी बलराम कुमार अपने मित्र विजय कुमार तिवारी के साथ उपरोक्त मॉल से शॉपिंग कर के वापस अपने घर जाने के लिए अपनी बजाज एवेंजर जे एच 14 ई 3071 में सवार होकर जैसे ही निकले ठीक उसी समय खालरी तरफ से आरहे अज्ञात आयसर ट्रक ने बाइक को अपने चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही बलराम की मौत हो गई और विजय घायल हो गया। बलरराम खलारी के धमधमीय से फरवरी में पूरे परिवार के साथ रोल आए थे।

## झारखंड पब्लिक स्कूल के वुशु खिलाड़ियों ने जीते दो मेडल

**खलारी।** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा मे स्कूल के दो खिलाड़ियो को सम्मानित किया गया। धनबाद जिला वुशू एसोसिएशन के द्वारा दिनांक 9 से 10 जुलाई तक धनबाद मे 19वीं झारखंड स्टेट जुनियर वुशू चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । इस प्रतियोगिता मे झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा के विवेक गंझू ने जुनियर बालक वर्ग में शांषउ 56 ह इवेंट मे दूसरा स्थान प्राप्त किया। वही स्कूल के छोटू कुमार गंझू ने शांषउ 45 ह मे तिसरा स्थान प्राप्त कर खलारी पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रौशन किए। शुभकामनाएं देने वाले शिक्षको में राजेश कुमार, खेल शिक्षक गणेश कुमार महतो, मनोज यादव, रमेश कुमार, गौतम प्रताप सिंह, महेश कुमार, महेंद्र चौहान, गीता कुमारी, किरण देवी, संजना श्रीवास्तव, किरण कुमारी, नाजिया प्रवीण, साजिया प्रवीण, फरीदा खातुन, ज्योति चौहान शामिल हैं।




## क्षेत्र का विकास प्राथमिकता में सबसे ऊपर : शिल्पी नेहा तिर्की

### महादानी मैदान में ग्रामीण मेधा विद्यार्थी सम्मान समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** विद्यार्थियों को केवल पारम्परिक एवं कम जोखिम वाले क्षेत्रों की शिक्षा प्राप्त करनेए केवल परीक्षा पास करने एवं अधिकतम अंक प्राप्त करने को प्राथमिकता देने की बजाय नये क्षेत्रों में चुनौती स्वीकार करनी चाहिये। उक्त बातें मुख्य अतिथि मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर स्थित विवाह मंडप में आयोजित ग्रामीण मेघा सम्मान का संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्किल डेवलपमेंट के साथ ही व्यावसायिक शिक्षा की प्राप्तिए ज्ञान के अनन्त सागर से ज्ञान अर्जन के साथ ही अपने अच्छे समय का सही उपयोग भी बहुत जरूरी है। कहा कि बहुत सारे लोगों के दृष्टिकोण में पढ़ाई के लिये पैसा बहुत जरूरी है और एक हद तक ये बात सही भी हैए लेकिन जिस प्रकार से जैकए मैट्रिकए इंटरमीडिएट आदि की परीक्षाओं में निम्न.मध्यम आय वर्ग के बच्चे शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं या यूपीएससी की सिविल सर्विस या अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं में परिणाम आ रहे हैं उसे देखते हुए यह कहा जा सकता है कि पैसे और अपनी सोच या दृढ़ इच्छाशक्ति के मामले में हमें अपनी सोच को बदलने की आवश्यकता है। वही पूर्व मंत्रीए झारखण्ड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने समारोह में उपस्थित छात्रों व अभिभावकों को कहा कि बेड़ो प्रखण्ड सहित सम्पूर्ण मांडर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षण संस्थानए सम्पूर्ण शिक्षा क्षेत्र और मानव संसाधन का गुणात्मक विकास सबसे ज्यादा जरूरी है और यही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता भी है। मौके पर शीर्ष वरीयता प्राप्त विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, सीओ सुमन तिर्की, जिला परिषद बेरोनिका एक्का, पार्वती कुमारी मौजूद थे।

### कॉलेज में इंटर की पढ़ाई शुरू करना सराहनीय

केन्द्र सरकार की नई शिक्षा नीति की चर्चा करते हुए श्रीमती तिर्की ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सत्र 2023-2025 तक मांडर एवं बेड़ो महाविद्यालय में इंटरमीडिएट स्तर तक की शिक्षा की अनुमति दे दी है और यह राज्य सरकार का सराहनीय निर्णय है। विधायक ने मांडर महाविद्यालय में लगभग 10 करोड़ रुपए और बेड़ो के करमचंद भगत महाविद्यालय में 13 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले नये भवन की चर्चा करते हुए कहा कि समूचे मांडर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा क्षेत्र में आधारभूत संरचनात्मक विकास उनकी प्राथमिकता में सबसे ऊपर है।

# अमेरिका ओपन सुपर 300 : सिंधु और सेन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, शंकर भी जीते

एजेंसी



**काउंसिल ब्लफ्स (अमरीका) :** दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधु और लक्ष्य सेन ने सीधे गेम में जीत दर्ज करके यहां अमरीका ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूनामेंट के महिला और पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधु ने कोरिया की सुंग शुओ युन को 21-14, 21-12 से हराया। पिछले सप्ताह अपने कनाडा ओपन सुपर 500 खिताब जीतने वाले सेन ने चेक गणराज्य के जेन लोदा को 39 मिनट में 21-8, 23-21 से हराया। सिंधु का अगला मुकाबला चीन की गाओ फांग जी से होगा, जबकि पुरुष एकल में मुकाबला दो भारतीय के बीच होगा। तीसरी वरीयता प्राप्त सेन चेन्नई के 19 वर्षीय एस शंकर मुथुसामी से भिड़ेंगे। विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2022) के रजत पदक विजेता ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए इजराइल की मिशा जिल्बरमैन पर 21-18, 21-23, 21-13 से जीत दर्ज की। सिंधु को सुंग के खिलाफ ज्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ा। सिंधु ने शुरूआत में ही 7-2 की बढ़त बना ली और फिर इसे 13-5 कर लिया। सुंग ने इस अंतर को 11-14 करने में सफल रही लेकिन सिंधु ने इसके बाद अपने दमदार खेल से उनकी वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। सिंधु को दूसरे गेम की शुरूआत में सुंग से कड़ी टक्कर मिली। सुंग ने 5-3 की मामूली बढ़त हासिल की लेकिन सिंधु ने इसे 7-7 से बराबर किया और फिर 11-8 की बढ़त ले ली। स्कोर 16-12 होने के बाद सिंधु ने लगातार पांच अंक जुटा कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। सेन ने चेक गणराज्य के खिलाड़ी के खिलाफ पहले गेम में अपना दबदबा कायम किया। उन्होंने 6-1 की बढ़त लेने के बाद इसे बढ़ाकर 17-5 कर लिया। इसके बाद उन्हें इस गेम को जीतने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। सेन को हालांकि दूसरे गेम में 39 साल के खिलाड़ी ने कड़ी चुनौती दी जेन ने 8-5 की बढ़त लेकर सेन को चौंका दिया। उन्होंने अपनी बढ़त को 19-14 किया लेकिन सेन ने इसके बाद शानदार वापसी की। इस भारतीय खिलाड़ी ने स्कोर को 19-19 बराबर करने के बाद कुछ शानदार बचाव किये और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

## एशियाई चैंपियनशिप : तेजिंदरपाल तूर ने खिताब बरकरार रखा

**बैंकॉक।** भारतीय गोला फेंक एथलीट तेजिंदरपाल सिंह ने शुक्रवार को यहां एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखते हुए महाद्वीपीय सर्किट में अपना आधिपत्य स्थापित किया। हालांकि दूसरे थ्रो में सर्वश्रेष्ठ प्रयास के बाद वह लंगड़ाते हुए बाहर आए। एशियाई रिकॉर्डधारी तूर ने दूसरे थ्रो में 20.23 मीटर की दूरी पर गोला फेंका लेकिन इस प्रयास के बाद वह ग्रोइन' हिस्से में चोट से लंगड़ाते हुए बाहर आये। इसके बाद उन्होंने कोई थ्रो नहीं किया। ईरान के साबेरी मेहदी (19.98 मीटर) ने रजत पदक और कजाखस्तान के इवान इवानोव (19.87 मीटर) ने कांस्य पदक अपने नाम किया। पारूल चौधरी ने बड़े अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट में अपना पहला 3000 मीटर स्टीपलचेस खिताब हासिल किया जिससे भारत के स्वर्ण पदकों की संख्या पांच हो गयी। लंबी कूद की युवा एथलीट शैली सिंह ने भी पहली बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना पहला पदक रजत के रूप में हासिल किया।

## जोकोविच खिताब से महज एक कदम दूर

**लंदन।** इटली के यानिक सिनर को रोमांचक मुकाबले में 6-3, 6-4, 7-6 (7-4) से हरा कर मौजूदा चैंपियन नोवाक जोकोविच शुक्रवार को नौवीं बार विंबलडन के पुरूष एकल के फाइनल में पहुंच गये। सार्बिया का खिलाड़ी अब आठवीं बार विंबलडन का खिताब जीतने से महज एक कदम दूर है। रविवार को खेले जाने वाले फाइनल में उनका मुकाबला विश्व के नंबर एक कार्लोस अल्काराज और रूस के तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव के बीच खेले जा रहे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।

## लैंगर बने लखनऊ सुपर जाइंट्स के मुख्य कोच

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कोच और बल्लेबाज जस्टिन लैंगर को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। एंडी फ्लावर का दो साल का अनुबंध समाप्त होने पर एलएसजी ने उनको टीम में योगदान के लिए धन्यवाद भी दिया। लैंगर को मई 2018 में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम का कोच नियुक्त किया गया था। उनके कार्यकाल के दौरान ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने एशेज श्रृंखला में इंग्लैंड को 4-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया था। लैंगर के कार्यकाल में साल 2021 में ऑस्ट्रेलिया ने पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप भी जीता था। इसके अलावा लैंगर के मार्गदर्शन में पर्थ स्कॉर्चर्स ने तीन बार बिग बैश खिताब भी जीता था।

## सहल अब्दुल समद मोहन बागान के लिए खेलेंगे

**कोलकाता।** स्टार मिडफील्डर सहल अब्दुल समद ने शुक्रवार को मोहन बागान क्लब के साथ पांच वर्ष का करार किया है। समद 2017 से केरला ब्लास्टर्स के साथ जुड़े थे वहीं इंडियन सुपर लीग के कप्तान और डिफेंडर प्रीतम कोटल केरला ब्लास्टर्स के लिये खेलेंगे।

## करीम की हैट्रिक, मगर जीता बांग्लादेश

**सिलहट।** करीम जनत की शानदार हैट्रिक के बावजूद अफगानिस्तान शुक्रवार को टी-20 के करीबी मुकाबले में बांग्लादेश से दो विकेट से हार गया। बांग्लादेश की जीत में तौहीद हिरदोय (47 नाबाद) और शमीम हुसैन (33) की जानदार पारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# भारत ने 421/5 पर पारी घोषित की, इंडीज पर 271 रन की लीड, जयसवाल व रोहित का शतक

एजेंसी

**डोमिनिका।** डोमिनिका के मैदान पर विंडीज टीम को पहले टेस्ट की पहली पारी में 150 रन पर ऑलआऊट करने के बाद भारतीय युवा स्टार यशस्वी जयसवाल (171) और कप्तान रोहित शर्मा (103) के शतकों की बदौलत भारतीय टीम ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। टीम इंडिया ने पांच विकेट पर 421 रन बनाकर पारी घोषित कर दी है। टीम के पास अब 271 रन की लीड है। पारी घोषित होने तक रविंद्र जडेजा 37 तो ईशान किशन 1 रन बनाकर खेल रहे थे।मुंबई के 21 वर्षीय खिलाड़ी का जादू विंडसर पार्क की पिच पर सिर चढ़ कर बोला जिसका मेजबान गेंदबाजों के पास कोई तोड़ नहीं था। दूसरे छोर पर कप्तान रोहित शर्मा ने अपने टेस्ट करियर को 10वां शतक बनाया। वेस्टइंडीज ने दूसरे सत्र में दो विकेट चटकाए मगर उनके गेंदबाज मेहमान टीम को बड़ी लीड हासिल करने से नहीं रोक सके। पहले सत्र में पिच से टर्न और उछाल मिलने के चलते वेस्टइंडीज के स्पिनरों ने रोहित और जयसवाल को खुल कर खेलने का मौका नहीं दिया। भारतीय बल्लेबाज 32 ओवरों में केवल 66 रन ही बना सके। इस बीच जयसवाल केवल एक चौका लगाने में सफल रहे और उन्होंने अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। दूसरे घंटे में स्पिनरों का दबदबा रहा और उन्होंने टर्न और बाउंस से भारतीय सलामी बल्लेबाजों को परेशान किया। इस बीच राखीम कोरवाल की एक गेंद जायसवाल के बल्ले के बेहद करीब से गुजरी मगर डीआरएस ने मुंबईकर को राहत दी। राखीम एक बार फिर दुर्भाग्यशाली रहे जब रोहित ने एक उछाल लेती गेंद को बैकवड 'स्क्वायर लेग पर हवा में फेंका मगर वह कैच आउट होने से बच गए।

लंच के बाद जयसवाल ने मैदान के चारों ओर आकर्षक शाट्स लगाये और टेस्ट डेब्यू पर शतक बनाने वाले 17 वें भारतीय बल्लेबाज और तीसरे भारतीय सलामी बल्लेबाज बनने का गौरव हासिल किया। रोहित के साथ उनकी 229 रनों की साझेदारी भी वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ ओपनिंग साझेदारी थी। विदेशी जमीन पर एक ही पारी में दोनों भारतीय सलामी बल्लेबाजों द्वारा शतक बनाने का केवल छठा उदाहरण है। शतक पूरा करने के बाद रोहित अपना विकेट गंवा बैठे वहीं नए बल्लेबाज शुभमन गिल जोमेल वारिकन की गेंद पर दूसरी स्लिप में कैच आउट हो गए। जायसवाल के 171 रन पर आऊट होने के बाद अजिंक्य रहाणे भी सस्ते में पवेलियन लौट गए। इसके बाद विराट कोहली ने रविंद्र जडेजा के साथ मिलकर स्कोर 400 तक पहुंचाया। लंच के बाद मैदान पर उतरे कोहली लय से भटक गए। उन्हें कॉर्नवाल ने 76 रन के स्कोर पर पवेलियन का रास्ता दिखाया।

## कोहली ने सहवाग को छोड़ा पीछे टेस्ट क्रिकेट में 2 बड़े रिकॉर्ड दर्ज

भारत ने अपने आइसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र की शुरूआत 12 जुलाई से विंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच के साथ की। विंडीज की पहली पारी 150 रनों पर सिमट गई, जबकि भारत ने पहली पारी में शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल के दूसरे दिन की समाप्ति तक 2 विकेट खोकर 312 रन बना लिए। इस बीच यशस्वी जायसवाल ने नाबाद 143 रन तो रोहित शर्मा ने 103 रन बनाए। वहीं विराट कोहली के नाबाद 36 रन रहे। कोहली ने इस दौरान अपने नाम 2 बड़े रिकॉर्ड अपने नाम करते हुए वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ दिया।

### पूरे किए 8500 टेस्ट रन

विराट कोहली पिछले कुछ समय से टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ लय में नहीं हैं और विंडीज दौरा महत्वपूर्ण हो गया है। 8,479 रन के साथ, कोहली 8500 रन के आंकड़े से सिर्फ 21 रन दूर थे, लेकिन उन्होंने यह आंकड़ा हासिल कर अब टेस्ट में 8500 रन पूरे कर लिए हैं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले छठे भारतीय बन गए हैं।

**सहवाग से निकले आगे:** इसके अलावा कोहली टेस्ट में रनों के मामले में सहवाग से आगे निकल चुके हैं। पूर्व दिग्गज सहवाग ने 49.43 की औसत से 8503 रन बनाए हैं। कोहली को सहवाग से आगे निकलने और टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम के लिए पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के लिए 25 रनों की जरूरत थी।



## भारत के लिये मैच जिताऊ पारियां खेलना चाहता हूं : यशस्वी

**डोमिनिका।** पदार्पण टेस्ट में शतक जड़ने वाले मुबंई के यशस्वी जायसवाल ने इस उपलब्धि को अपने पिता को समर्पित करते हुये कहा कि उनकी शुरूआत बेहतर रही है और उनकी हमेशा ख्वाहिश रहेगी कि वह अपनी टीम के लिये मैच जिताऊ पारियां खेल सकें। पदार्पण टेस्ट में शतक लगाने वाले 17वें भारतीय बने यशस्वी ने दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा यह मेरे लिए एक भावुक पल था। मैंने अपनी बल्लेबाजी का पूरा लुत्फ उठाया। मैं अभी भी बल्लेबाजी कर रहा हूं तो मैं जितना हो सके उतना लंबा खेलने की कोशिश करूंगा। यह मेरे करियर की अभी बस शुरूआत है। जितना मैं अनुशासित और फोकस्ड रहूंगा, उतना ही मैं आगे जाऊंगा। तीसरे दिन भी मैं टीम को अच्छी शुरूआत देने की कोशिश करूंगा। मैं अपनी प्रोसेस और प्रैक्टिस पर विश्वास करता हूं। मुझे बस बीच में (क्रीज पर) जाना है और खेलते रहना है।

## धुल और हर्षित राणा चमके, भारत ए एसीसी एमर्जिंग कप के पहले मैच में जीता

**कोलंबो।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान यश धुल की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत भारत ए ने शुक्रवार को यहां एसीसी पुरुष एमर्जिंग कप के शुरूआती मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ए पर आठ विकेट की दमदार जीत दर्ज की। धुल (नाबाद 108 रन) ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया।दाएं हाथ के तेज गेंदबाज राणा (41 रन देकर चार विकेट) ने इस फैसले को सही साबित किया जिसमें आंध्र के तेज गेंदबाज नीतिश कुमार रेड्डी (32 रन देकर दो विकेट) और बायें हाथ के स्पिनर मानव सुथार (28 रन देकर दो विकेट) ने भी उनका बखूबी साथ निभाया। इससे यूएई ए की टीम निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर महज 175 रन ही बना सकी। भारतीय टीम के लिए यह लक्ष्य कोई मुश्किल खड़ी करने वाला नहीं था और उन्होंने जीत की औपचारिकता केवल 26.3 ओवर में दो विकेट पर 179 रन बनाकर पूरी कर ली। ग्रुप बी के इस मैच में बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद यूएई के खिलाड़ियों को भारत की सटीक और धारदार गेंदबाजी के खिलाफ रन जुटाने में काफी मुश्किल हो रही थी। अश्वंत वालथापा (46 रन), सलामी बल्लेबाज आर्यंश शर्मा (38 रन) और मोहम्मद फराजुद्दीन (35 रन) ही यूएई टीम के लिये योगदान करने वाले तीन खिलाड़ी रहे। जीत के लिए 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ए ने अपने दोनों सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (08 रन) और अभिषेक शर्मा (19 रन) के विकेट छठे ओवर के अंदर गंवा दिये, तब स्कोर 41 रन था। पर धुल और निकिन जोस (नाबाद 41 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 138 रन की अटूट साझेदारी कर आसान जीत सुनिश्चित की।

## सारण में बिजली का करंट लगने से युवक की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में बिजली का करंट लगने से एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रो ने यहां बताया कि मोगलहिंया पूरब टोला गांव निवासी रविंद्र राय (30) अपने घर के समीप गिरे विधुत तार की चपेट में आ गया। इस घटना में रविंद्र राय की करंट लगने से मौत हो गयी।

## ट्रैक्टर ने बाइक सवार को कुचला, एक की मौत

**सहरसा।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर-सहरसा मुख्य सड़क के बगरोली ढाला के समीप शुक्रवार को तेज रफ्तार से जा रही ट्रैक्टर ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाइक पर बैठे एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी व्यक्ति को सोनबरसा कचहरी के एक निजी क्लिनिक में इलाज जारी है। मृतक व्यक्ति सोनबरसा कचहरी थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव निवासी समोली मिस्त्री के पुत्र माधव मिस्त्री (32) है। जख्मी व्यक्ति की पहचान नहीं हो पायी है।

## नवादा में रेप पीड़िता को जान से मारने की धमकी

**नवादा।** नवादा के कौवाकोल थाना क्षेत्र के एक गांव की रेप पीड़िता न्याय की गुहार लगाने के लिए एसपी को आवेदन देने समाहरणालय पहुंची। किशोरी पीड़िता ने बताया कि मुझे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। 20 जून 2023 को गांव के एक युवक ने मेरे साथ रेप किया था। कौवाकोल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इस मामले में युवक को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था, लेकिन दुष्कर्म करने वाले युवक के भाई द्वारा लगातार धमकी दी जा रही है। इसी को लेकर एसपी को आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगा रही हूं।

## राज्य स्तरीय एटीएम ठग गिरोह का खुलासा

**पटना।** पटना के नौबतपुर पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर लोगों से ठगी करने वाले अंतर राज्य स्तरीय गिरोह के 4 सदस्यों को शुक्रवार को धर दबोचा है। पुलिस ने उनके पास से भारी मात्रा में एटीएम कार्ड, स्क्रैप मशीन, मोबाइल, कार जब्त किया है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार सभी सदस्य बिहार के अलावा झारखंड के कई जिलों में लोगों को लाखों रुपए का चूना लगा चुके हैं। पुलिस का मानना है कि इस गैंग के सदस्य बिहार और झारखंड के कई जिलों में सक्रिय हैं। पुलिस अब इनके पूरे गैंग को खंगालने में जुट गई है ।इसकी सूचना मिलते ही पुलिस में एक योजना के तहत वहां से चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवकों में सुधांशु कुमार (21), रवि भूषण शरण (39), बंटी कुमार (21), अभिषेक कुमार (21) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से विभिन्न बैंकों के 42 एटीएम कार्ड, एक एटीएम स्क्रैप मशीन, 4 मोबाइल और एक कार जब्त किया है।

## गोपालगंज में साइबर अपराधी गिरफ्तार

**गोपालगंज।** बरौली थाना क्षेत्र के संदली गांव में गोपालगंज और दिल्ली पुलिस ने संयुक्त कार्यवाई करते हुए अंतराष्ट्रीय साइबर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान पुलिस ने एक साइबर क्रिमिनल को गिरफ्तार किया। अपराधी के पास से पुलिस ने लैपटॉप मोबाइल समेत कई समान बरामद किए हैं। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। गिरफ्तार साइबर अपराधी की पहचान बरौली थाना क्षेत्र के संदली गांव निवासी मुजविल रहमान का पुत्र सलमान अली के रूप में की गई है।

## लव जेहाद की घटना को लेकर लोगो में आक्रोश

**पूर्वी चंपारण।** जिले के तुरकौलिया थाना क्षेत्र मे एक बार फिर लव जेहाद का मामला सामने आया है,जिसको लेकर लोगो में आक्रोश व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार एक गांव के एक हिन्दू लड़की को सरिसवा मुरारपुर गांव के एक मुस्लिम लड़ने ने प्रेम जाल में फंसाया और फिर उसके साथ प्यार का नाटक कर उसे भगाकर उसका धर्म परिवर्तन करवाया और उससे शादी कर ली।

# नीतीश सरकार में लाठीचार्ज बन गया नियम : पीके

एजेंसी

**पटना।** पटना में बीजेपी के विधानसभा मार्च पर लाठीचार्ज और भाजपा नेता की मौत मामले में बयानबाजी शुरू हो गई है। जदयू भाजपा के वार-पलटवार के बीच प्रशांत किशोर ने भी लाठीचार्ज को गलत बताया है। प्रशांत किशोर ने कहा है कि नीतीश की सरकार में लाठीचार्ज नियम बन गया है। सरकार ने एक फिक्स्ड पैरामीटर बनाया है कि लोगों को डाक बंगला चौराहा, बेली रोड, हड़ताली चौराहे पर घेरो और लाठियों से पिटवाओ। बस श्री कुमार या उनके मंत्रियों पर कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए।

### नित्यानंद राय ने सीएम नीतीश की तुलना जनरल डायर से की

केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नीतीश कुमार पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि जो काम जनरल डायर ने किया था, वही काम कल नीतीश कुमार ने किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि शिक्षकों, महिलाओं, किसानों और छात्रों पर लाठीचार्ज राज्य सरकार की तानाशाही मानसिकता को दिखाता है।

## जदयू ने कहा- विजय सिंह के साथ हमारी संवेदना, बेकार तूल दे रही भाजपा



इससे पहले जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने लाठीचार्ज पर कहा है कि सरकार का ऐसा कोई प्लान नहीं था। भाजपा मामले को अनावश्यक तूल दे रही है। जहानाबाद के मामले को जोड़कर प्रचारित कर रही। जो सही नहीं है। उन्होंने कहा कि विजय सिंह के साथ हमारी संवेदना है। विजय सिंह वहां पहुंच नहीं पाए और ये उनके साथ के एक व्यक्ति ने भी कहा। विजय सिंह वहां थे, ये साबित करें तो हम जानें। शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं है। ये भी साबित हुआ है। बैरिकेडिंग तोड़ने का वीडियो वायरल हुआ है। मिर्ची का पाउडर फेंकिएगा, कानून को तोड़िएगा तो कानून अपना काम करेगा ही। मणिपुर में क्यों नहीं बोल रहे हैं? कितनी हत्या हुई है? जनता सब जानती है। उनको भरोसा है।

## सांसद प्रिंस ने की राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग



राष्ट्रीय लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद प्रिंस राज ने शुक्रवार को विधानसभा मार्च के दौरान हुए लाठीचार्ज पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने बीजेपी नेताओं और कार्यकताओं पर हुए लाठीचार्ज की निंदा की है। साथ ही राष्ट्रपति से बिहार सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की है।

## 'विधानसभा मार्च' में हिस्सा लेने वाले भाजपा के 63 नेताओं पर केस दर्ज

**पटना।** भाजपा नेता विजय सिंह की बृहस्पतिवार को नीतीश कुमार सरकार के खिलाफ 'विधानसभा मार्च' में हिस्सा लेने के दौरान मौत हो गई, जिसके बाद पार्टी के नेताओं ने आरोप लगाया कि बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज उनकी मौत हुई है। इस पर बिहार की राजनीति गरमा गई है। वहीं, पटना में विधानसभा मार्च करने वाले भाजपा के 63 नेताओं पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी में प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा का नाम शामिल नहीं है। पुलिस ने जांच में और नाम को जोड़ने की बात कही।

### भाजपा ने पैसे देकर भीड़ जुटाई

इधर पटना में एक कार्यक्रम में श्रम संसाधन मंत्री सुरेंद्र राम ने भाजपा के विधानसभा मार्च को राजनीतिक साजिश बताया। कहा कि बीजेपी की तरफ से पैसे देकर प्रदर्शन के लिए भीड़ जुटाई गई थी। बीजेपी कार्यकताओं ने पुलिस की आंखों में मिर्ची पाउडर फेंका और पुलिस पर पथराव किया।

## तेजस्वी के इस्तीफा का सवाल ही नहीं



ललन सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव के इस्तीफा का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है। यह चार्जशीट 2017 में प्रशासनिक और संविधानिक संस्थाओं पर हुए नियंत्रण का परिणाम है। इस आरोप का कोई साक्ष्य मिला ही नहीं। जब 2022 में महागठबंधन बन गया तब फिर से ये लोग शुरू हो गए। चार्जशीट करते रहिए। ये तो रोज चार्जशीट कर रहे हैं। महाराष्ट्र में जिसके खिलाफ प्रधानमंत्री चार दिन पहले बोल रहे हैं, उसी को मंत्रिमंडल में शामिल कर रहे हैं।

## पटना लाठीचार्ज : भाजपा नेता की मौत के लिए जांच समिति गठित, रघुवर दास बने संयोजक

एजेंसी

**पटना/रांची।** बिहार विधानसभा मार्च के दौरान पटना पुलिस की ओर से लाठीचार्ज किया गया। इसमें बीजेपी के कई बड़े नेता घायल हो गए। वाई श्रेणी सुरक्षा प्राप्त सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को भी नहीं छोड़ा गया। उन्हें पुलिस की लाठी से सिर और बांह में चोट आई है। सिग्रीवाल को बोलने में परेशानी हो रही है। अन्य नेताओं को भी चोटें आई हैं। इस घटना में बीजेपी के कई नेता घायल हो गए। वहीं दूसरी ओर जहानाबाद के एक कार्यकर्ता विजय सिंह की मौत हो गई। उसके बाद बिहार सरकार की ओर से पुलिस की पिटाई से विजय सिंह की मौत की बात से इनकार किया गया। लाठीचार्ज को लेकर सियासत चरम पर है। सरकार की ओर से इस घटना की जांच के लिए जिलाधिकारी के स्तर पर जांच की जा रही है। दूसरी ओर ये भी कहा गया है कि विजय सिंह के शरीर पर किसी प्रकार के चोट का निशान नहीं था। उनकी मौत सदमे या किसी और वजह से हुई है। बीजेपी ये मानने के लिए तैयार नहीं है। बीजेपी की ओर से प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने आर्थिक सहायता की घोषणा की। उसके साथ ही विजय सिंह के परिवार को पार्टी की ओर से गोद लेने की बात कही गई। उधर, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने घटना की तीव्र निंदा करते हुए इस संबंध में एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। यह जांच समिति घटना की रिपोर्ट माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष को जल्द सौंपेगी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को इस जांच समिति का प्रमुख बनाया गया है। उनके साथ सांसद मनोज तिवारी, वीडी राम और सुनीता दुग्गल को कमेटी में सदस्य बनाया गया है।

## विधानसभा में भाजपा के हंगामे के करण सभा की कार्यवाही स्थगित

**पटना।** बिहार विधानसभा के मॉनसून सत्र के अंतिम दिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जोरदार हंगामे के कारण प्रश्नोत्तर काल नहीं हो सका और सभा की कार्यवाही तीन मिनट बाद ही दो बजे दिन तक के लिए स्थगित कर दी गयी। विधानसभा में सभाध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के आसन ग्रहण करते ही भाजपा के सदस्य गुरुवार को विधानसभा मार्च के दौरान लाठीचार्ज और इसी दौरान पार्टी के एक कार्यकर्ता की हुई मौत के विरोध में हंगामा करने लगे। भाजपा के सदस्य मुंह पर काला कपड़ा बांधे हुए थे और सदन के बीच में आकर सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे थे।

## सीएम नीतीश ने लाठीचार्ज पर कुछ भी बोलने से किया इंकार

**पटना (हि.स.)।** बिहार में गुरुवार को भाजपा नेता कार्यकर्ता और सांसदों पर विधानसभा मार्च के दौरान लाठियां बरसाई गई। इसके पार्टी के कई नेता बुरी तरह से घायल हो गए। अब इसको लेकर भाजपा के तरफ से जांच के लिए 4 सदस्य टीम ही बनाए दी गई है। इसी कड़ी में अब इस पूरे मामले पर बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने इस मामले में कुछ भी बोलने से फिलहाल कन्नी काट ली है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा नेताओं पर हुए लाठीचार्ज मामले में महज इतना ही कहा है कि- अरे जो हुआ वह बता देगा ना। सीएम ने अपने अधिकारियों की तरफ इशारा करते हुए यह बातें कही है। मतलब साफ है कि सीएम नीतीश कुमार इस मामले में खुद कुछ भी नहीं बोलना चाहते हैं। बिहार विधान मंडल के मानसून सत्र की



शुक्रवार को आखिरी बैठक थी। विधान परिषद की कार्यवाही समाप्त होने के उपरांत सीएम नीतीश कुमार बाहर निकल रहे थे तो पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि भाजपा नेताओं पर लाठीचार्ज किया गया है। जिसके जवाब में सीएम नीतीश कुमार ने अपने अधिकारियों के तरफ इशारा करते हुए कहा कि - जो भी होगा बता देगा।

स्पीड न्यूज

## तोपचांची : युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**तोंपचांची।** तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्राह्मणडीहा पंचायत के नेपईडीह गांव में एक युवक ने शुक्रवार को सुबह रस्सी के सहारे पेड़ से झूल कर आत्महत्या कर ली। युवक का नाम मनीष रजवार (23) है, जो नेपईडीह निवासी सुखदेव रजवार का पुत्र था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मनीष काम करने के लिए गुरुवार 13 जुलाई को खड़गपुर जा रहा था। ट्रेन छूट जाने के कारण वह नहीं जा सका। घर लौट कर रात में परिवार के साथ भोजन किया व छत पर सोने के लिए चला गया। सुबह जब परिवार के लोग उसे खोजते हुए छत पर पहुंचे तो वह नहीं मिला। उसके कुछ साथी फूल तोड़ने के लिए बाहर गए तो मनीष रस्सी के सहारे पेड़ से झूलता मिला। ग्रामीणों तथा पुलिस के मदद से शव को पेड़ से उतारा गया। तोपचांची पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है।

## 17 साल के किशोर का शव बरामद, हत्या की आशंका

**धनबाद।** शुक्रवार को धनबाद जिले के सुदामडीह थाना क्षेत्र के होल्ट तल्ला ग्राउंड के पास से एक 17 साल के युवक का शव बरामद किया गया है। शव की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव देखकर या प्रतीत होता है जैसे उसकी हत्या की गई है। सिर और चेहरे पर किसी धारदार हथियार से वार किया गया है ,वहां से काफी खून निकल रहा था। परिजनों ने भी हत्या की आशंका जताई है। परिजनों का कहना है कि युवक की हत्या कर शव को ग्राउंड में फेंका गया है। वही पुलिस मामले में 2 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि युवक अंकित कुमार सिंह होल्ट तल्ला ग्राउंड के पास का ही रहने वाला था पुलिस के द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बीएसएल में सेफ्टी मैनेजमेंट पर कांट्रैक्टर्स मीट

**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में कॉन्ट्रैक्टर्स सेफ्टी मैनेजमेंट पर कॉन्ट्रैक्टर्स मीट का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि ईडी संकार्य बीरेंद्र कुमार तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि ईडी वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी एवं ईडी कार्मिक एवं प्रशासन राजन प्रसाद उपस्थित थे। सीजीएम सुरक्षा अमरेंद्र झा ने स्वागत भाषण और जीएम ;सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवा आनंद रौतेला ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। सभी उपस्थित कॉन्ट्रैक्टर्स को कार्यस्थल पर सभी सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। संचालन एजीएम अग्निशमन सेवा कुमार रजनीश द्वारा किया गया।

## बोकारो जनरल अस्पताल में क्विज का आयोजन

**बोकारो।** बोकारो जनरल अस्पताल के कांफ्रेंस रूम में चिकित्सकों के लिए एक क्विज कार्यक्रम का आयोजन डॉ आशा कुमारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। बीजीएच के डीएनबी छात्रों के लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक इस क्विज में डॉ सोनिया सिंघल और डॉ स्मिता ने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का संचालन किया। अंत में सभी विजेताओं को एसीएमओ डॉ श्रवण कुमार के द्वारा पारितोषिक का वितरण किया गया।

## ट्रक लोडिंग में स्थानीय को मिले काम : चंदन महतो

**झरिया/भौरा।** झरिया विधायक नीरज पूर्णिमा सिंह के समर्थकों के द्वारा डी ओ लोडिंग मजदूरों से कराने के सवाल पर सैकड़ों समर्थकों ने बाइक जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल सभी समर्थक उच्च विद्यालय ग्राउंड में पहुंचे, जहां से महिला पुरुष युवक नीरज सिंह अमर रहे , पूर्णिमा सिंह जिंदाबाद के नारे लगाते हुए आउटसोर्सिंग परियोजना होते हुए क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष सभा की।

# आउटसोर्सिंग कंपनी का मजदूरों ने किया चक्का जाम, दिया धरना

**मजदूरों ने लगाया श्रम कानून के उल्लंघन का आरोप**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद/लोयाबाद।** बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या पांच अंतर्गत कनकनी कोलियरी में संचालित मेमर्स रामअवतार प्राइवेट लिमिटेड आउटसोर्सिंग कंपनी में शुक्रवार को 11 सूत्री मांगों को लेकर कंपनी में कार्यरत मजदूरों ने अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर दिया। इस दौरान प्रदर्शन व नारेबाजी कर धरने पर बैठ गए। आंदोलनरत मजदूरों ने बताया कि रामअवतार कंपनी पिछले डेढ़ वर्षो से लगातार श्रमिक शोषण सुरक्षा का अनदेखी एवम श्रम कानून का उलंघन कर कार्य कर रही है। वहीं कंपनी में कार्यरत मजदूर उमेश चौहान ने बताया कि झूठे आश्वासन देकर कंपनी के अंकित सिंह एवम सुनील सिंह के द्वारा थाना प्रभारी लोयाबाद के समक्ष विगत माह 9 अप्रैल को मौखिक समझौता किया गया था कि दो महीने के अंदर सभी मजदूरों का पहचान पत्र, हाई पावर कमिटी द्वारा वेतन भुगतान, बैंक खाते के माध्यम से वेतन भुगतान, फॉर्म वीए एवम फॉर्म डी में हाजरी, वीटीसी एवम पीएमई समयानुसार, श्रम कानून अंतर्गत पीएफ कटौती, सुरक्षा उपकरण, माइंस दुर्घटना बीमा, कार्यस्थल पर शुद्ध पेयजल, उत्खनन स्थल पर स्थायी एंबुलेंस की व्यवस्था एवम सालाना बोनस दी जाएगी। लेकिन 3 माह बीत जाने के बाद भी कंपनी के द्वारा मजदूरों के मांगो को दर किनार कर कार्य किया जा रहा है। जिसकी शिकायत कई बार बीसीसीएल अधिकारी से की गई है। हम मजदूरों की बात बीसीसीएल अधिकारी भी नहीं सुनते है। हम सभी कार्यरत मजदूर कंपनी के तानाशाही रवैया को देखते हुए अनिश्चितकालीन चक्का जाम करने को बाध्य हुए है। वहीं धरने पर बैठे मजदूरों ने एक स्वर में कहा कि रामअवतार आउटसोर्सिंग कंपनी हम मजदूरों का शोषण करना बंद करे और हमारी मांगों को पूरी करे,अन्यथा जब तक मांगो पूरा नही किया जाता,तो आगे अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन जारी रहेगा।

**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर इकबाल चौहान,उमेश कु. चौहान, मो सज्जाद अंसारी, सुकून महतो,दिलीप महतो. त्रिभुवन सिंह, राजेश प्रसाद, हरकु महतो, जितेन्द्र चौहान ,आशीष कुमार, महेन्द्र सिंह, सुदेश्वर चौहान, राकेश चौहान , मदन चौहान, महेश सिंह, करमू रजवार, उपेन्द्र नोनियाँ, बिरजु सोनी,सूरज ठाकुर, सूरज ठाकुर, असगर खान, अजय चौधरी, दीपेंद्र चौहान आदि मौजूद थे।

# झारखंड की तस्वीर बदलने को कृतसंकल्प

**बोकारो के नवाडीह में सीएम ने किया योजना का उद्घाटन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/नावाडीह।** लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद हमने झारखंड तो ले लिया, लेकिन तमाम संसाधनों और क्षमताओं के बाद भी झारखंड की गिनती पिछड़े राज्यों में होती है। अब हमारी सरकार इस राज्य की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए कृतसंकल्प है। उक्त उदगार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बोकारो के नवाडीह में योजनाओं के उद्घाटन, शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों के वितरण समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारी हर योजना और नीति जन आकांक्षाओं के अनुरूप है। स्कूली शिक्षा से लेकर विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए सरकार की योजनाएं हैं। इसी कड़ी में गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 15 लाख रुपए तक का एजुकेशन लोन न्यूनतम ब्याज दर पर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा। नियुक्ति पत्र वितरण करने का सिलसिला लगातार जारी है और यह आगे भी चलेगा। श्री सोरेन ने कहा कि सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है । मुख्यमंत्री पशुधन योजना इसी कड़ी का एक अहम हिस्सा है। मौके पर उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की मंत्री बेबी देवी ने कहा कि पूर्व मंत्री स्व जगरनाथ महतो जी के हर अधूरे सपने को पूर्ण करना है। नावाडीह में मॉडल डिग्री कॉलेज की स्थापना के उनके सपना को मुख्यमंत्री ने आज शिलान्यास कर पूरा किया है। राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त योगेंद्र प्रसाद महतो ने स्व महतो के परिवार के साथ आमजनों को साथ खड़ा रहने की अपील की। उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने विभिन्न कार्यों व योजनाओं के सफल संचालन की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर एक लघु फिल्म का भी संचालन किया गया तथा कई लाभुकों ने अपने अनुभव किए।



**कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद**

मौके पर उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की मंत्री बेबी देवीए राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त योगेंद्र प्रसाद महतोए मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, भवन-पथ प्रमंडल विभाग के सचिव सुनील कुमार, डीआइजी कन्हैया लाल, मयूर पटेल, डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी चंदन झाए डीडीसी कीर्तिश्री समेत जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सर्वाइकल कैंसर से आठ मिनट में भारत में होती है एक मौत

**कृष्णा मातृ सदन में कैंसर जांच शिविर कल**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** कैंसर बीमारी का एक ऐसा नाम जिसका नाम सुनते ही लोगों की जहन में डर पैदा हो जाता है। कैंसर से होने वाली मौतों में सबसे अधिक मौत सर्वाइकल कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर से होती है। जिसका मुख्य कारण है महिलाओं में जानकारी का अभाव होना, और अधिकांश महिलाएं शर्म के कारण अपने परिवार को अपने रोग के बारे में बता नहीं पाती है। इसलिए इस रोग से बचने के लिए सबसे जरूरी चीज है जागरूकता। इसलिए हमारी संस्था झारखंड कैंसर संस्थान के द्वारा समय-समय पर कैंसर जागरूकता शिविर लगाया जाता है। इसी कड़ी में दिनांक 16 जुलाई को रानी बाजार स्थित कृष्णा मातृ सदन में निशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया है। उपरोक्त बातें कतरास की प्रसिद्ध महिला चिकित्सक डॉ शिवानी झा ने अपने आवासीय कार्यालय में एक प्रेस वार्ता में कही। डॉ गायत्री सिंह ने बताया कि 16 जुलाई को कृष्णा मातृ सदन में ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, एवं सभी प्रकार के कैंसर का निशुल्क जांच किया जाएगा। जिसके लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। अगर किसी मरीज को कैंसर की बीमारी निकलती है तो हमारी संस्था द्वारा उनका इलाज भी किया जाएगा।

# सिंदरी के व्यापारियों को उन्हीं के क्षेत्र में बसाया जायेगा

**नोटिस प्राप्तकर्ता दुकानदार पीपी एक्ट कोर्ट में जायें**

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** केंद्र सरकार द्वारा जारी गैजेट के बाद सिंदरी के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसके लिए नोटिस जारी कर 18 जुलाई से पीपी एक्ट कोर्ट लगाया जा रहा है। हालांकि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिंदरी के शहरपुरा क्षेत्र के चिह्नित अतिक्रमणकारी व्यापारियों के लिए खुशी की खबर है। खबर है कि एफसीआईएल प्रबंधन हटिया से गुरुद्वारा तक सड़क किनारे 100 स्क्वायर फुट की भू मापी कर 254 दुकानें बनाने का प्रोजेक्ट तैयार कर चुका है। इसके बीच में 20 फीट की दो सड़क भी बनाने की योजना है।

**प्रबंधन कर रहा सकारात्मक पहल**

अतिक्रमणकारी व्यापारियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स एफसीआईएल प्रबंधन के साथ लगातार बैठक कर रहा है। शुक्रवार को प्रबंधन के साथ भी बैठक हुई। बैठक के बाद चेम्बर के सचिव दीपक कुमार दीपू ने बताया कि प्रबंधन सकारात्मक पहल की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रबंधन के अधिकारी वैकल्पिक व्यवस्था की ओर इशारा कर रहे हैं। परंतु लिखित देने में असमर्थता जता रहे हैं। एफसीआईएल दिल्ली मुख्यालय के आश्वासन पर स्थानीय प्रबंधन ऐसा कर रहा है।

**आज मिलेगी वार्ता की जानकारी**

उन्होंने कहा कि सिंदरी क्षेत्र के नोटिस प्राप्त व्यापारियों को उन्हीं के क्षेत्र में चिन्हित कर बसाया जाएगा। विस्थापन के लिए प्रबंधन सर्वेयर की मदद से रूपरेखा तैयार कर रहा है। चेंबर सचिव ने प्रबंधन से सुव्यवस्थित व्यापार के लिए आवंटित दुकानों की साइज पर विचार करने को कहा है। उन्होंने प्रबंधन से भूमि आवंटन करने पर एक डिजाइन देने का आग्रह किया है। उन्होंने दुकानदारों से अपील की है कि पीपी एक्ट कोर्ट में अपने दस्तावेज के साथ अवश्य जाएं और उन्हें अपनी पीड़ा से अवगत कराते हुए कागजात प्रस्तुत करें। सभी व्यापारियों से आग्रह किया है कि लड़ाई को तेज और धारदार बनाने के लिए शनिवार की शाम 3 बजे शहरपुरा शिव मंदिर प्रांगण में बैठक होगी। बैठक में चेंबर और एफसीआईएल प्रबंधन के बीच वार्ता की जानकारी दी जाएगी।

एक नजर में

## पौधों की जीवन रक्षा दर के लिए प्रोजेक्ट वाड़ी पुरस्कृत



**बोकारो।** नाबार्ड के 42वें स्थापना दिवस पर समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और नाबार्ड सीजीएम एसके जहागीरदार द्वारा वाड़ी लाभार्थी प्रतिनिधि राजेंद्र हेंब्रम, लाकिंदर मांझी और शैलेंद्र सोरेन को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। एनएबीसीओएन ने नाबार्ड को अपने जियो टैगिंग परिणाम प्रस्तुत किए, जिसमें यह देखा गया कि चास और चंदनक्यारी के प्रोजेक्ट वाडी के तहत क्षेत्र में राज्य के लगभग 50 वाडियों में पौधों को जीवित रखने की दर हासिल की है। वर्ष 2021-22 में शुरू हुआ प्रोजेक्ट वाडीएचास और चंदनकियारी ब्लॉक के 8 गांवों भागाबांध, हुटुपाथर, पारटांड, कुंवरपुर, नेपुरचक, आसनसोल, तेतुलिया और पश्चिम महल में अमल में हैं। ईएसएल ने बोरिंग और सोलर पैनल प्रदान करके सिंचाई सुविधाओं के माध्यम से किसानों का सहयोग किया है। ईएसएल द्वारा कार्यान्वित प्रोजेक्ट वाड़ी बाग आधारित गतिविधियों के साथ.साथए भूमिहीन आबादी को बेहतर आय सृजन के लिए पशुपालन और सूक्ष्म उद्यम विकास गतिविधियों से वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है।

# मिशन 2024 के लिए कांग्रेस कमेटी तैयार : संतोष

**झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे से कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह की मुलाकात**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष सिंह ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी आदरणीय अविनाश पांडे जी से दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में की मुलाकात। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने अपने कार्यकाल में जमीनी स्तर पर हो रहे पार्टी के कार्यो से उन्हें अवगत कराया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव मिशन 2024 को लेकर झारखंड प्रभारी से विशेष वार्ता हुई हैं। पहली बार जिला स्तर पर मंडल से लेकर पंचायत तक बुथ कमेटी का गठन किया जा रहा हैं, जिसमें क्षेत्रीय प्रभारियों की भी अहम भूमिका रही हैं। कहा कि संगठन में कुछ लोगों के द्वारा अनुशासनहीनता की जा रही हैं जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अनुशासन के ऊपर विशेष जोर देने के लिए भी ध्यान देने का आग्रह किया गया है ताकि आने वाले 2024 के चुनाव में धनबाद जिला से कांग्रेस पार्टी अपनी जीत दर्ज कर सके। जिसके बारे में भी प्रदेश प्रभारी को अवगत कराया गया हैं।

**धनबाद में कांग्रेस पहले से ही है मजबूत**

जिलाध्यक्ष ने कहा कि धनबाद जिले में कांग्रेस पार्टी पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हुई हैं। कांग्रेस अभी पुरे जिला सक्रिय हुई है। पंचायत और मंडलो में कांग्रेस का टीम कार्य कर रहा है। आने वाले समय में हमलोग सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं में सामंजस्य कर पार्टी को और भी मजबूत करने का काम करेंगे। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कंग्रेस पार्टी अब चौक से पंचायत की ओर जा रही है कांग्रेस कार्यकर्ताओ का मनोबल उंचा हुआ है पार्टी हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। श्री सिंह ने कहा अनुशासन का पाठ सिर्फ कार्यकर्ताओ पर लागू नही होगा। वरिष्ठ नेताओ को भी इसका ख्याल रखना चाहिए। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा पुराना कांग्रेस कार्यालय खुलवाए जाने कि मांग को लेकर धनबाद उपायुक्त कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा दिल्ली प्रवास से लौटने के बाद प्रत्येक प्रखंड मे आने वाले पंचायत कमिटी के पदाधिकारीगण का सम्मेलन किया जाएगा।

## जमशेदपुर चयन प्रक्रिया में भाग लेंगे एससीएसए के खिलाड़ी : अध्यक्ष

**सिंदरी।** भारत के केंद्र शासित प्रदेश पाण्डिचेरी में 28 जुलाई से आयोजित तीन दिवसीय 48 वें सबजूनियर बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए जमशेदपुर में ट्रायल सेलेक्शन किया जाएगा। आगामी 16 जुलाई को जमशेदपुर में ट्रायल सेलेक्शन के लिए सिंदरी सेंट्रल स्पोर्ट्स एशोसिएशन (एससीएसए) ने शुक्रवार को अपनी सेलेक्शन प्रक्रिया पूरी की। इसमें एससीएसए अध्यक्ष देबदास अधिकारी के दिशानिर्देश पर पांच युवा खिलाड़ियों का चयन हुआ। चयनित खिलाड़ियों में ओम कुमार, शशांक गुप्ता, मो आतिफ हुसैन, शंकर गोराईं शामिल हैं।

## पेज 1 का शेष

### भारत और फ्रांस नेचुरल पार्टनर : पीएम मोदी...

**सारे जहां से अच्छा' की धुन पर दल ने किया मार्च :** फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस समारोह के तहत आयोजित बैस्टिल दिवस परेड में शुक्रवार को सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा की धुन पर भारत की तीनों सेनाओं के एक दल ने परेड में हिस्सा लेकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों के साथ भारतीय वायुसेना (आइएएफ) के राफेल लड़ाकू विमान भी फ्लाईपास्ट' में शामिल हुए। इस मौके पर पीएम ने कहा, यह भारतीय और फ्रांसीसी दोनों संविधानों के केंद्रीय विषय 'स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे' के लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। इससे पूर्व पीएम मोदी ने बताया कि फ्रांस और भारत के बीच डिजिटल पेमेंट को लेकर एक समझौता हुआ है, जिसके तहत अब भारत के यूपीआइ से ही फ्रांस में पेमेंट किया जा सकेगा। इसकी शुरुआत जल्द ही एफिल टावर से की जाएगी।

**आपसी संबंध बढ़ाने को दोनों प्रतिबद्ध**

इस मौके पर मोदी ने ट्वीट किया- भारत, अपने सदियों पुराने मूल्यों से प्रेरित होकर, हमारे ग्रह को शांतिपूर्ण, समृद्ध और सतत बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं राष्ट्रपति मैक्रों ने ट्वीट किया- भारत के 1.4 अरब लोग एक मजबूत और विश्वसनीय भागीदार होने के लिए फ्रांस के हमेशा आभारी रहेंगे। यह संबंध और भी मजबूत हों। विश्व इतिहास में एक दिग्गज, भविष्य में निर्णायक भूमिका निभाने वाला, एक रणनीतिक साझेदार, एक मित्र। हमें 14 जुलाई की परेड में अपने सम्मानित अतिथि के रूप में भारत का स्वागत करने पर गर्व है। बैस्टिल दिवस का फ्रांस के इतिहास में एक विशेष स्थान है क्योंकि यह 1789 में हुई फ्रांसीसी क्रांति के दौरान बैस्टिल जेल पर हुए हमले की याद दिलाता है। इस समारोह का मुख्य आकर्षण बैस्टिल दिवस परेड होती है।

## नशा उन्मूलन के लिए ग्रामीण एकता मंच की सभा

**पुटकी।** कच्छी बलिहारी में देशवाली मंदिर प्रागण में नशा उन्मूलन महिला समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष सुन्दरी देवी के अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन किया गया।इस सभा मे मुख्यातिथि बाघमारा विधायक ढुलु महतो पहुंचे और सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के जाने माने लोकप्रिय नेता सुन्दरी देवी कर रही है।वह बहुत सराहनीय काम करती है। आपके हक की लड़ाई के लिए महिलाएं हमेशा तैयार रहेंगी।

# तंबाकू मुक्त अभियान को लेकर सहियाओं ने निकाली रैली



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** शुक्रवार को तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत आम जनमानस में तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता हेतु बाघमारा आंगनवाड़ी पोषक क्षेत्र में शहरी सहिया के द्वारा महिलाओं के साथ बैठक की गई जिसमें तंबाकू के दुष्प्रभाव तंबाकू की लत से अपने आप को आजाद करने के लिए तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र एवं टोल फ्री नंबर 1800.11.2356 के बारे में जानकारी दी गई तत्पश्चात जिला परामर्शी मोहम्मद असलम द्वारा उन्हीं महिलाओं के साथ मिलकर गांव के अंदर रैली निकाला गया ताकि आम जनमानस में तंबाकू के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूकता लाया जा सके रैली के पश्चात बोकारो जिला के शहरी सहिया कोऑर्डिनेटर सैफुल्लाह अंसारी द्वारा सभी महिलाओं को महिला बंध्याकरण एवं पुरुष बंध्याकरण के बारे में विधिवत रूप से जानकारी दी गई साथ ही गांव की महिलाओं को जागरूक किया गया कि चीन का परिवार कंप्लीट हो चुका है वह अपने पति को पुरुष नसबंदी के लिए प्रेरित करें इस बैठक में जिला परामर्शी मोहम्मद असलम शहरी सहीया कोऑर्डिनेटर सैफुल्लाह अंसारी पीएसआई से मनजरूर रहमान शहरी सहिया के साथ गांव की महिलाएं उपस्थित थी।

# जन्म-मृत्यु निबंधन विशेष जागरूकता रथ रवाना

**14 अगस्त तक चलेगा विशेष आभियान**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) श्री संदीप सिंह ने जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित 14 जुलाई 2023 से 14 अगस्त 2023 तक चलने वाले विशेष अभियान को लेकर आज समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ को रवाना करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। जहां जन्म प्रमाण पत्र आधार कार्ड, वोटर कार्ड सहित अन्य दस्तावेज बनाने में बहुत उपयोगी है वहीं मृत्यु के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र की अपनी महत्ता है। उन्होंने कहा जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर लोगों को जन्म एवं मृत्यु के निबंधन हेतु जागरूक करने का कार्य करेगा। 14 जुलाई 2023 से 14 अगस्त 2023 तक जिला स्तर एवं प्रखण्ड स्तर पर कोविड- 19 अवधि के दौरान छुटे हुए एवं अन्य छुटे हुए घटनाओं के शत-प्रतिशत निबंधन हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान जागरूकता हेतु एवं आमजनों में जन्म, मृत्यु की घटना के निबंधन के महत्व को समझाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार का कार्यक्रम चलाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि धनबाद में 256 पंचायत, 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा सदर अस्पताल, धनबाद नगर निगम, नगर परिषद चिरकुंडा एवं शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल एसएनएमएमसीएच को लेकर कुल 303 जगह पर जन्म एवं मृत्यु का निबंधन किया जा सकता है।

**कार्यक्रम में ये लोग थे शामिल**

इस अवसर पर अपर समाहर्ता (विधि व्यवस्था) कमलाकांत गुप्ता, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सह अपर जिला रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) महेश भगत, सहायक नगर आयुक्त सह रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) प्रकाश कुमार, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, सांख्यिकी पदाधिकारी परशुराम सिंह, मुलिन मरांडी, देवेन्द्र कुमार सिंह व बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

BEFORE : THE EXECUTIVE MAGISTRATE, DHANBAD
AFFIDAVIT

I SURENDER BHUIYA, S/O- Kalachand Bhuiya, aged about 38years, by faith- Hindu, by occupation-Labour, Adhaar No-32618094 8363, Resident of-Near Hanuman mandir Akash kinari Dhowda, PO,-Katrasgarh, PS-Katras, Dist-Dhanbad (Jharkhand) do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:- 1.That, JIGAR KUMAR date of birth.01.06.2013 is my minor son who lives with me.2. That in Adhaar card of my son his been mentioned as ARUN KUMAR, S/O - Shakuntala Devi which is wrong name. 3.That, in his School Admission Register my son's name records as JIGAR KUMAR, S/O sri Surender Bhaiya wich is correct name.4.That, the actual and correct name of my son is JIGAR KUMAR S/O- Sri Surender Bhuiya and his mother's name is Shakuntala Devi.5.That,I am affixing my son's colour photograph for proper identification.6.That,I am swearing this affidavit of submit it before the authority concern to change my son's name ARUN KUMAR and to insert the correct name as JIGAR KUMAR in my son's Adhaar Card and for needful purposes.

Advocate
Ashok Kumar
EN.No 2012/94

स्पीड न्यूज

# चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग 23 अगस्त को

## सफलता मिलने पर अमेरिका, पूर्व सोवियत संघ और चीन जैसे देशों के क्लब में शामिल होगा भारत

एजेंसी

**श्रीहरिकोटा।** भारत ने शुक्रवार को यहां एलवीएम3-एम4 रॉकेट के जरिए अपने तीसरे चंद्र मिशन-चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण किया। इस अभियान के तहत चंद्र सतह पर एक बार फिर सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास किया जाएगा। इसमें सफलता मिलते ही भारत ऐसी उपलब्धि हासिल कर चुके अमेरिका, पूर्व सोवियत संघ और चीन जैसे देशों के क्लब में शामिल हो जाएगा और यह इस तरह का कीर्तिमान स्थापित करने वाला विश्व का चौथा देश बन जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग 23 अगस्त को शाम पांच बजकर 47 मिनट पर किए जाने की योजना है।

पंद्रह साल में इसरो का यह तीसरा चंद्र मिशन है।गुरुवार शुरू हुई 25.30 घंटे की उलटी गिनती के अंत में एलवीएम3-एम4 रॉकेट यहां स्थित अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र के दूसरे लॉन्च पैड से आज अपराह्न 2.35 बजे निर्धारित समय पर धुएं का घना गुबार छोड़ते हुए शानदार ढंग से आकाश की ओर रवाना हुआ। इसरो के अधिकारियों के अनुसार, उड़ान भरने के लगभग 16 मिनट बाद प्रणोदन मॉड्यूल रॉकेट से सफलतापूर्वक अलग हो गया और यह चंद्र कक्षा की ओर बढ़ते हुए पृथ्वी से 170 किमी निकटतम और 36,500 किमी सुदूरतम बिंदु पर एक अंडाकार चक्र में लगभग पांच-छह बार पृथ्वी की परिक्रमा करेगा। एलवीएम3-एम4 रॉकेट अपनी श्रेणी में सबसे बड़ा और भारी है जिसे वैज्ञानिक फैट बॉय या बाहुबली कहते हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन पर लगभग 600 करोड़ रुपये की लागत आई है।प्रक्षेपण देखने के लिए मौजूद हजारों दर्शक चंद्रयान-3 के रवाना होते ही खुशी से झूम उठे और सफल प्रक्षेपण के बाद वैज्ञानिकों ने तालियां बजाईं। लैंडर के साथ प्रणोदन मॉड्यूल, गति प्राप्त करने के बाद चंद्रमा की कक्षा तक पहुंचने के लिए एक महीने से अधिक लंबी यात्रा पर तब तक आगे बढ़ेगा जब तक कि यह चंद्र सतह से 100 किमी ऊपर नहीं पहुंच जाता। इसरो के वैज्ञानिकों ने कहा कि वांछित ऊंचाई पर पहुंचने के बाद लैंडर मॉड्यूल चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग के लिए उतरना शुरू कर देगा। आज रवाना हुआ चंद्र मिशन 2019 के चंद्रयान-2 का अनुवर्ती मिशन है। भारत के इस तीसरे चंद्र मिशन में भी अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का लक्ष्य चंद्रमा की सतह पर लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग का है। सॉफ्ट लैंडिंग इस अभियान का सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा होगी। चंद्रयान-2 मिशन के दौरान अंतिम क्षणों में लैंडर विक्रम पथ विचलन के चलते सॉफ्ट लैंडिंग करने में सफल नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि सॉफ्ट लैंडिंग 23 अगस्त को शाम पांच बजकर 47 मिनट पर कराए जाने की योजना है। मिशन निदेशक एस मोहन कुमार ने कहा कि एलवीएम3 रॉकेट एक बार फिर इसरो का सबसे विश्वसनीय भारी प्रक्षेपण वाहन साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि हम राष्ट्रीय आवश्यकताओं के साथ-साथ उपग्रह संबंधी मांग को ध्यान में रखते हुए इस वाहन की प्रक्षेपण आवृत्ति बढ़ाने की प्रक्रिया में हैं। परियोजना निदेशक पी वीरमुथुवेल ने कहा कि प्रणोदन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल में बिजली उत्पादन सहित अंतरिक्ष यान के सभी मानक सामान्य हैं। जितेंद्र सिंह ने प्रक्षेपण को भारत के लिए गौरव का क्षण करार दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने श्रीहरिकोटा के द्वार खोलकर तथा भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को सक्षम करके इसे संभव बनाया है। इसरो के अनुसार, एलवीएम3एम4 रॉकेट सफलतापूर्वक छह जटिल अभियानों को अंजाम दे चुका है। यह भारतीय व अंतरराष्ट्रीय ग्राहक उपग्रहों को ले जाने वाला सबसे बड़ा एवं भारी प्रक्षेपण यान भी है।

### मिशन की मुख्य बातें

- पंद्रह साल में इसरो का यह तीसरा चंद्र मिशन है
- मिशन पर करीब 600 करोड़ रुपये हुआ खर्च : जितेंद्र सिंह

### मिशन का उद्देश्य

चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग का प्रदर्शन, चंद्रमा पर रोवर के घूमने का प्रदर्शन और इन-सीटू वैज्ञानिक प्रयोगों का संचालन। चंद्रमा की सतह पर पानी की उपस्थिति की खोज करने का श्रेय चंद्रयान की शृंखला में प्रथम अर्थात चंद्रयान-1 को दिया जाता है, जो दुनिया और सबसे प्रमुख अंतरिक्ष एजेंसियों के लिए एक नई खोज थी और यहां तक कि संयुक्त राज्य अमेरिका का नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) इस खोज से आकर्षित हुआ और उन्होंने अपने आगे के प्रयोगों के लिए इस इनपुट का उपयोग किया।



### ऐसा कीर्तिमान बनाने वाला विश्व का चौथा देश बनेगा

यदि इस बार इस मिशन में सफलता मिलती है तो भारत ऐसी उपलब्धि हासिल कर चुके अमेरिका, चीन और पूर्व सोवियत संघ जैसे देशों के क्लब में शामिल हो जाएगा और यह ऐसा कीर्तिमान स्थापित करने वाला विश्व का चौथा देश बन जाएगा।चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के बाद इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने मिशन नियंत्रण कक्ष (एमसीसी) से कहा कि रॉकेट ने चंद्रयान-3 को कक्षा में सटीकता के साथ स्थापित कर दिया।उन्होंने कहा कि बधाई हो, भारत! चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की ओर अपनी यात्रा शुरू कर दी है। हमारे प्रिय एलवीएम-3 ने पहले ही चंद्रयान-3 को पृथ्वी के चारों ओर सटीक कक्षा में स्थापित कर दिया है। और आइए हम चंद्रयान-3 को आगे की कक्षा में बढ़ाने की प्रक्रिया तथा आने वाले दिनों में चंद्रमा की ओर इसकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं व्यक्त करें।बाद में, संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 को चंद्रमा की कक्षा में पहुंचाने की कवायद एक अगस्त से किए जाने की योजना है।

### उपलब्धि के लिए इसरो को राष्ट्रपति ने दी बधाई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसरो को बधाई देते हुए कहा कि भारत ने अंतरिक्ष अन्वेषण में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित करते हुए चंद्रयान-3 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। इसरो टीम और इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए अथक प्रयास करने वाले सभी लोगों को हार्दिक बधाई। यह अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति के प्रति देश की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चंद्र मिशन की सफलता के लिए शुभकामनाएं।

### उपराष्ट्रपति ने प्रक्षेपण को असाधारण उपलब्धि बताया

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण पर शुक्रवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को बधाई देते हुए कहा कि यह असाधारण उपलब्धि अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान में भारत द्वारा की गई प्रगति को दर्शातीहै।

### गृह मंत्री अमित शाह ने वैज्ञानिकों को दी बधाई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण की शुक्रवार को सराहना की और कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों के अथक प्रयास ने भारत को एक उल्लेखनीय अंतरिक्ष यात्रा की पटकथा लिखने के रास्ते पर प्रेरित किया है, जिसका जश्न आने वाली पीढियां मनाएंगी।

## भूस्खलन की वजह से नाथुला का संपर्क अन्य हिस्सों से कटा

**गंगटोक।** भारी बारिश की वजह से हुए भूस्खलनों के चलते नाथुला दर्रा सहित उत्तरी और पूर्वी सिक्किम के कुछ हिस्सों का संपर्क मुख्य शहरों से कट गया है, जिसे बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जवाहरलाल नेहरु मार्ग से सटे 9 माइल इलाके में भूस्खलन होने से भारत और चीन को जोड़ने वाले नाथुला दर्रे का सिक्किम की राजधानी गंगटोक के अलावा त्सोमगो झील और बाबा मंदिर जैसे पर्यटन स्थलों से संपर्क कट गया।

## खड़गे ने इसरो के वैज्ञानिकों को दी बधाई

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को चन्द्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण पर खुशी व्यक्त करते हुए इसरो के वैज्ञानिकों को सफलता के लिए बधाई दी । श्री खड़गे ने कहा कि हमारे वैज्ञानिकों इंजीनियरों और चन्द्रयान-3 मिशन के सफल प्रक्षेपण में शामिल सभी लोगों की जबरदस्त प्रतिभा, समर्पण, कौशल और कड़ी मेहनत को धन्यवाद। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हमें आपमें से प्रत्येक पर बेहद गर्व है। कांग्रेस पार्टी इसरो की असाधारण टीम के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करती है। उन्होंने कहा कि भारत का चंद्र मिशन 2008 में चंद्रयान-1 के साथ शुरू हुआ जिसने चंद्रमा पर पानी के अणुओं की उपस्थिति की पुष्टि की। यह हमारे देश की एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी।

## नाइजीरिया में मुद्रास्फीति के कारण इमरजेंसी लागू

**अबुजा।** नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने देश में खाद्य सुरक्षा को खतरे में डालने वाली उच्च मुद्रास्फीति के कारण आपातकाल की घोषणा कर दी है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति के प्रवक्ता डेले अलाके ने अबुजा की राजधानी में एक प्रेस वार्ता में यह खुलासा किया। उन्होंने कहा कि श्री टीनुबू भोजन की बढ़ती लागत और यह नागरिकों को कैसे प्रभावित करता , इससे अनजान नहीं है। देश के सभी हिस्सों में सर्वाधिक नागरिक इस ज्वलंत समस्या से जूझ रहे हैं।

## मप्र में मिलेगा 42 फीसदी महंगाई भत्ता

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों को केंद्र के समान 42 फीसदी महंगाई भत्ता देने का ऐलान किया है। जो जनवरी माह से लागू होगा और इसी माह के वेतन में जुड़कर एरियर के साथ तीन किश्तों में देय होगा। एक जुलाई, 2023 तक सेवा के 35 वर्ष पूर्ण करने वालों को चतुर्थ समयमान वेतनमान भी मिलेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि हमारी सरकार सदैव कर्मचारी हितैषी सरकार रही है। हमने कर्मचारियों के हितों में अनेक क्रांतिकारी फैसले किए हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार 1.23 अरब डॉलर बढ़ा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात जुलाई को समाप्त सप्ताह में 1.23 अरब डॉलर बढ़कर 596.28 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.85 अरब डॉलर बढ़कर 595.05 अरब डॉलर रहा था।

## योगी ने कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मुख?यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दिल्ली-मेरठ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांवड़ यात्रा पर निकले शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा की।सहारनपुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के बाद योगी ने शुक्रवार को दिल्ली-मेरठ राजमार्ग पर पहुंचकर हजारों की तादाद में उपस्थित शिव भक्तों पर दोनों हाथों से पुष्प बरसाए।

## सुप्रीम कोर्ट के प्रवेश द्वार, आइटीओ और राजघाट पहुंचा यमुना का पानी



**नयी दिल्ली।** उफान पर बह रही यमुना नदी का पानी शुक्रवार को मध्य दिल्ली में उच्चतम न्यायालय के प्रवेश द्वार तक पहुंच गया जबकि दिल्ली सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के रेगुलेटर को नुकसान पहुंचने के कारण व्यस्त आईटीओ चौक और राजघाट जलमग्न हो गए जिससे हालात और बदतर हो गए हैं। यमुना में जल स्तर घटने लगा है लेकिन इंद्रप्रस्थ के समीप रेगुलेटर को नुकसान पहुंचने के कारण आईटीओ और आसपास के इलाकों में पानी भर गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और राजस्व मंत्री आतिशी ने मुख्य सचिव को रेगुलेटर को नुकसान पहुंचने के कारण दिल्ली में बाढ़ आने के खतरे को देखते हुए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) तथा सेना से मदद मांगने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ट्वीट किया कि इस नुकसान के कारण आईटीओ और आसपास के इलाकों में पानी भर गया। इंजीनियर पूरी रात काम करते रहे। मैंने मुख्य सचिव को सेना/एनडीआरएफ की मदद लेने का निर्देश दिया है, इसे फौरन ठीक करना होगा। आतिशी ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया कि सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण दल नाले पर मेड़ बना रहा है लेकिन पानी अब भी शहर में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर एनडीआरएफ और सेना की इंजीनियर इकाइयों से इस मामले में मदद करने का अनुरोध किया जाएगा। मुख्य सचिव को मुख्यमंत्री, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री तथा राजस्व मंत्री को हर घंटे की स्थिति पर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है।

### केजरीवाल ने सेना व एनडीआरएफ से मांगी मदद

## असम में बाढ़ से 67000 से अधिक लोग प्रभावित

**गुवाहाटी।** असम में ब्रह्मपुत्र सहित प्रमुख नदियों का जल स्तर कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर पहुंचने के कारण शुक्रवार को बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई तथा राज्य के 17 जिले में 67,000 से अधिक की आबादी प्रभावित हुई है। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के बुलेटिन के अनुसार, शुक्रवार को बाढ़ से 67,689 लोग प्रभावित हुए, जबकि इससे एक दिन पहले प्रभावित लोगों की संख्या 41,000 थी। शुक्रवार को बाढ़ के कारण किसी की मौत होने की सूचना नहीं मिली और कुल मृतक संख्या सात बनी हुई है। प्रभावित जिलों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है और इनमें बक्सा, बिस्वनाथ, बोंगाईगांव, चिरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, जोरहाट, कोकराझार, लखीमपुर, माजुली, नागांव, नलबाड़ी, शिवसागर तामुलपुर और तिनसुकिया शामिल हैं।

## बेटी के बलात्कार के दोषी पिता को उम्रकैद

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने आठ-वर्षीया बेटी के यौन शोषण के दोषी पिता को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए कहा है कि यह कृत्य मनुष्यता पर भरोसे का खून करने के समान है।

यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाली अदालत ने कहा कि दोषी (पिता) का अपराध रक्षक के भक्षक बनने का स्पष्ट मामला है। विशेष न्यायाधीश नाजिरा शेख ने बुधवार को आरोपी पिता को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) तथा पॉक्सो के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया। विस्तृत आदेश की प्रति शुक्रवार को उपलब्ध कराई गई।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि लगभग हर संस्कृति में पिता की भूमिका मुख्य रूप से एक संरक्षक, प्रदाता और अनुशासक की होती है। अदालत का मानना था कि आरोपी का कृत्य गंभीर और दुर्लभ है, और इसलिए यह पॉक्सो अधिनियम के प्रावधान के तहत आजीवन कारावास की निवारक सजा का पुख्ता मामला है।


### यह कृत्य मनुष्यता पर भरोसे का खून करने के समान : कोर्ट

## अजित पवार बने वित्त मंत्री, धनंजय को कृषि

**मुंबई।** राकांपा के नेता अजित पवार को शुक्रवार को महाराष्ट्र सरकार में वित्त और योजना विभाग सौंपा गया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कार्यालय से जारी बयान के अनुसार, पवार के आठ सहयोगियों को भी विभाग आवंटित कर दिये गये हैं। धनंजय मुंडे को कृषि विभाग की कमान दी गयी है, वहीं दिलीप वाल्से-पाटिल को सहकारिता मंत्री बनाया गया है। हसन मुशरिफ को चिकित्सा शिक्षा, छगन भुजबल को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, धर्मराव अत्राम को खाद्य एवं औषधि प्रशासन, संजय बनसोडे को खेल, अदिति तटकरे को महिला और बाल विकास तथा अनिल पाटिल को राहत, पुनर्वास और आपदा प्रबंधन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## 'देवघर से हरिहर चूड़िया लेले अईहा' रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी सुपरस्टार गुंजन सिंह का सावन स्पेशल सॉन्ग देवघर से हरिहर चूड़िया लेले अईहा ने रिलीज के साथ धमाल मचा दिया है। इस गाने को अब तक 5 लाख से अधिक लोगों ने भी देख लिया है और यह गाना तेजी से वायरल हो रहा है। इस गाने में एक बार फिर से भोजपुरी फीमेल म्यूजिक सेंसेशन शिल्पी राज की आवाज गुंजन सिंह के साथ दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। चाहे देवघर जा रहे श्रद्धालु हो या घरों में पूजा करने वाले शिव भक्त उनके बीच यह गाना तेजी से फैल रहा है और पसंद भी किया जा रहा है। इतना ही नहीं इस गाने पर श्रद्धालु शॉर्ट्स और रील्स भी बना रहे हैं। देवघर से हरिहर चूड़िया लेले अईहा की, तो यह गाना गुंजन सिंह के ऑफिशियल यू-ट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने को लेकर गुंजन सिंह ने कहा कि बाबा भोलेनाथ की महिमा अपरंपार है और उनकी भक्ति में यह एक मेरा छोटा सा गीत समर्पित है। उन्होंने कहा कि वह भगवान भोलेनाथ के परम भक्त हैं और हर साल में उनके लिए गाना गाते हैं जिसे शिवभक्त श्रद्धालुओं का खूब प्यार और स्नेह मिलता है। गुंजन कहते हैं कि इस बार भी हम भगवान शिव और उनके श्रद्धालुओं के लिए यह खूबसूरत प्यारा सा गीत लेकर आए हैं उम्मीद है सबों का आशीर्वाद और प्यार जरूर मिलेगा। इस गाने में भगवान शिव की महिमा का बखान किया गया है जिससे आप जरूर रूबरू होंगे लेकिन इसमें आपको नयापन देखने को मिलेगा



## सेंसेक्स पहली बार 66,000 पार, निफ्टी भी बनाया रिकॉर्ड

एजेंसी

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों में भारी लिवाली तथा विदेशी पूंजी प्रवाह जारी रहने से बीएसई सेंसेक्स पहली बार 66,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी अब तक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी से भी स्थानीय बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 502.01 अंक यानी 0.77 प्रतिशत उछलकर अबतक के उच्चतम स्तर 66,060.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 600.9 अंक चढ़कर 66,159.79 अंक के रिकॉर्ड स्तर तक भी चला गया था।नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 150.75 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की तेजी के साथ रिकॉर्ड 19,564.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 181.6 अंक उछलकर 19,595.35 अंक के उच्चतम स्तर तक भी चला गया था। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, टाइटन, मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक शामिल हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि जापान का निक्की नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में ज्यादातर में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को बढ़त में रहे थे। इस बीच, खाद्य, ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं के दाम में नरमी से थोक मुद्रास्फीति में जून में बड़ी गिरावट आई और यह शून्य से 4.12 प्रतिशत नीचे रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ह्यह्यअमेरिका में महंगाई दर में नरमी से निवेशकों में यह भरोसा जगा है कि नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि अर्थव्यवस्था की स्थिरता के लिये पर्याप्त होगी। संभावना बेहतर होने से पहली तिमाही के हल्के वित्तीय परिणामों के बावजूद आईटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली देखने को मिली। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, लगातार तीसरे महीने थोक मुद्रास्फीति में गिरावट से भी चौतरफा तेजी को समर्थन मिला।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक बृहस्पतिवार को लिवाल रहे और उन्होंने 2,237.93 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।



### इन कंपनियों के शेयरों में रही तेजी

सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज पांच प्रतिशत से अधिक और टेक महिंद्रा 4.51 प्रतिशत मजबूत हुए। इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, विप्रो, टाटा स्टील, नेस्ले, एशियन पेंट्स, लार्सन एंड टुब्रो और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

### सेंसेक्स 502 अंक उछलकर अबतक के शीर्ष स्तर पहुंचा
### निफ्टी भी 151 अंक के साथ रिकॉर्ड 19,564 पर हुआ बंद


वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !



एक महिला शादी के बाद नई घर-गृहस्थी में जाती है। वह सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक अनगिनत सबसे मुश्किल कामों को करती है। अगर हम यह कहें कि घर संभालना दुनिया का सबसे मुश्किल काम है तो शायद गलत नहीं होगा। दुनिया में सिर्फ यही एक ऐसा पेशा है, जिसमें 24 घंटे, सातों दिन आप काम पर रहते हैं, हर रोज क्राइसिस झेलते हैं, हर डेडलाइन को पूरा करते हैं और वह भी बिना छुट्टी के। सोचिए, इतने सारे कार्य-संपादन के बदलने में वह कोई वेतन नहीं लेती। उसके परिश्रम को सामान्यत: घर का नियमित काम-काज कहकर विशेष महत्व नहीं दिया जाता। साथ ही उसके इस काम को राष्ट्र की उन्नति में योगभूत होने की संज्ञा भी नहीं मिलती। जबकि उतना काम नौकर-चाकर द्वारा कराया जाता तो अवश्य ही एक बड़ी राशि वेतन के रूप में चुकानी पड़ती।

## हाऊसवाइफ का योगदान पुरुष से कमतर नहीं

# अर्थ की धुरी बनती महिलाएं

**ललित गर्ग**

एक महिला एक कंपनी में काम करती है। निश्चित अवधि एवं निर्धारित दिनों तक काम करने के बाद उसे एक निर्धारित राशि वेतन के रूप में मिलती है। उसके इस कार्य को और उसके इस क्रम को राष्ट्रीय उन्नति के योगदान के रूप में देखा जाता है। यह माना जाता है कि देश के आर्थिक विकास में अमुक महिला का योगदान है।

घर के लगभग सभी कामों का दायित्व एक महिला अपने ऊपर ओढ़ती है, फिर भी इस दृष्टि से नहीं सोचा जाता कि वह भी आर्थिक योगदान कर रही है। ऐसी महिलाएं घर की इनकम में सीधे कुछ नहीं जोड़ती, इसलिए उसके काम की कोई इकनॉमिक वैल्यू नहीं समझी जाती। जीडीपी के नाम से देश की दौलत का जो सालाना हिसाब लगाया जाता है, उसमें वही इनकम शामिल होती है, जिसमें पैसे का लेन-देन हुआ हो। यह कहने की जरूरत नहीं कि परिवार में एक हाउसवाइफ की क्या अहमियत होती है और उसके बिना समाज नहीं चल सकती, लेकिन उसके काम को अनउत्पादक समझ लिया जाना उसकी हैसियत को गिराता ही नहीं, बल्कि उसके अस्तित्व और अस्मिता को भी खत्म कर देता है।

इन दिनों हाऊसवाइफ के अस्तित्व को लेकर ऐसी व्यापक चर्चाएं हैं। सोशल मीडिया पर हाऊसवाइफ की सक्रियता से उन्हीं के बीच ऐसे प्रश्न उछलने लगे हैं कि क्या हाऊसवाइफ का परिवार, समाज और देश के प्रति योगदान नगण्य हैं? क्या हाऊसवाइफ का कोई अस्तित्व नहीं? क्या उसे आर्थिक निर्णय लेने का कोई अधिकार नहीं? क्या हाऊसवाइफ सिर्फ बच्चे पैदा करने और घर संभालने के लिए होती हैं? क्यों हाऊसवाइफ का योगदान देश के विकास में एक पुरुष से कमतर आंका जाता हैं? हाउसवाइफ को उनके काम के बदले सैलरी का प्रावधान होना ही चाहिए?

ये और ऐसे अनेक प्रश्न है जिन पर न केवल देश में बल्कि दुनिया में जागरूकता का वातावरण बन रहा है। इस विषय ने नारी जागृति एवं महिला सशक्तीकरण के अभियानों को भी आंदोलित किया है। ऐसी चर्चाएं होना, एक सकारात्मक वातावरण घरेलू महिलाओं को लेकर बनना और सरकार की सोच में भी बदलाव आना निश्चित ही नारी के अस्तित्व को धुंधलकों से बाहर लाने का प्रयास कहा जायेगा। साथ ही भविष्य एक बड़ी चुनौतीपूर्ण समस्या पर समय रहते मानसिकता को विकसित करने का वातावरण बनेगा।

> आज महिला ने भी अर्थ की धुरी बनकर दिखा दिया है। इन सकारात्मक स्थितियों के बीच उस महिला के संदर्भ में भी सोचना जरूरी है, जो वेतन तो नहीं पाती है, किंतु सुबह से देर रात तक घर का काम करती है। क्या आर्थिक सहयोग की श्रेणी में उसका योगदान नहीं है? प्रचलित मान्यताओं और आम धारणाओं पर हमें पुनर्चिंतन करना होगा। साथ ही सोच के नजरिये को सकारात्मक दृष्टिकोण में बदलना होगा।

सभी के सामने यह एक ज्वलंत प्रश्न है कि आखिर समाज और राष्ट्र की मान्यताएं क्या हैं? विकास का सही मायने में अर्थ क्या है? क्या नारी अस्मिता के सामने हमेशा प्रश्नचिन्ह लगा रहेगा? काफी समय पहले तक महिलाएं घर के बाहर कदम नहीं रखती थीं और यह धारणा थी कि परिवार की रीढ़ पुरुष होता है। पुरुष के कंधों पर ही परिवार का संपूर्ण अर्थतंत्र टिका होता है। उन्होंने उच्च शिक्षा की ओर कदम बढ़ाएं एवं बाहर के कार्यक्षेत्र को भी सफलतापूर्वक अंजाम देने में अपने परचम लहराए। वह स्वावलंबी बनी। कभी पुरुष अर्थ की धुरी माना जाता था। किन्तु आज महिला ने भी अर्थ की धुरी बनकर दिखा दिया है। इन सकारात्मक स्थितियों के बीच उस महिला के संदर्भ में भी सोचना जरूरी है, जो वेतन तो नहीं पाती है, किंतु सुबह से देर रात तक घर का काम करती है। क्या आर्थिक सहयोग की श्रेणी में उसका योगदान नहीं है? प्रचलित मान्यताओं और आम धारणाओं पर हमें पुनर्चिंतन करना होगा। साथ ही सोच के नजरिये को सकारात्मक दृष्टिकोण में बदलना होगा।

मान्यताएं देश, काल, परिस्थिति और वातावरण के अनुसार करवट लेती रहती है। समाज यदि इसके अनुकूल ढलता जाता है तो विकास को सही दिशा मिल जाती है। यदि ऐसा नहीं हो पाता है तो सब कुछ उल्टा-पुल्टा होता चला जाता है और विकास की जिस परिकल्पना को लेकर हम चल रहे हैं, वह उद्देश्य चूर-चूर हो जाता है।


हाउसवाइफ की घरेलू भूमिका और उसके आर्थिक मूल्यांकन का काम कई मोर्चों पर चल रहा है। हमारे देश में भी और बाहर भी। 2004 में एक हाइकोर्ट कह चुका है कि हाउसवाइफ की कम से कम वैल्यू रुपयों में माहवार निश्चित होना चाहिए। केरल में हाउसवाइफ के लिये मासिक भत्ते की मांग भी सामने आ चुकी है। बांगलादेश के वित्तमंत्री का मानना है कि हाउसकीपिंग की वैल्यू तय की जानी चाहिए। लेकिन बात इतनी ही नहीं है। हाउसवाइफ की वैल्यू तो निश्चित हो ही जायेगी लेकिन उससे बड़ा चिन्ताजनक प्रश्न हाउसवाइफ के अस्तित्व को ही समाप्त करने की मानसिकता से जुड़ा है।स्वीडन के जर्नलिस्ट पीटर लेटमार्क ने लेख में 'हाउसवाइफ होने का दाग' में अनेक चिंताजनक स्थितियों को प्रस्तुत किया है। इस लेख में घरेलू कामकाम की जटिल होनी स्थितियों और उनमें निष्क्रिय होती महिलाओं की भूमिका को उठाया गया है। उनका यह लेख न्यूयार्क टाइम्स में छपा है। स्वीडन और नॉर्वे में हाउसवाइफ कहलाना बेइज्जती माना जा रहा है, महिलाएं हाउसकीपिंग से तौबा कर रही है। ऐसा अकेले स्वीडन नॉर्वे में नहीं, भारत में भी हो रहा है। हालांकि यहां हाउसवाइफ अभी गायब नहीं हुई हैं और ऐसा होने में बरसों लग जायेंगे, लेकिन हाउसकीपिंग को अब पुराने जमाने की दकियानूसी मानकर नीची नजर से देखा जाता है। न्यू जेनरेशन की लड़कियां इसके लिए कतई तैयार नहीं है।

लिहाजा हम उन जटिल स्थितियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं, जहां हमारे लिये भी घरेलू काम-काज चुनौती बन कर प्रस्तुत होगा भले ही हम घरेलू महिलाओं के श्रम को आर्थिक मूल्य देने को तो तैयार हो जाये, लेकिन तब तक परिवार का यह महत्वपूर्ण सेक्टर खतरे में पड़ चुका होगा।

## भावनाओं के अथाह सागर में समायी है

# मां, ममता और महिला

समर्थता के साथ सार्थकता की पूंजी समेटे हुए, तरंग आभामंडल की भांति सौंदर्य की अनुपम कृति, जिसमें भावना का अथाह सागर भी समाया है तो सर्वस्व अर्पण करती हुई ममता का अंबर भी। जिसकी आराधना से आसक्ति के तिमिर मिटते जाते हैं, जिसके गीत भ्रमर गुंजन की भांति कानों की खनक बने हुए है, जो त्याग की प्रतिमूर्ति समान सहज, सुंदर, और यथार्थ के धरातल का आलोक भी है। जिसके कारण ही परम सत्ता के अनूठे सृजन का गौरव भी स्थापित होता है। वही जिसे लोग करुणामयी, सौभाग्यशाली, ममतामयी, मार्मिक और पूजनीय के नाम से पुकारते है, वहीं जो स्थापित सर्वस्व का आधारभूत स्तंभ है।



**अर्पण जैन 'अविचल'**

नारी सहजता का प्रतिमान है, वहीं जो स्वार्थ से परे केवल समाज का रंग है, लोग जिसे नारी, महिला, स्त्री, देवी, चपला, चंचला तमाम उपमानों से पुकारते हुए ईश कृति का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं, वहीं समाज के रंगों के एकत्रीकरण का तार्किक कारण भी है।


कहा भी जाता है कि जिसको बना कर परमात्मा भी स्वयं के हाथों को निहारते नहीं थका, और यकायक उसने भी स्वयं को धन्यवाद सहित उसे देवी के रूप में स्वीकार्यता देते हुए धरती पर असल सृजन का अधिकार दिया है। यकीनन ईश्वर की इस अनमोल कृति में हर संबंध, रिश्ते, भावना , समाज, संघर्ष, सत्ता और सर्वस्व है। सहज रूप से परमात्मा के अनूठे गौरव के स्वागत की परंपरागत हकदार केवल नारी ही है।

### एक दर्द यह भी

हर रूप में स्वीकारी जाने वाली नारी निर्बाध गति से संघर्ष भी करती है तो सृजन भी, इन्ही सब के बाद भी उपेक्षित-सी। 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' की आध्यात्मिक ताकत वाला राष्ट्र जिसकी रगों में नारी का सम्मान बसा हुआ है, किंतु दुर्भाग्य इस कलयुगी पौध का जो यौवन के मदमास में अपने गौरवशाली इतिहास की किताबों को कालिख पोतते हुए अपमान के नए अंगवस्त्र तैयार कर रही है, वो भूल गई 'यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्रफलाः क्रिया' अर्थात जिन घरों में स्त्रियों का अपमान होता है, वहां सभी प्रकार की पूजा करने के बाद भी भगवान निवास नहीं करते हैं।

अध्यात्मवाद के सहारे जिंदगी जीने वाले राष्ट्र की वैचारिक नस्ल तमाम सारे प्रयासों के बावजूद वही मानसिकता के बोझ के तले दबी हुई है जो उसे आज भी आजादी के पहले के हालातों से घेर कर कुत्सित रखती है।

बदलाव की आशा स्वयं से होकर गुजरती है, महज मानसिकता में बदलाव आवश्यकता है, वर्तमान में स्त्री कंधे से कंधा मिलकर तो चल ही रही है, बस पौरुष यदि थोड़ा-सा समय के साथ स्त्री को भी समाज की सार्थकता से रू-ब-रू करवाते हुए सम्मान दे दे तो सारी समस्याओं की जड़ ही समाप्त हो जाएगी।




> "जिसकी कल्पना मात्र से जीवन के अगणित अध्याय सिल-सिलेवार दृष्टिपटल पर नृत्य भैरवी का आव्हान करते हुए नाचनें लगते है, उस स्त्री का जरा-सा प्रकाश जड़ जीवन में चैतन्यता का बोध करा देता है, संसार की सामंजस्यता की अकेली यौद्धा, नमन-वंदन अभिनंदनीय है"



# सौंदर्य प्रसाधनों के सच से वाकिफ होना जरूरी

सौंदर्य निखारने के पुराने तौर-तरीके पिछड़ते जा रहे हैं। बाजार में कई तरह के नए सौंदर्य प्रसाधन बिक्री के लिए मौजूद हैं। इनके लुभावने विज्ञापन आम जनता को आकर्षित करते हैं। गोरेपन की क्रीम कई कंपनियां बना रही हैं। इसमें कई तरह के केमिकल्स मिलाए गए होते हैं। खुशबू के लिए भी अप्राकृतिक वस्तुएं मिलाई गई होती हैं।



**अनुष्का चौधरी**

सौंदर्य प्रसाधनों के प्रयोग से कौन परिचित नहीं है? सदियों से महिलाएं सौंदर्य प्रसाधनों का प्रयोग करती आ रही हैं। पुरातन काल में विविध वनस्पतियों के पत्तों और फलों का रस प्रयोग में लाया जाता था। हाथ और केश रंगने के लिए मेहंदी के सूखे या ताजे पत्तों को पीस कर पेस्ट बनाया जाता था, जो लाल या केसरिया रंग का होता था। उसी रंग को और गहरा बनाने के लिए उसमें नींबू का रस या दही मिलाया जाता था। चाय की पत्ती या कॉफी पाउडर मिलाने से भी मेहंदी का रंग और गाढ़ा बन जाता था। यह पेस्ट तीन से चार घंटों तक हाथ या केशों पर लगा रहने के बाद अपना रंग छोड़ता था, जिससे इसे पानी से साफ करने पर हाथ या केश, लाल या केसरिया रंग के नजर आते थे। यह प्रयोग, हाथों और केशों को सुंदरता प्रदान करता था। स्त्रियां इसे बहुत पसंद करती थीं। आज भी तीज-त्योहारों पर मेहंदी का खूब प्रयोग होता है। विभिन्न डिजाइनों के आविष्कार से मेहंदी के प्रयोग में बढ़ोतरी ही हुई है।

इसी तरह आंवले के ताजे फलों को पीस कर काला रंग उजागर किया जाता था। ये फल उबाल कर उसका गूदा हाथ से मसलने पर, हाथ पर काला रंग चढ़ जाता है। आंवला केशों को काला रंग प्रदान करने के लिए प्रयुक्त होता है। इससे त्वचा पर छाले, जलन, एलर्जी या अन्य किसी भी तरह का कोई बुरा असर पड़ता देखा नहीं गया है। होली में खेला जाने वाला केसरिया रंग कुछ दशक पहले तक केसूड़े के फूलों से तैयार किया जाता था, जो त्वचा के लिए बिल्कुल हानिकारक नहीं है और गांवों में आज भी इसका प्रयोग किया जाता है।

इसी तरह चेहरे पर निखार लाने के लिए हर तरह के उबटन पुरातन समय में भी बनाए जाते थे और आज भी प्रयोग में लाए जा रहे हैं। दूध, हल्दी का पाउडर, चंदन का पाउडर और दही को उचित मात्रा में मिला कर पेस्ट बनाया जाता है। इसे हाथ-पांव, चेहरे और गर्दन पर लगाया जाता है। कुछ समय बाद साफ पानी से धोकर अंग साफ किए जाते हैं, जिससे त्वचा नर्म-मुलायम बनती है, चेहरे पर निखार आता है और काले दाग-धब्बों से भी निजात पाई जा सकती है।

मगर अब सौंदर्य निखारने के पुराने तौर-तरीके पिछड़ते जा रहे हैं। बाजार में कई तरह के नए सौंदर्य प्रसाधन बिक्री के लिए मौजूद हैं। इनके लुभावने विज्ञापन आम जनता को आकर्षित करते हैं। गोरेपन की क्रीम कई कंपनियां बना रही हैं। इसमें कई तरह के केमिकल्स मिलाए गए होते हैं। खुशबू के लिए भी अप्राकृतिक वस्तुएं मिलाई गई होती हैं। रंग और चमक दिखाने के लिए भी केमिकल्स का ही प्रयोग किया जाता है। ऐसे गोरेपन की क्रीमों का इस्तेमाल कुछ समय बाद त्वचा के लिए हानिकारक सिद्ध होता है। चेहरा पहले से ज्यादा बेजान नजर आने लगता है। कुछ लोग एलर्जी से भी पीड़ित हो जाते हैं। कुछ लोगों के चेहरे पर दाग-धब्बे नजर आने लगते हैं, जो पहले नहीं थे। बाजार में बिकने वाले शैंपू भी सभी भरोसेमंद नहीं होते। विज्ञापनों में बालों को लंबा, सुंदर, काला और घना बनाने वाले शैंपू उल्टा असर भी दिखाते हैं। ऐसे उल्टा असर दिखाने वाले शैंपुओं के इस्तेमाल से बालों में असमय सफेदी और गंजेपन के शिकार भी बहुसंख्य लोग हुए हैं। यह भी शैंपू में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स, अप्राकृतिक रंग और अप्राकृतिक खूशबू की वजह से होता है। ऐसा नहीं कि सभी सौंदर्य प्रसाधनों की निर्माता कंपनियां गलत माल ही बेचती हैं। अच्छी त्वचा और केशों के लिए हानिकारक न हो, ऐसे उत्पाद भी बनाने वाली कई कंपनियां हैं। इसलिए किसी भी सौंदर्य प्रसाधन के इस्तेमाल से पहले उसमें इस्तेमाल होने वाले घटकों के बारे में जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। अच्छे और नामी उत्पाद की आड़ में नकली माल बेचने वाली फर्जी कंपनियां भी बाजार में मौजूद हैं, जो सस्ते दामों में सौंदर्य प्रसाधन उपलब्ध कराती हैं। देखने-परखने के बाद ही वस्तुओं की खरीदारी करें। अभी कुछ दिन पहले एक सहेली का दोपहर के समय फोन आया। वह घबराई हुई थी। उसने बताया कि एक नामी कंपनी की लिपस्टिक का इस्तेमाल उसने किया और उसके होठों पर जलन पैदा होने लगी है, जो बढ़ती ही जा रही है। मैंने उसे तुरंत ठंडे पानी से होंठ अच्छी तरह धोने और साफ नरम कपड़े से सुखा कर शुद्ध देसी घी लगाने के लिए कहा। 'ऐसा करने से उसे कुछ राहत महसूस हुई। मैंने उसे उपभोक्ता अदालत से संपर्क करने की भी सलाह दी, जिससे जांच हो और पता चल सके कि माल असली है या नकली।

मगर पत्र-पत्रिकाओं, टेलीविजन, इंटरनेट आदि पर सौंदर्य प्रसाधनों के प्रचार और उनके उपयोग का बाजार इस कदर व्याप्त है कि आमतौर पर लोग उनके दावों को सही मान लेते हैं। इन्हें जांचने-परखने का कोई विश्वसनीय और कारगर तंत्र न होने के कारण भी प्रसाधन सामग्री बनाने वाली कंपनियों को अपने उत्पादों के बारे में भ्रामक दावे करने का मौका मिलता है। सौंदर्य प्रसाधनों के प्रयोग में सावधानी बरतने की जरूरत है। वस्तुओं को देखने-परखने के बाद ही खरीदारी और प्रयोग करना उचित है।

